□□□ □□□□□□ □□□□□□□ 14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 1



# समाज जागरण

**समाज जागरण के 3 वर्ष पूरे होने पर हमारा संदेश**

## समाज जागरण अखबार के 3 वर्ष पूर्ण होने पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं!

समाज जागरण अखबार के 3 वर्ष पूर्ण होने पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं! यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और समाज जागरण के लिए यह एक गर्व का क्षण है। हमारे अखबार ने अपने पाठकों को सचेत रखने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का भरसक प्रयास किया है जो भविष्य में भी जारी रहेगा।

इस विशेष अवसर पर, समाज जागरण के पाठकों को धन्यवाद जिन्होंने अखबार को अपना समर्थन दिया है। आपके विश्वास और समर्थन ने अखबार को आगे बढ़ने में मदद की है। हम आपके साथ मिलकर समाज को और भी बेहतर बनाने के लिए काम करते रहेंगे।

समाज जागरण के इस तीन साल के सफर मे कई साथी मिले और कई विछड़े उन सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। जीवन के सफर मे हर कोई हमे कुछ न कुछ शिक्षा देने का काम किया है, जिससे समाज जागरण के इस तीन वर्षो मे मुझे मार्ग प्रशस्त करने मे सहायक रहा है। मै अपने उन तमाम साथियों को शुभकामनाएँ देना चाहता हूँ जो निरंतर मे समाज जागरण के सफर मे साथ दे रहे है।

साथियों पिछले तीन वर्ष मे जो अनुभव मिला है, उसमे मै एक बात कहना चाहता हूँ कि किसी भी संगठन, देश या राष्ट को समृद्धि के शिखर पर पहुँचाने के लिए टीम वर्क की जरुरत है। आज के पत्रकारिता और पत्रकार शायद इन बातो को समझने या समझाने मे अपना समय नष्ट नही करना चाहते है। लेकिन मै यह कहना चाहता हूँ कि संगठन बना लेना उतना महत्वपूर्ण नही है महत्वपूर्ण संगठित रहना है। इसका जीता जागता उदाहरण इजरायल है जो भले ही संख्या मे कम है लेकिन संगठित है। साथियों आज के समय मे पत्रकारिता करने के राह मे जो रोड़े है उसके लिए कही न कही हम पत्रकार ही जिम्मेदार है। आज हम कही न कही अपने दायित्वों से बचने की कोशिश करते है और घर बैठे कॉपी पेस्ट करके पत्रकार बनने की होड़ लगा हुआ है। हमे इन सब बातों से बचना होगा। हमे समाज के बीच मे जाकर उनके जमीनी हकीकतों को लिखना होगा तब जाकर ही समाज हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार होगा। शार्टकट की पत्रकारिता पत्रकारों के लिए ही एक विषम परिस्थितियो को तैयार किया है। इनसे भी बचना होगा। मै अपने तमाम पाठकों से भी अनुरोध करना चाहता हूँ कि एक ईमानदार पत्रकारिता के लिए आप सभी का सहयोग अति महत्वपूर्ण है क्योंकि पत्रकार हमेशा आपके लिए जीने की कोशिश करता है तो उसके बारे मे सोचना भी आप लोगों का ही दायित्व बनता है।

**अतः उन साथियों को कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ जो छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। समाज जागरण की ओर से पुनः आप सभी का आभार।**



समाचारपत्र के सफल तीन वर्ष होने की बहुत सारी बधाईयाँ, समाचार पत्रिका लोकतंत्र का चोथा स्तम्भ है और समाज, सरकार को आईना दिखाती है आप के द्वारा समाज मे फैले हुए भ्रष्टाचार और कुरीतियों को प्रकाशित कर, लोगों को जागरूक किया जाता है एक निष्पक्ष और निर्भीक पत्रिका को एक बार फिर से खुशी उन्नति केंद्र की तरफ शुभकामनाये, आपका, हमारा ये समाचार पत्र दिनों दिन उन्नति करे और आगे बढ़े, सरिता चंद, हेड इंचार्ज, **खुशी उन्नति केंद्र नोएडा**



समाज जागरण अखबार अपनी तीसरी वर्षगांठ मना रहा है पाठक के रूप दशहरा के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं, निष्पक्ष और निर्भीकता से समाचार प्रकाशन के लिए सभी संपादक पत्रकार बंधुओं को कोटी कोटी बधाई

**बैजनाथ प्रसाद सिंह शिक्षक, राजा गोपाल इंग्लिश अकादमी, नबीनगर (औरंगाबाद)**

**शुभकामना संदेश।**

दैनिक समाज जागरण के तीसरी वर्षगांठ पर मैं संपादक महोदय एवं सभी संवाददाताओं को दिल की गहराइयों से शुभकामना देता हूं। प्रकाशन शुरू होने के दिन से ही श्री अनिल कुमार संवाददाता नबीनगर के माध्यम से पाठक के रूप में इस अखबार से जुड़ गया था जो अभी तक जारी है। जल्दी और सटीक समाचार के लिए आपका अखबार प्रशंसा का पात्र है। धन्यवाद । **हाजी मुश्ताक अहमद। मीडिया प्रभारी पेंशनर समाज, नबीनगर औरंगाबाद बिहार।**



**पाठकों की विश्वसनीयता पर खरा उतरा है समाज जागरण।।**



हमारा प्रजातंत्र मजबूत बने और लोकतंत्र की जड़े गहरी हो,अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के कारण समाज जागरण अपनी निष्पक्ष,निर्भीक खबरों के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को उजागर करने में सहभागी बन अपनी माहिती भूमिका निर्वहन कर रहा है।तीसरी वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामना.. ओम प्रकाश सिंह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ( भाजपा) नबीनगर

दैनिक समाज जागरण अखबार के तीसरे स्थापना दिवस पर समूह से जुड़े सभी संपादक मंडल,पत्रकारों, कार्यरत साथियों एवम समाज जागरण अखबार के पाठको को हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई। यह अखबार अपने अल्प समय में ही पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग ही पहचान कायम करने में सफल रहा है।उम्मीद करता हूं कि अखबार से जुड़े सभी साथी अपनी निष्पक्षता और निर्भीकता से अपनी लेखनी द्वारा समाज के बुराइयों को उजागर करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेंगे।



**अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान रखने वाले दैनिक समाज जागरण ने आज अपने तीन वर्ष पूरे किए।जिसके लिए समाज जागरण से जुड़े सभी साथियों को शुभकामनो के साथ साथ आगे भी लोगो तक खबर पहुंचाने के लिए धन्यवाद देता हु।और भगवान से प्रार्थना करता हु इसी तरह समाज जागरण और सशक्त हो।



**शशि कांत सिंह प्रबधक संजय मेमोरियल ह्यूमन कालेज केराकत पुर वाराणसी**

**"दैनिक समाज जागरण"** अखबार के सफल प्रकाशन के तीन बर्ष पूर्ण होने और चौथे बर्ष में प्रवेश को लेकर, मेरी ओर से उत्साहवर्धक शुभकामनाएं प्रेषित हैं। स्वतंत्र भारत के चौथे स्तम्भ के रूप में, निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता, आज के समय में राष्ट्र की अति आवश्यक आवश्यकता बन चूकी है जिसका निर्बाध अनुपालन की कसौटी पर "दैनिक समाज जागरण" अबतक खरा उतरा है।आशा और अपेक्षा की जाती है कि राष्ट्र सेवा के अपने इस कर्तव्य पथ पर, अखबार का भविष्य और भी विस्तार लेते हुए अग्रसर होगा। प्रकाशक मंडल को ढ़ेरों बधाइयां एवं शुभकामनाएं।



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

पाठको के बीच सही खबर को पहुंचाने का कार्य कर रहे दैनिक समाज जागरण अखबार ने अपना तीन वर्ष पूरे कर लिए आज सम्पादक और अखबार से जुटे पत्रकार बंधु को हमारे तरफ से बधाई और आगे भी नई ऊर्जा से काम हो यही भगवान से प्रार्थना करता है।

**शुभम सिंह प्रबंधक डीआरएस पब्लिक स्कूल खेवली वाराणसी**



दैनिक समाज जागरण के तीन वर्ष पूरे होने पर मेरे तरफ से सभी पाठक एवं विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। समाज के हर खबर को उजागर करने वाले अखबार से जुड़े सभी लोग आगे भी इसी प्रकार से कार्य करते रहे यही शुभकामनाएं है।

**सी बी तिवारी (राजकुमार )**
**जिलाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन वाराणसी**



दैनिक समाज जागरण ने सफलता पूर्वक तीन वर्ष पूरे जिसके लिए अखबार से जुड़े सभी पत्रकार साथी को हार्दिक बधाई।

**मनीष कुमार पांडेय एडवोकेट प्रधान पुत्र भोपतपुर वाराणसी**



समाज जागरण ने सफलतापूर्वक अपने तीन वर्ष पूरे करने और अखबार जगत में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए पूरी टीम को हमारी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। अखबार के माध्यम से देश के कोने कोने से राजनीति,खेल और समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करता रहा हैं।आगे पूरे देश अपनी ख्याति छाए यही हमारी आशा है।

**राहुल सिंह पटेल मैनेजर अवादा फाउंडेशन वाराणसी**

**शुभकानमा संदेश**

पिछले तीन वर्षो से लगातार पाठको के बीच खबर का पहुंचने वाला



अपना दैनिक समाज जागरण अखबार के वर्ष गांठ पर सभी पाठको बंधुओ को मेरे तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। हम सभी आगे भी इसी प्रकार से खबर पढ़ने को मिलती रहे यही हम सभी को उम्मीद रहेगी।


**प्रणय सिंह समाज सेवी वाराणसी**

दैनिक समाज जागरण के तीन वर्ष पूरे पर समाज जागरण के पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हु।बहुत



कम समय में खबरों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना लेने में अखबार से जुटे सभी सदस्यों का कही योगदान दिखता है जिसके लिए सभी पत्रकार बंधुओ को धन्यवाद देता हु।


**डंपी तिवारी बाबा**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष मिशन समाज सेवा**



रोज सुबह जब समाज जागरण का अखबार का पीडीएफ मिलता है तो पढ़ने में बहुत आनद आता है।आज धीरे धीरे समाज जागरण ने अपना तीन वर्ष पूरे कर लिए जिसके लिए कठोर मेहनत करने वाले संपादक जी और पत्रकार बंधु को हमारी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। समाज जागरण से जुड़े सभी लोग स्वस्थ और मस्त रहे यही मनोकामना है हमारी।

**राजेश कुमार सिंह**
**खंड विकास अधिकारी**
**बड़ागांव वाराणसी**

9 अक्तूबर को अपना तीसरा स्थापना दिवस मना रहे दैनिक समाज जागरण ने बहुत ही कम समय में लोगो के बीच अलग पहचान बना लिया है जिसमे अखबार से जुड़े सभी साथियों का सहयोग रहा होगा और आगे भी इसी प्रकार कर कार्य कर अपने अखबार को खबरों के दुनिया में आगे ले जाने का प्रयास करे यही हमारी भगवान से कामना है।



**घनश्याम सिंह यादव**
**ग्राम प्रधान जग्गापट्टी वाराणसी**



दैनिक समाज जागरण को अपने कार्य मैं सफलता पूर्वक कार्य करते हुए तीन साल पूरे होने के लिए दिल से शुभकामनाएं देती हूं। दैनिक समाज जागरण की पूरी टीम को तहेदिल से बहुत बहुत धन्यवाद करती हूं। इसी तरह आगे भी समाज जागरण सफलता पाता रहे। और इसी तरह मैं हर साल आप की सफलता के लिए बधाई देती रहूं ।ऐसी चढ़ाइयां चढ़ते हुए शीर्ष तक पहुंच जाय। आप की -

**प्रियंका भारद्वाज**
**( एंकर - मॉडल - एक्ट्रेस ), चंडीगढ़**


आदरणीय पाठक बंधु मैं अभिनेत्री श्रेया दुलाल, आप सभी को बताते हुए बहुत खुशी हो रही है । कि दैनिक समाज जागरण अखबार क इ प्रदेशों स ा



प्रकाशित किया जा रहा है जो देश दुनिया की सामाजिक, राजनैतिक ,खेल, फिल्म संबंधित , जन बुनियादी समस्या इत्यादि समाचार आप तक पहुंचाने में दैनिक समाज परिवार निस्वार्थ भाव से निरंतर सेवा कर रहा है मैं दैनिक समाज जागरण का हमेशा आभारी रहूँगी जय हिन्द जय भारत

**आपकी अपनी अभिनेत्री श्रेया दुलाल , नेपाल**

मैं डॉक्टर प्रीतिका आदरणीय मित्रवत पाठक बंधु मुझे आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है ।कि दैनिक समाज जागरण पेपर कई प्रदेशों से निकल कर देश के सामाजिक सम्यक ज्ञान फिल्म समीक्षा नये कलाकारों के इंटरव्यू लगाकर उनको आगे बढ़ने का जनुन अपने अखबार दैनिक समाज जागरण देश की जनता तक निस्वार्थ पहुचाते है। इसके लिए आप के पूरी टीम को तहेदिल से बहुत बहुत धन्यवाद। आप की मॉडल,



**एक्ट्रेस डॉ प्रितिका बसुमाटरी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दैनिक समाज जागरण अखबार को बहुत-बहुत बधाई देती हूं। कि आज दैनिक समाज जागरण न्यूज पेपर को 3 वर्ष पूरा होने पर उनकी पूरी टीम को शुभकामना देती हूं। मैं सभी देशवासियों को यही प्रार्थना करती हूं । कि एक बार जरूर अखबार पढ़िए सच्ची खबर के साथ ।



**वानर राम सेना संघटना मुंबई महाराष्ट्र**
**महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष**
**माननीय श्रीमती साधना जी शर्मा**

समाज जागरण के निर्देशक और सभी सदस्यों को समाज जागरण के 3 वर्ष सफलता पूर्वक पुरे होने पर मेरी तरफ से तहे दिल से शुभकामनाएं । मेरी आशा है कि आगे और कई वर्ष की सफलता हासिल हो समाज जागरण और पुरे सदस्यों को , आप लोग ऐसे ही कड़ी मेहनत करते रहिए और समाज जागरण को और आगे ले के जाइए। आप की -




**सरिता श्रीवास्तव ( मॉडल / एक्ट्रेस - मुंबई )**

दैनिक समाज जागरण न्यूज पेपर को अपने प्रकाशन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर हमारी ओर से कोटि कोटि धन्यवाद देती हूं। और भविष्य में आशा करती हूं कि दैनिक समाज जागरण न्यूज पेपर पूरे भारत में अपनी कीर्तिमान स्थापित करें। आप की - **सपना पटेल, अभिनेत्री , मुंबई**





आदरणीय मित्रवत पाठक बंधु मैं निर्देशक निमार्ता प्रवीण कुमार साइन केयर प्रोडक्शन मुझे आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि दैनिक समाज जागरण कहीं प्रदेशों में अपनी दुनिया के राजनीति के सामाजिक और फिल्म की समीक्षा नए कलाकारों को अपने समाचार आप तक पहुंचाने का निस्वार्थ कार्यकर्ता है दैनिक समाज जागरण परिवार तुरंत समस्याओं का निस्तारण करके अपने पेपर के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य करता है मैं हमेशा दैनिक समाज जागरण 3 साल पूर्ण होने की हार्दिक बधाइयां दूंगा जय हिंद जय भारत साइन केयर प्रोडक्शन निमार्ता निर्देशक प्रवीण कुमार



मैं मुंबई से एक्ट्रेस इशिका सिंह आज बड़ी खुशी हो रही है कि दैनिक समाज जागरण न्यूज पेपर को तीन वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इसके उपलक्ष्य पर विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है। में दैनिक समाज जागरण न्यूज पेपर की पूरी टीम को तहेदिल से शुक्रिया अदा करती हूं। आप की चहेती एक्ट्रेस - इशिका सिंह, मुंबई

आदरणीय संपादक जी, मुंबई से एक्ट्रेस बलजीत विरक हमारे मित्र बॉलीवुड रिपोर्टर गिरजा शंकर अग्रवाल जी के द्वारा जानकारी के अनुसार आप के दैनिक न्यूज पेपर " समाज जागरण, त्रिवर्षीय वर्षगांठ पर आप को बहुत बहुत बधाई देना चाहती हूं। कि इसी प्रकार आप का दैनिक समाज जागरण न्यूज पेपर ऊंचाइयों तक पहुंचे। यही हमारी अभिलाषा है । **आप की चुलबुली एक्ट्रेस - बलजीत विरक, मुंबई**



दैनिक समाज जागरण अखबार को बहुत-बहुत बधाई देता हूं 3 वर्ष पूरा होने पर उनकी पूरी टीम को शुभकामना देता हूं मैं सभी देशवासियों को यही प्रार्थना करता हूं की एक बार जरूर अखबार पढ़िए सच्ची खबर के साथ



**वानर राम सेना संघटना मुंबई महाराष्ट्र**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन भाई जैन**

राधे राधे जय शिव बाबा की मंजिल उनको मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों में उड़ान होती है अपने आप को कभी कमजोर ना समझे कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती हार मानने वालों की कभी जीत नहीं होती । **आप की " सरोज सिंह ' एक्ट्रेस**



हिन्दी दैनिक
समाज जागरण
नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

# यादों के कारवां में अमर

# छलक पड़े आंसू...रतन टाटा के जाने का ऐसा गम मानो कोई अपना हमेशा के लिए हो गया जुदा



### रतन टाटा सर एक दयालु व्यक्ति थे।

वे हमेशा अपने देश के कल्याण के बारे में सोचते थे। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा हमारे साथ रहेंगे। ओम शांति



आज सुबह जब आप उठेंगे और अपना एसी (वोल्टास) बंद करेंगे और समय (टाइटन) देखेंगे तो आप काम पर जाने के लिए तैयार नहीं हो पाएंगे (वेस्टसाइड/जारा/जूडियो) और न ही एक कप चाय या कॉफी पी पाएंगे (टेटली/स्टारबक्स) और न ही गाड़ी चला पाएंगे (टाटामोटर्स) और न ही काम पर जाने के लिए उड़ान भर पाएंगे (विस्तारा/एआई) और न ही किराने का सामान (बिग बास्केट) या इलेक्ट्रॉनिक्स (क्रोमा) खरीद पाएंगे और न ही कॉल कर पाएंगे (टेलीकॉम) और न ही समाचार देख पाएंगे (टाटास्काई) और न ही बाहर खाना खा पाएंगे (ताज) और न ही कोई व्यवसाय कर पाएंगे (टीसीएस) और न ही एक अद्भुत इंसान और पेशे से आर्किटेक्ट को श्रद्धांजलि देंगे... जिन्होंने कई लोगों के जीवन को छुआ है और जिनकी कमी हमेशा खलेगी....



रतन टाटा जी एक दुर्दर्शी बिजनेस लीडर, एक दयालु आत्मा और एक साधारण इंसान थे। उन्होन भारत का सबसे पुराना और सबसे प्रतिष्ठित व्यापार घरानों में से एक को स्थिर नेत्रत्व प्रदान किया। साथ ही उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे आ गया था।अन्होन टाटा समुह और टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया.वे भारत की सबसे बड़ी कारोबारी कहानी, टाटा समूह, के 1991से2012 तक अध्यक्ष थे. अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक वे समुह के क्रियाकारी अध्यक्ष भी रहे.रतन टाटा जी के जाने से हमारे देश को काफी नुक्सान का सामना करना पड़ेगो

**R.J.D कार्यकर्ता पूनम यादव**



इनके बारे जितना बोले उतना कम होगा ,बहुत बड़े उद्योग पति गरीबों के लिए दानी थे कोरोना काल में बहुत मदद की भारत सरकार तथा भारत के गरीबों का इनहोने कहा था कि अगर जरूरी पड़ी तो मैं अपना सारा पैसा दान में दे दूंगा बहुत ही अलग किस्मत के या सरल स्वभाव के व्यक्ती थे **गोविंद मिश्रा,इंडियन आर्मी**

**दैनिक समाज जागरण**



देश के दिग्गज उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा जी के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनका निधन पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है।भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने में रतन टाटा जी की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच और असाधारण कौशल से दुनिया भर की पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

**दैनिक समाज जागरण**



रतन टाटा जी का जीवन एक उद्योगपति के साथ सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति विनम्रता और मजबूत प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। उन्होंने टाटा ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, पर्यावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में परोपकारी कार्यों की एक बड़ी श्रृंखला खड़ी की है।

**दैनिक समाज जागरण**

रतन टाटा जी का इस दुनिया से



जाना उन सभी के लिए अपूर्ण छती है जो उनको अपना ङ्क्ष' मानते थे, विश्वा ने एक महान उद्योगपति और महा दानवीर को खो दिया है जिनका भरपाई कोई नहीं कर सकता आज मुझे निजी तोर पे एहसास है ही हमने अपना रत्न खो दिया है इश्वर उन्हें श्री चरणों में आशीर्वाद दे'

**आदर्श कुमार,सदस्य भारतीय जनता पार्टी**



सोने के दिल वाला एक आदमी। रतन टाटा जी आपको हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जिसने वास्तव में परवाह की और हर किसी को बेहतर बनाने के लिए अपना जीवन जिया। फ्क्र्र सर डॉक्टर केतन वर्मा (मर्सी हॉस्पिटल) जमशेदपुर

देश के अनमोल रत्न - रतन टाटा जी के निधन पर गहरा शोक प्रकट करता हु, और उनके परिवारजनों,



टाटा समूह के सदस्यों और उनके प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती है तथा ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उन्हें क्या कोई 'भारत रत्न' देगा जो खुद एक भारत का रतन थे, रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजली। **संजय चौबे हरी ओम नगर आदित्यपुर**

## नि:संदेह भारत देश का अनमोल रत्न

### श्री रतन टाटा : सच्चा भारतीय ,सच्चा मानवतावादी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

**सचमुच थे भारत-रत्न, किया देश का नाम।**
**देशभक्ति के पुंज को, सौ सौ बार प्रणाम।।**

### श्री रतन टाटा के जीवन की सबसे बड़ी खुशी..!

"मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूं ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूं, तो मैं आपको पहचान सकूं और एक बार फिर आपका धन्यवाद कर सकूं।"

यह वाक्य रतन टाटा के जीवन का वह क्षण था, जिसने उन्हें सच्चे सुख का अर्थ समझाया। जब एक टेलीफोन साक्षात्कार में भारतीय अरबपति श्री रतन टाटा से रेडियो प्रस्तोता ने पूछा, "सर, आपको जीवन में सबसे अधिक खुशी कब मिली?" तब उन्होंने एक मार्मिक जवाब दिया।

जीवन के चार चरणों में खुशी की तलाश
रतन टाटा ने कहा, "मैंने जीवन में चार चरणों से गुजरा और अंततः मुझे सच्चे सुख का अर्थ समझ में आया।"
पहला चरण धन और साधन संचय करने का था। इस दौरान, मुझे वह खुशी नहीं मिली, जिसकी मुझे उम्मीद थी।
फिर दूसरा चरण आया, जब मैंने कीमती सामान और वस्त्रों को इकट्ठा करना शुरू किया। लेकिन मुझे जल्द ही यह एहसास हुआ कि इस सुख का प्रभाव भी अस्थायी है, क्योंकि इन वस्तुओं की चमक ज्यादा देर तक नहीं रहती।

तीसरा चरण तब आया जब मैंने बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हासिल किए। उस समय मेरे पास भारत और अफ्रीका में डीजल की आपूर्ति का 95% हिस्सा था, और मैं भारत और एशिया में सबसे बड़े इस्पात कारखाने का मालिक था। फिर भी, मुझे वह खुशी नहीं मिली, जिसकी मैंने कल्पना की थी।

**चौथा और निर्णायक चरण**

फिर चौथा चरण आया, जिसने मेरे जीवन की दिशा बदल दी। मेरे एक मित्र ने मुझे विकलांग बच्चों के लिए व्हीलचेयर खरीदने के लिए कहा। करीब 200 बच्चे थे। मैंने अपने दोस्त के अनुरोध पर तुरन्त व्हीलचेयर खरीदी। लेकिन मेरे मित्र ने आग्रह किया कि मैं उनके साथ जाकर खुद उन बच्चों को व्हीलचेयर भेंट करूं।

मैंने बच्चों को अपनी हाथों से व्हीलचेयर दीं और उनकी आंखों में जो खुशी की चमक देखी, वह मेरे जीवन में एक नया एहसास लेकर आई। उन बच्चों को व्हीलचेयर पर घूमते और मस्ती करते देखना ऐसा था, मानो वे किसी पिकनिक स्पॉट पर हों और किसी बड़े उपहार का आनंद ले रहे हों।

**जीवन बदल देने वाला पल**

जब मैं वापस जाने की तैयारी कर रहा था, तभी एक बच्चे ने मेरी टांग पकड़ ली। मैंने धीरे से पैर छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन उसने और जोर से पकड़ लिया। तब मैं झुककर उससे पूछा, "क्या तुम्हें कुछ और चाहिए?"

उस बच्चे का जवाब जीवन बदलने वाला था। उसने कहा, "मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूं ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूं, तो मैं आपको पहचान सकूं और एक बार फिर आपका धन्यवाद कर सकूं।"

**सच्चे सुख का अर्थ**

इस एक वाक्य ने न केवल रतन टाटा को झकझोर दिया, बल्कि उनके जीवन के प्रति दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल दिया। यह अनुभव उन्हें समझा गया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा में है, न कि भौतिक संपत्तियों में।

**जीवन का मर्म**

इस कहानी का मर्म यह है कि हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि जब हम इस संसार को छोड़ेंगे, तो हमें किस लिए याद किया जाएगा। क्या हमारा जीवन किसी के लिए इतना महत्वपूर्ण होगा कि वह हमें फिर से देखना चाहे? यही सबसे बड़ा सवाल है, जो हमें अपने जीवन के सच्चे उद्देश्य पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है।

रतन टाटाः 25 वर्ष से 87 वर्ष तक का सफर
रतन टाटा ने अपने जीवन के इस सफर में, 25 वर्ष से 87 वर्ष तक, आखिरकार सच्चे सुख का अर्थ समझा, जो निस्वार्थ सेवा में निहित है।

**विनम्र श्रद्धांजलि देश के सच्चे भारत रत्न स्वर्गीय श्री रतन टाटा जी को**



**सादर प्रस्तुतकर्ता**
**मुकेश कुमार मीणा**
लेक्चरर पॉलिटिकल साइंस, सचिव ज्वाइंट एससी एसटी टीचर्स फ्रंट, डायरेक्टरेट ऑफ एजुकेशन, दिल्ली

**दैनिक समाज जागरण**



10 अगस्त 1996 को हमने टाटा स्टील में अपना जीवन शुरू किया।और आज तक सब कुछ बहुत अच्छा चल रहा है। आज रतन टाटा जी के निधन पर बहुत अफसोस है भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## "टाटा कह गए रत्न" बाई बाई सी यू कहने की अब जरुरत नही।

### शोक संदेश



रतन टाटा जी के निधन पर हजारीबाग जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा इंद्र नारायण कुशवाहा ने कहा कि भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन का अत्यंक दुखद समाचार प्राप्त हुआ। उन्होंने देश की ओद्योगिक प्रगति और सामाजिक विकास के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका दृष्टिकोण, समर्पण और व्यवसायिक कुशलता न केवल टाटा समूह को नई ऊंचाईयों तक ले गई बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।उन्होंने रोजगार सृजन, समाज के सशक्तिकरण और नवाचार के क्षेत्र मे अभूतपूर्व कार्य किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। भगवान उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें। भावपूर्ण श्रद्धांजलि




## मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूं ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूं तो मैं आपको पहचान सकूं और एक बार फिर आपको धन्यवाद दे सकूं।

**दैनिक समाज जागरण**

जब भारतीय अरबपति रतनजी टाटा से एक रेडियो प्रस्तोता ने टेलीफोन साक्षात्कार में पूछाः "सर, आपके जीवन का सबसे सुखद क्षण कौन सा है, क्या आप मुझे इसके बारे में बता सकते हैं"?
रतनजी टाटा ने कहाः "मैं जीवन में खुशी के चार चरणों से गुजरा और आखिरकार सच्ची खुशी का मतलब समझ गया।

पहला चरण धन और संसाधन संचय करना था। लेकिन इस स्तर पर मुझे उतना आनंद नहीं मिला जितना मैं चाहता था।

फिर आया कीमती सामान इकट्ठा करने का दूसरा चरण। लेकिन मुझे एहसास हुआ कि इसका असर भी अस्थायी होता है और कीमती चीजों की चमक ज्यादा देर तक नहीं टिकती.
फिर आया महत्वपूर्ण तीसरा चरण. उस समय मेरे पास भारत और अफ्रीका में 95% डीजल की आपूर्ति थी। मेरे पास भारत और एशिया की सबसे बड़ी स्टील फैक्ट्री भी थी। लेकिन यहां भी जैसे कल्पना किया थी वैसा सुख मुझे नहीं मिला.

चौथा चरण तब था जब मेरे एक मित्र ने मुझसे कुछ विकलांग बच्चों के लिए व्हील चेयर खरीदने के लिए कहा। वहां करीब 200 बच्चे थे. एक दोस्त के सुझाव पर मुझे तुरंत व्हील चेयर मिल गई।
लेकिन दोस्त ने जिद की कि मैं उसके साथ जाऊं और बच्चों को व्हीलचेयर खुद दे दूं।
मैं उनके साथ गया. वहां मैंने सभी योग्य बच्चों को अपने हाथों से



व्हीलचेयर दी। मैंने इन बच्चों के चेहरे पर एक अजीब सी खुशी की चमक देखी। मैं उन सभी को व्हीलचेयर पर घूमते और मौज-मस्ती करते हुए देखता रहाङ्कऐसा लग रहा था मानों सारे बच्चे पिकनिक स्पॉट पर पहुंच गये हों, मानों यह कोई जीत का जश्न हो।
उस दिन मुझे अपने अंदर सच्ची खुशी महसूस हुई।

जैसे ही मैं वहां से वापस जाने लगा तो एक लड़के ने मेरा पैर पकड़ लिया. मैंने धीरे से अपना पैर छुड़ाने की कोशिश की,
लेकिन उस लड़के ने जाने नहीं दिया और उसने मेरे चेहरे की तरफ देखा और मेरे पैरों को कस कर पकड़ लिया. मैंने झुक कर लड़के से पूछाः "क्या तुम्हें कुछ और चाहिए?" फिर उस लड़के ने मुझे जो जवाब दिया, उसने न सिर्फ मुझे चौंका दिया बल्कि जिंदगी के प्रति मेरा नजरिया पूरी तरह से बदल दिया। लड़के ने कहाः- "मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूं ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूं तो मैं आपको पहचान सकूं और एक बार फिर आपका धन्यवाद कर सकूं।"

उपरोक्त अद्भुत कहानी का सार यह है कि हम सभी को अपने अंदर झाँककर सोचना चाहिए कि इस जीवन, संसार और सभी सांसारिक गतिविधियों को छोड़ने के बाद क्या हमने कोई अच्छा काम किया है जो दूसरे हमें याद रखेंगे? कोई आपका चेहरा दोबारा देखना चाहता है, यह सबसे संतुष्टिदायक एहसास है।
भारत के कोहिनूर रतन जी टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि ।

## व्यापार मण्डल फूलपुर द्वारा उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण**

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता बाबतपुर,वाराणसी । भारत रत्न पदमश्री टाटा समूह के चेयरमैन व पदम् विभूषण से सम्मानित डा0 रतन टाटा के निधन पर गुरुवार को फूलपुर व्यापार मण्डल के पदाधिकारी और सदस्यो ने पौधरोपण व पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। व्यापारियों ने कहाकि जिस प्रकार रतन टाटा ने भारत के विकास को ऊर्जा देते रहे उसी प्रकार जब पौधा




बड़ा हो जाए तो पूरे भारत को ऑक्सीजन प्रदान करता रहे। वृक्षा-रोपण के दौरान फूलपुर वन वनसंरक्षक प्रभारी रमाशंकर यादव और फूलपुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल सपालू , भानू सेठ, सोनू सेठ, विक्की गोंड, संतोष अग्रहरी, कमलेश मोदनवाल, भरत जायसवाल, सोनू गुप्ता, अविनाश जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, शिवम अग्रहरी, जेपी पटेल, गोलू,अमित, राजू, शानू,कल्लू समेत अनेक व्यापारी रहे। ( फोटो )

## जमाना बड़े शौक से सुन रहा था

## हमीं सो गए दास्ताँ कहते कहते

मुंबई. देश और दुनियाभर में सम्मानित उद्योगपति रतन टाटा का गुरुवार शाम को पूरे राजकीय सम्मान और पारसी रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार कर दिया. इस मौके पर उद्योग जगत के साथ ही समाज के हर तबके लोग मौजूद थे. उन्होंने रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी. लोगों की आंखें नम थीं और सबके हाथ दुआ में उठे हुए थे. युवा से लेकर बुजुर्ग तक और आम से लेकर खास तक हर कोई गमगीन था. रतन टाटा सिर्फ इंडस्ट्रियलिस्ट ही नहीं थे, वह भारत और भारतीयता के प्रतीक थे. भारत के विकास यात्रा के सहयात्री थे. इससे भी बढ़कर देश के हित में सोचने वाले विजनरी आइकन थे.

रतन टाटा की मौत की खबर से कुछ लोग इतने आहत थे कि वे अपनी आंसुओं को रोक न सके. पास में खड़े लोग उन्हें ढाढस बंधाते हुए दिखे. उनको देखकर अन्य लोग भी भावुक हो गए. एक युवती को बेतहाशा रोते हुए देखा गया. रतन टाटा के इस यंग फैन का



वीडियो इंस्टाग्राम पर काफी वायरल हो रहा है. एक यूजर ने लिखा कि उन्हें अभी भी यकीन नहीं है कि रतन टाटा नहीं रहे. एक अन्य यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा कि रतन टाटा ऐसी हस्ती थी, जिनसे पूरी दुनिया में एक भी शख्स नफरत नहीं करता था. रतन टाटा के यंग फैन को इस कदर रोते हुए देख एक यूजर ने लिखा कि मौत जिंदगी की सच्चाई है, लेकिन जब यह आती है तो इसी तरह आती है.

## भारतीय किसान मजदूर यू.(सिंघानिया) ने रतन टाटा के स्वर्गवास होने पर शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

गुलावठी भारतीय किसान मजदूर यू.(सिंघानिया) ने रतन टाटा के स्वर्गवास होने पर शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें मौजूद प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी ने कहा कि रतन टाटा भारत के लिए एक बहुमूल्य रत्न थे जिनकी पूर्ति कभी नहीं की जा सकती साथ ही मंडल अध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने कहा श्री रतन टाटा जी का सम्पूर्ण जीवन देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को समर्पित था. वे सच्चे




अर्थों में देश के रत्न थे. भारत के प्रख्यात उद्योगपति, 'पद्म विभूषण' श्री रतन टाटा जी का निधन अत्यंत दुःखद है। वह भारतीय उद्योग जगत के महानायक थे। इसीलिए उनकी पूर्ति की जाने असम्भव ही नहीं नामुमकिन है जहा मौजूद सभी कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि दी जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र लाठर युवा जिला अध्यक्ष विजय तेवतिया जिला कोषाध्यक्ष संजू तेवतिया प्रदीप कुमार कनक सिंह, मनीष,जितेंद्र, सचिन, सुनील, मनोज, राजकुमार,लोकेन्द्र,दिलावर सिंह, आम्रपाल, संदीप, हरवीर आदि मौजूद रहे।



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

# समाज जागरण

दैनिक हिन्दी समाचार

RNI NO. UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 02 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया




सिद्धिदात्री नवम

## रमन के प्रयास

जहां हैं खबरों का संसार।
निष्पक्षता है इसका आधार।
यह समाज अब हो जागृत,
इसका मूल रहा है विचार।
एक लक्ष्य लेकर चल रहा,
ये मशाल लेकर जल रहा।
बिना फल की चिंता किए,
प्रातः काल ये निकल रहा।
निःस्वार्थ सेवा का अग्रज रहा,
कल-कल बहूधारा में ढल रहा।
रमन के प्रयासों को मिली गति,
साईं से होकर निकली हैं प्रति!
तभी तो हुई है आज यह प्रगति।
अथक प्रयासों का रहा यह रण,
3 वर्ष का हुआ "समाज जागरण"।

संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)
98260-25986

# चीन के पड़ोस में जाकर PM मोदी की दहाड़,

## बोले- 21वीं सदी भारत का, हम शांतिप्रिय, एक-दूसरे का करते हैं सम्मान

**विएंतियान (लाओस)**. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत ने अपनी साख को लगातार मजबूत किया है. पीएम मोदी फिलहाल आसियान समिट में हिस्सा लेने के लिए लाओस गए हैं. चीन के पड़ोसी देश में पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने एक बार फिर से इंडिया का रुख स्पष्ट किया है. उन्होंने आसियान के मंच से कहा कि 21वीं सदी अरएअठ और भारत का है. पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया के कई हिस्सों में टकराव की स्थिति लगातार बढ़ रही है, क्षेत्रीय संगठन और भारत के बीच सहयोग बेहद जरूरी है.

ASEAN के मंच से पीएम मोदी ने चीन को एक बार फिर से सीधा और स्पष्ट संकेत दिया है. पीएम मोदी ने कहा, ह्यहमलोग शांतिप्रिय देश हैं. हम एक-दूसरे की राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं. हमलोग अपने युवाओं के सुनहरे भविष्य के प्रति कमिटेड हैं. मेरा मानना है कि 21वीं सदी भारत और आसियान देशों का है.ह्न बता दें कि आसियान एशियाई देशों का एक प्रभावशाली संगठन है, जिसका लगातार विस्तार हो रहा है. इंटरनेशनल फोरम पर इसकी




धमक लगातार महसूस की जा रही है.

### पीएम मोदी ने जापान-न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यहां अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के साथ मुलाकात की, जिसमें उन्होंने बुनियादी ढांचे, संपर्क और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की. पीएम मोदी ने विएंतियान में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलाकात की. पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा पर लाओस की राजधानी में हैं. उन्होंने 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के अवसर पर जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री इशिबा से मुलाकात की और उन्हें उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए जापान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफलता की कामना की.

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात

पीएम मोदी ने  पर लिखा, ह्यप्रधानमंत्री इशिबा के साथ बहुत ही सार्थक बैठक हुई. मैं जापान का प्रधानमंत्री बनने के कुछ ही दिन बाद उनसे मिलकर खुश हूं. हमारी बातचीत में इंफ्रास्ट्रक्चर, संपर्क, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई. सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई.ह्न इशिबा को पिछले सप्ताह ही जापान का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था. उन्होंने फुमियो किशिदा की जगह ली है, जिन्होंने नए नेता के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था. ढटड ने कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने लाओस में भारत-आसियान शिखर सम्मेलन से इतर शानदार बातचीत की. उन्होंने टेक्नोलॉजी, सिक्योरिटी और लोगों के बीच संबंध समेत विभिन्न क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया.ह्न विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने विश्वसनीय मित्र और रणनीतिक साझेदार जापान के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जारी रखेगा.

# दशहरा से पहले योगी सरकार ने दी बड़ी सौगात

लखनऊ. उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को दशहरा से पहले योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है. यूपी में बिजली की दरें नहीं बढ़ेंगी. यूपी विधुत नियामक आयोग ने यूपीपीसीएल के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है. यूपी में पिछले लगातार 5वें साल भी नहीं बिजली दरें नहीं बढ़ेंगी और पहले से तय दर पर ही बिल की वसूली की जाएगी. ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है. कनेक्शन जोड़ने और काटने समेत कई मदों में शुल्क बढ़ोतरी के प्रस्ताव को भी नियामक आयोग ने खारिज कर दिया है. योगी सरकार ने इस वर्ष 17.5 करोड़ की सब्सिडी घोषित की है.
प्रदेश की बिजली कंपनियों ने बिजल दर बढ़ाने की मांग की थी लेकिन विद्युत नियामक आयोग उपभोक्ताओं को त्योहार



का तोहफा देते हुए लगातार पांचवीं साल बिजली दरें बढ़ाने से इनकार कर दिया. इतना ही नहीं निगमों की ओर से कनेक्शन काटने से लेकर जोड़ने और कई तरह के चार्ज को लेकर दिए गए प्रस्ताव दिए थे. नियाकम आयोग ने इन मांगों को भी खारिज कर दिया.
नियामक आयोग ने और भी अन्य प्रमुख फैसले लिए. इसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर कनेक्शन जोड़ने या काटने पर 50 रुपया प्रस्तावित शुल्क खारिज किया गया. एसएमएस के लिए 10 रुपया शुल्क लेने के प्रस्ताव को भी खारिज किया गया. उपभोक्ता तीन किलोवाट पर 3 फेज का कनेक्शन ले सकते हैं.
निगमों ने 11203 करोड़ का घाटा दिखाया गया था जिसे आयोग ने खारिज कर दिया. बिजली उपभोक्ताओं को और भी राहत प्रदान की गई है. बिजली कंपनियां बिजली उपभोक्ताओं का लोड मनमानी तरीके से हर तीन माह की रिपोर्ट के आधार पर नहीं बढ़ा सकेंगी. नई व्यवस्था के मुताबिक, लोड बढ़ाते समय एक साल की रिपोर्ट का अध्ययन किया जाएगा. उसी के आधार पर लोड बढाया जाएगा.

# 32वें माँ चामुण्डा देवी के विशाल मेले में 2100 दीपो से की गयी महाआरती

**ऐसा भक्तिमय वातावरण देख महिलाएं बोली - "पूरे आगरा में हमने ऐसा भक्तिमय कार्यक्रम आँखो से आज तक नहीं देखा था, यहाँ आने के बाद माता रानी के चरणों में से जाने का मन नहीं करता"जय माता दी"**



**दैनिक समाज जागरण**

आगरा,संजय सागर सिंह। 32वें माँ चामुण्डा देवी के विशाल मेले में राजा मंडी स्टेशन पर दैनिक यात्री व्यापार संघ पोला भाई ग्रुप द्वारा 2100 दीपो से महाआरती की गयी। दैनिक यात्री व्यापार संघ पोला भाई ग्रुप द्वारा आगरा के 11 अलग-अलग मंदिरों के महंतों के द्वारा माता रानी की महा आरती की गयी। साथ ही कार्यक्रम में मां काली एव राधारानी की भव्य झाकी का भी आयोजन किया गया। इस भक्तिमय वातावरण में राधारानी की झाकी के साथ महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। वही, महिलाएं बोली -पूरे आगरा में हमने ऐसा भक्तिमय कार्यक्रम आँखो से आज तक नहीं देखा था। यहाँ आने के बाद माता रानी के चरणों में से जाने का मन नहीं करता जय माता दी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 27 अक्तूबर के 'मन की बात' के लिए विचार किए आमंत्रित

**दैनिक समाज जागरण**

जैतो,10 अक्तूबर ( रघुनंदन पराशर ): प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए सभी को अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया है जिन्हें उन्होंने 27 अक्तूबर को सुबह 11 बजे 'मन की बात ' कार्यक्रम में शामिल करना है।।माननीय प्रधानमंत्री आपके लिए महत्वपूर्ण विषयों और मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री आपको उन विषयों पर अपने विचार साझा करने के लिए



आमंत्रित करते हैं जिन्हें उन्हें 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में संबोधित करना करना है।हमें उन विषयों या मुद्दों पर अपने सुझाव भेजें जिन पर आप चाहते हैं कि प्रधानमंत्री आगामी 'मन की बात' एपिसोड में बात करें। इस ओपन फोरम में अपने विचार साझा करें या वैकल्पिक रूप से, आप टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 भी डायल कर सकते हैं और प्रधान मंत्री के लिए अपना संदेश हिंदी या अंग्रेजी में रिकॉर्ड कर सकते हैं। रिकॉर्ड किए गए कुछ संदेश प्रसारण का हिस्सा बन सकते हैं। आप सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव देने के लिए 1922 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं और एसएमएस में प्राप्त लिंक का अनुसरण कर सकते हैं।और 27 अक्तूबर 2024 को सुबह 11:00 बजे 'मन की बात 'कार्यक्रम के लिए बने रहें। अपने सुझाव 25 अक्तूबर तक सायं 6.15 बजे तक दर्ज करवा सकते हैं।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्वर्गीय रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**रतन टाटा के निधन पर कपिल देव अग्रवाल ने जताया शोक**

मुजफ्फरनगर/लखनऊ 10 अक्टूबर 2024। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में आयोजित शोक सभा में उद्योग जगत के दिग्गज, स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिले के प्रमुख उद्योगपतियों, अधिकारियों और छात्रों ने एकत्र होकर उनके प्रति अपनी संवेदनाएं




व्यक्त कीं। कपिल देव अग्रवाल ने स्व. रतन टाटा के निधन को राष्ट्र के लिए अपार क्षति बताते हुए कहा कि रतन टाटा  का जीवन एक वटवृक्ष की भांति था, जो अपने साये में उद्योग, शिक्षा और सेवा के अनगिनत क्षेत्रों को पोषित करता रहा। उनका जाना एक ऐसा शून्य है, जिसे भर पाना असंभव है। उनकी सोच और दृष्टिकोण ने देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए हम सभी को उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना होगा। शोक सभा के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की। सभा के माहौल में एक गहरी संवेदना का अनुभव हुआ, जहां सभी ने रतन टाटा जी के प्रेरणादायक जीवन और उनके अतुलनीय योगदान को याद किया।

# नम आंखों से रतन टाटा को अंतिम विदाई...दुनिया भर से लोगों ने दी श्रद्धांजलि


मिस्त्री परिवार के साथ विवाद के अलावा रतन टाटा ने कई और लड़ाइयां भी लड़ीं। जब टाटा ने 1991 में समूह की कमान संभाली थी तब कई लोग उनके खिलाफ हो गए थे। भारतीय उद्योग जगत के सितारे और टाटा समूह के दिग्गज रतन टाटा को अंतिम विदाई देने के लिए राजनेता, सिने जगत के सितारे, उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां, पारिवारिक मित्र और कर्मचारी बड़ी संख्या में आज मुंबई में एकत्र हुए। 86 वर्षीय टाटा का बुधवार देर रात मुंबई में निधन हो गया था और आज राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत टाटा के भाई जिम्मी एन टाटा और सौतेले भाई नोएल टाटा भी मौजूद रहे। दुनिया भर से लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।
तिरंगे में लिपटे टाटा के पार्थिव शरीर को मुंबई पुलिस द्वारा बैंड के साथ कोलाबा के उनके घर से नरीमन पॉइंट में नैशनल सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (टाटा द्वारा स्थापित एक सांस्कृतिक केंद्र) ले जाया गया।





## समाज जागरण की ओर से आप सभी देशवासियों को शारदीय नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाएँ



# भाग-3 डुबते देश को बचाया चाय वाले ने

**दैनिक समाज जागरण**




हां तो पिछले अंक में हमने देखा कि देश की इकॉनामी को बैंक में ला तो दिया लेकिन सरकारी खजाने के 100 रुपये में एक पैसा भी खर्च नहीं




किया। अब इकॉनामी घुमना शुरू हो गया था। लेकिन पैसा तो पेंड़ पर उगता नहीं !सरकार किसी की हो,खजाने में पैसा टैक्स से हीं आता है। भारत में टैक्स तो था लेकिन पैसा सरकार के खजाने में नाम का हीं जाता था क्योंकि, यदि किसी व्यापारी की टैक्स लागत 10 लाख होती थी तो वो इंकमटैक्स, एक्साइज, कस्टम विभाग में 1 लाख चटा देता और बाकि वाइप आउट अर्थात मिटवा लेता जो उसका प्रोफिट मार्जिन होता। कांग्रेस की सरकार में टैक्स चोरों के लिए टैक्स एक रिवेन्यू स्ट्रीम था अर्थात व्यवसाय में नगद कमाई।

अगर उद्योगपति पर टैक्स 500 करोड़ है तो 100 करोड़ माताजी को डायरेक्ट या भाया चिदंबरम साहब को पकड़ा देता था और बाकी 400 करोड़ रिवेन्यू अर्थात बच गया। उनके नोटिसेज पिछे चले




जाते। लेकिन मोदी सरकार में पुरा टैक्स,गले में हाथ डाल कर वसूल लिया जाता है। याद है न!! 2017 तक कोई चीज आप खरीदते थे तो उस पर लिखा होता था -- इनक्लुसिव ऑल टैक्सेज अर्थात सभी करों को जोड़ कर। जिसमें 33 तरह के टैक्स जुड़े होते थे लेकिन ये सभी टैक्स कभी सरकार के खाते में नहीं जाते थे। इसका अधिकांश भाग,बाबु लोगों और नेताओं के जेब में चला जाता था। पैसा सरकार के खजाने में नहीं आयेगा तो काम कैसे होगा!! यहां मोदीजी ने हल निकाला। सारे टैक्सेज को मिलाकर जीएसटी बनाया जो 2017 में लागू हुआ।

टैक्स पेयर को परेशानी हुई क्योंकि पहले जो व्यवस्था थी उसमें टैक्स लायबिलिटी का कम से कम 60 प्रतिशत दायें-बायें कर लिया जाता था।अब वो खत्म हो गई। यदि लायबिलिटी 10 लाख है तो आपको 10 लाख टैक्स भरना है। नतीजा ये निकला कि अब सरकार के पास पैसा आना शुरू हो गया। अब तो डिमॉनेटाइजेशन अर्थात नोटबंदी और जीएसटी भी इम्पलिमेंट हो गया था। आज तो पोने दो लाख,दो लाख तक प्रति माह रिवेन्यू आने लगा है। सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर में खर्च करने लगी। रेल,रोड,कॉलेज, अस्पताल, एयरपोर्ट, आदि आदि



अनेकों विकास के काम शुरू हो गये। पैसा रोटेट होने लगा, बढ़ने लगा। किसानों की स्थिति सुधारने के लिए डीबीटी से किसान निधि,फसल बीमा, मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड, अनेक फसलों पर बढ़ाकर एमएसपी आदि तो सेना के लिए अनेकों आधुनिक अस्त्र-शस्त्र के साथ साथ सुरक्षात्मक सुविधायें उपलब्ध करायीं। जहां भारत अस्त्र शस्त्र बाहर से खरीदता था आज भारत,आधुनिक विकसित अस्त्र शस्त्र, स्वयं निर्माण और निर्यात कर रहा है।

मतलब जहां एक ओर अपने अन्नदाता को मजबूत किया वहीं अपने भारत की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया। अब सेना को गोलियों का हिसाब नहीं देना होता। दुसरी ओर से यदि एक गोली चली तो इधर से तब-तक गोली चलाने की छूट है जबतक दुश्मन,72 हूरों के आगोश में न चला जाय।


खुबी की बात है कि बदहाल अर्थव्यवस्था से विकास की छलांग लगा रहा भारत, मजबूत कैसे हो रहा है!!ये बात अंतरराष्ट्रीय कबाल अर्थात अंतरराष्ट्रीय वैसे देशों का दल जो भारत को गरीब देखने में हीं अपनी रुचि रखते हैं ताकि उनका कारोबार चलता रहे। इस अंतर्राष्ट्रीय कबाल को दो चीजें हजम नहीं हो रही थी। पहला कि मोदी बगैर एक रुपया खर्च किये भारत की अर्थव्यवस्था को कैसे सुदृढ़ कर रहा है!! कटोरा लेकर उनके सामने क्यों खड़ा नहीं हो रहा!! मतलब भारत की उनपर निर्भरता समाप्त हो रही है। दुसरी परेशानी थी कि 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प आ गया जो युद्ध नहीं होने दे रहा था तो हथियार नहीं बिक रहा। असल में अंतरराष्ट्रीय कबाल तीन चीजों पर आश्रित है --हथियार, पेट्रोलियम और फार्मा। अमेरिका में कोरोना वैक्सीन फाइजर 2019 में हीं बन गया था क्यों!! क्या वे जानते थे कि कोरोना महामारी आयेगी!! अर्थात अमेरिका से वायरस चीन और चीन से पुरी दुनिया में। चाइना का इंटरेस्ट था कि भारत का उद्योग बर्बाद हो ताकि उसका व्यापार बढ़े। कोरोना काल में विपक्षी शासित राज्यों से बसों में भर-भर कर लोगों को बाहर निकाला जाने लगा,देश के कट्टरपंथियों द्वारा भी इस संकट को विस्तार देने की कोशिश हुई। चाय वाले ने उस संकट काल में,गरीबों को पेट भरने हेतु, बाहर निकलना




न पड़े इसके लिए, गेहूं चावल का राशन फ्री में उपलब्ध कराकर कोरोना विस्तार पर हथौड़ा चलाया। जनता को फ्री का गेहूं,चा्वल देने से सरकार का कुछ नहीं गया। क्योंकि हरियाणा, पंजाब के किसानों से एफसीआई,एमएसपी पर गेहूं खरीदती थी लेकिन स्टोर करने की सुविधा के अभाव में हजारों हजार टन अनाज भींग कर सड़ जाते थे जिसे नेताओं और उनके चहेतों के शराब बनाने वाले कारखानों को माटी के मोल दे दिया जाता था बल्कि शाजिस के तहत, खुले आकाश के नीचे रखें गेहूं के बोरों को भिंगा भी दिया जाता था ताकि सड़ जाय।इसके अलावे एफसीआई को गेहूं स्टोरेज हेतु किराये पर गोदाम लेना होता था जिसका खर्चा, दो-चार रुपये अनाज बेचने से मिलने वाले पैसों से भी अधिक आता थी। तो मोदी सरकार ने इसे फ्री बंटवाकर एक तो कोरोना काल में लोगों को खाने के लिए बाहर रोजी-रोटी के लिए जाने से फैलने वाले कोरोना से और खरीदें गये गेहूं की बबार्दी को रोका। दुसरे पहली बार देश में हीं कोरोना वैक्सीन का सफल अविष्कार और उत्पादन करके, सभी लोगों को वैक्सीन लगवाने में भी सफलता प्राप्त की। इस सारी प्रक्रिया में देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने भरपूर आर्थिक मदद की।

यहां एक बात बताता चलूं कि इस चाय वाले ने विषम परिस्थितियों में 80 करोड़ लोगों को फ्री का राशन तो दिया हीं, देश में फ्री का दो अरब से भी अधिक वैक्सीन का डोज भी लगवाए। साथ हीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाते हुए,वैश्विक कर्तव्य के रूप में कई देशों को वैक्सीन दिया भी। लेकिन मजे की बात है कि इतना कुछ करने के बावजूद ये चाय वाला, अपना 100 टका अपने पैकेट से निकाला नहीं है।

कोरोना काल में बड़े बड़े अर्थशास्त्रियों ने सुझाव दिया था कि सरकार को व्यापारियों को व्यापार चलाने के लिए पैसे देने चाहिए। लेकिन मोदीजी ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि अगर ऐसा किया जाता तो कम्पनी चलाने वाले, पहले अपना बैलेंस शीट घाटे की, भरपाई करते फिर बचा पैसा उद्योग में लगाते। उद्योग तभी बढ़ेगा जब डिमांड होगी। इसलिए स्टूमलेस पैकेज देने से कोई फायदा नहीं होता। विदेशों में जैसे अमेरिका,ब्रिटेन, फ्रांस आदि में व्यापारियों को स्टूमलेस पैकेज दिये गये लेकिन उद्योग बढ़ा नहीं और ये देश मंदी की चपेट में आ गये। मोदी सरकार ने 20 लाख करोड़ का पैकेज बनाया और ये पैसे उद्योग को न देकर गरीबों को देने का फैसला लिया। जो बगैर लिंकेज के डीबीटी और




यूपीआई के माध्यम से गरीबों के पास पहुंचा। गरीबों के पास पैसा पहुंचा तो महत्वकांक्षा बढ़ी। कोरोना काल का डेटा देखियेगा तो गांव में मोटरसाइकिल और कारों की संख्या बढ़ी है। व्यापारियों को स्टूमलेस पैकेज नहीं देने के बावजूद, मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज रोज बढ़ाता चला गया। मतलब लोग घर में बैठकर भी ट्रेडिंग कर रहे थे। कोरोना लॉक डाउन के बाद भारत की अर्थव्यवस्था में राकेट रिकवरी हुई। सबने व्यवस्था चलायी लेकिन पैसा रहा बैंक में हीं। सबने खाया, पीया, घुमा फिरा, लेकिन पैसा रहा बैंक में हीं क्योंकि यूपीआई चली। आज चाय वाले की चाणक्य नीति और कौटिल्य अर्थतंत्र ने, कांग्रेस शासित, बर्बाद भारत को विश्व की सबसे तेज दौड़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है।लेकिन चाय वाले ने इसके लिए और भी बहुत कुछ किया।.... पुनः अगले अंक में...**(क्रमशः)**



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# घटना जो भूलाए नहीं भूलती

**दैनिक समाज जागरण**

यह बात उन दिनों की है, जब मैं करीब बीस वर्ष का था। ये उम्र किशोरावस्था पार कर युवावस्था में कदम रखने की होती है तो स्वाभाविक है उमंग, जोश उत्साह कमोबेश हर युवा में कुछ ज्यादा ही देखने को मिलता है। मेरा दोस्त भी मेरे ही उम्र का था अतः हम दोनों स्वाभाविक रूप से उमंग में और उत्साहित थे। हममें जोश और उमंग, उत्साह का सागर हिलोरे ले रहा था।

उस जमाने में हम लोगों ने अभी अभी ही गाड़ी चलाना सीखा था। स्वाभाविक तौर पर(स्कूटर - मोटर सायकिल) में घूमने के बहुत शौकिन भी थे। हालांकि घर में दो दो गाडियां थीं लेकिन अक्सर पड़ने वाली डाटों की वजह से मैं उन्हें चलाने कतराता था। उन दिनों मेरा-एक प्रिय दोस्त था रजनीश। जिसके साथ मेरा काफी समय बितता। हम दोनों का साथ में काफी घूमना फिरना और गहरी दोस्ती थी। एक दिन वह अचानक जिद करने लगा कि यार चल न तेरे यहां तो गाडी है ही, उसे लेकर आज कहीं घूमने निकलते हैं। मैं उसे बहुत मना करता रहा कि मुझे गाड़ी छुना अच्छा नहीं लगता। मैंने उसे यहां तक कहा कि मुझे स्कूटर चलाना भी नहीं आता है। लेकिन वह नहीं माना। आखिर मुझे उसकी जिद के सामने झुकना पड़ा। और मैंने घर से इजाजत लेकर एक स्कूटर ले ली। फिर हम लोग निकल पड़े सैर सपाटे के लिए।

स्कूटर मेरा दोस्त ही चला रहा था। वह भी शायद फिर चलाने मिले या ना मिले, यह सोचकर मस्ती और फरार्टे से स्कूटर भगाये जा रहा था। मैं जानता था कि वह नौ सिखिया है और एक्सीडेंटकर सकता है। इसलिए मैंने उसे कई बार टोका कि गाडी धीरे चलावे। पर वह नहीं मान रहा था। साठ पैंसठ की गति से वह स्कूटर चलाये जा रहा था। अब तो इसी स्पीड में हम मॉडल कालेज की ओर बढ़ रहे थे। सड़क पर लोगों की आवाजाही चल रही थी ऐसी स्थिति में इतने स्पीड में चलना खतरनाक हो सकता था। उसी समय शायद कालेज की छुट्टी हुई थी। कालेज के लड़के, लड़कियों की भीड़ सायकल,कुछ पैदल ही जा रहे थे, किं तभी उनमें से एक सायकल सवार लड़का सड़क के बीचों बीच आड़ा होकर सायकल समेत गिर पड़ा। वो हमसे आगे कुछ दूरी पर ही गिरा था। इधर हम भी स्कूटर में फरार्टे से सडक के बीचों बीच तेजी से चले जा रहे थे। आगे लड़के को गिरते देखकर मैने रजनीश को सावधान करते हुये कहा कि...देखना आगे एक लड़का सड़क में गिर पड़ा है, उसको बचा के निकलना।

लेकिन मेरी बात पूरी होने के पहले ही हम सेकेण्डों में वहां तक पहुंच चुके थे, और तब तक तब स्कुटर चला रहा रजनीश,एकदम ही हडबडा उठा था। फिर भी जैसे तैसे लड़के को बचाकर स्कूटर को संभाल ही रहा था, वैसे भी हमारे स्कूटर की स्पीड तो खैर पहले से थी। इसी बी हमारे आगे एकदम सामने में अंधा मोड़ भी आ चुका था कि अकस्मात सामने मोड से एक बस तेजगति से आती हुई नजर आई। सामने मोड होने के कारण बस पहले नजर नही आई थी। तुरंत ही अचानक बस सामने नजर आ गई, यह देख हम दोनों बुरी तरह से घबरा कर चकरा गये। अगर जल्दी ही रजनीश स्कूटर को साइड नहीं लेता तो कुछ भी हो सकता था ऐसा महसूस हुआ। मैं यह देखकर घबरा उठा! हे भगवान... क्या होगा...?मैंने रजनीश को बदहवासी में ही चिल्ला कर कहा कि कि सामने बस है देखना। लेकिन मुझे उसका चेहरा देखकर महसूस हुआ कि वह कुछ सुन ही नहीं रहा है!

वह भाव शून्य सा सामने बस को ही देखे जा रहा था। वह ना ही साइड ले रहा था। न हीं गाड़ी में ब्रेक लग रहा था लगा जैसे वह पूरी तरह से घबरा उठा है। यही देखकर मुझे सीधे मौत नजर आने लगी थी। हमारी स्कूटर और बस दोनों काफी तेजी से चले आ रहे थे, और हमारे बीच का फासला तेजी से ही कम हो चुका था। रजनीश था कि सिर्फ सामने की ओर अपलक देखे जा रहा था, और पीछे से मैं कभी उसे देखता कभी बस को ।

हमारे बीच की दूरी काफी तेजी से कम होती जा रही थी। मुझे तो अब साक्षात मौत दिखाई देते लगी थी। शनै शनै हमारे बीच का फासला कम हो चला था हम दोनों का दिमाग ही सुन्न हो चला था,कान में भी अजीब सी सीटियां बजने लग गई थी। हमारी स्कूटर पूरी गति से सड़क के बीचो-बीच दौड़ रही थी,और स्कूटर चला रहा रजनीश भी बदहवास सा स्कूटर दौड़ाए चला जा रहा था, वहीं सामने से बस भी पूरी रफ्तार में दौडी चली आ रही थी। मात्र अब कुछ सेकण्ड का ही समय बचा था,और उसके बाद तो पूरा खेल खत्म होते नजर आ रहा था। मैं रजनीश को चीख चीख कर चिल्ला रहा था, ब्रेक मार, ब्रेक मार ,स्कूटर को साइड ले, साइड ले।

## सिद्धिदात्री नवम

दुर्गा की नवम शक्ति का नाम सिद्धि है। ये सिद्धिदात्री हैं। सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली माता इन्हीं को माना गया है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, ईशित्व



और वशित्व ये आठ सिद्धियां होती हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इन्हीं की कृपा से सिद्धियों को प्राप्त किया था। इन्हीं की अनुकम्पा से भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वह संसार में अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। माता सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी नीचे वाली भुजा में चक्र, ऊपर वाली भुजा में गदा और बांयी तरफ नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। नवरात्रि पूजन के नवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भगवती सिद्धिदात्री का ध्यान, स्तोत्र व कवच का पाठ करने से 'निर्वाण चक्र' जाग्रत हो जाता है।

# ऋषि परम्परा के उद्योगपति थे रतन टाटा

**दैनिक समाज जागरण**

आज हिंदुस्तान में सबसे बड़ी खबर श्रीमान रतन के निधन की है। रतन टाटा आजाद भारत में उद्योग जगत के ऐसे नायक कहें या महानायक कहें जिन्हें हर कोई स्नेह करता था। वे 86 साल के थे, उनका जाना दुखी करता है लेकिन उनका जीवन कभी भी शोक का क्षोभ का कारण नहीं रहा ।क्योंकि उनके हिस्से में यश-कीर्ति के अलावा कुछ और था ही नहीं। वे अपयश से कोसों दूर रहे। जो उनसे मिला वो भी और जो उनसे नहीं मिला वो भी रतन टाटा का मुरीद था। मै रतन टाटा से कभी नहीं मिला,लेकिन मुझे ऐसा प्रतीत होता था कि वे हमारे घर के ही बुजुर्ग सदस्य हैं। वे न हमारी जाति के थे और न बिरादरी के ,फिर भी अपने से थे। वे पारसी थे ,ये बहुत कम लोग जानते होंगे,क्योंकि उन्होंने कभी अपने पारसी होने का डंका नहीं पीटा ,जैसे की आज लोग अपने हिन्दू होने का डंका पीटते हैं। हिन्दुस्तान के बच्चे -बच्चे की जुबान पर रतन टाटा का नाम था । आखिर क्यों न होता? आखिर एक जमाने में टाटा उद्योग समूह ने भारतीयों के लिए छोटे से लेकर बड़े उपभोक्ता सामन का गुणवत्ता के साथ निर्माण किया और जन-जन तक उसे पहुंचाया। रतन टाटा दरअसल आज के भारत में एक अपवाद थे, जो उद्योगपति होते हुए भी सादगी पसंद थे। उनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है । उनके जीवन के तमाम ऐसे किस्से हैं जो आपको चौंकाएंगे भी और प्रभावित भी करेंगे।

आज के युग में जहाँ कोई भी उद्योगपति विवादों से परे नहीं है । विवाद भी ऐसे जो कि जो आपको हैरान भी करें और दुखी भी। लेकिन रतन टाटा इन सबसे बचे रहे। कैसे बचे रहे ये शोध का विषय हो सकता है। रतन टाटा को हालाँकि भारतरत्न अलंकरण नहीं मिला लेकिन वे थे तो भारतीय उद्योग जगत के रतन ही। उनकी चमक दमक आखरी वक्त तक कायम रही । उनका नाम सड़क से संसद तक सम्मान के साथ ही लिया गया । कभी किसी कि सरकार के साथ उनकी न नजदीकी रही और न दूरी। किसी सरकार को उनकी वजह से और उन्हें किसी सरकार की वजह से न विवादित होना पड़ा और न अपमानित। उन्हें लेकर संसद में कभी कोई उत्तेजक बस नहीं हुई ।

रतन टाटा को ईश्वर ने बेहद खूबसूरत बनाया था । वे यदि उद्योगपति न होते और फिल्मी दुनिया में काम कर रहे होते तो शायद वहां भी उनका स्थान शीर्ष पर ही होता । रतन जी खास होकर भी हमेशा आम आदमी कि बारे में सोचते थे । पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी कि छोटे बेटे की कल्पना से जैसे सबसे सस्ती पारिवारिक कार मारुती-800 का जन्म हुआ था उसी तरह रतन टाटा ने भी 1 लाख की कीमत वाली नैनो कार का निर्माण कराया और आम आदमी कि कार वाले सपनों में रंग भरे थे। नैनो को मारुती-800 जैसा प्रतिसाद नहीं मिला लेकिन उनकी सोच को प्रणाम किया गया और उसे एक कीर्तिमान की तरह हमेशा याद किया जाएगा।

रतन टाटा अविवाहित थे,क्यों थे इसकी एक




अलग कहानी है। उस पर आज लिखना मुनासिब नहीं है। लेकिन अविवाहित होने से उनके जीवन पर ,उनकी उपलब्धियों पर उनकी रफ्तार पर कोई फर्क पड़ा हो ये किसी ने अनुभव नहीं किया । इस मामले में आप उनकी तुलना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी से कर सकते हैं। उनका अविवाहित होना या उनका पढ़ा-लिखा होना कभी उस तरह विवादित नहीं हुआ जैसा आज कि जननायकों का होता है। वे एक विरासत कि मालिक थे । उनके ऊपर परिवारवाद का आरोप नहीं लगाया जा सकता जिस तरह राजनेताओं पर लगाया जाता है। हमेशा हंसमुख रहने वाले रतन टाटा के जीवन में दर्द भी कम नहीं था लेकिन उन्होंने अपना दुःख बांटा नहीं बल्कि उसे अपने उद्योग में विलीन कर सुख में बदलने की कोशिश की । वे अविवाहित तो थे ही साथ ही उन्होंने जिस युवक को अपना उत्तराधिकारी बनाया था वो भी उनके जीवनकाल में ही असमय चल बसा।

रतन टाटा कि भारत के विकास में योगदान को रेखांकित करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे किस न किसी रूप में भारत कि जनमानस में मौजूद हैं। नमक से लेकर कलाई घडी तक टाटा ही टाटा है। भारत में जो विश्वसनीयता टाटा और बाटा को मिली वैसी विश्वसनीयता कि लिए आज दुनिया कि नंबर एक और दो क्रम कि भारतीय उद्योगपतियों को भी हासिल नहीं है। बल्कि आज तो उद्योगपतियों को लुटेरों की संज्ञा दी जाने लगी है जो सरकार की मदद से ,संरक्षण से जनता को लूटने में लगे हैं। रतन टाटा कि साथ ये सब बाबस्ता नहीं है। वे निर्विवाद रहे और जो विवाद उनके साथ जोड़े भी गए उनकी उम्र बहुत छोटी साबित हुई।

रतन टाटा हालाँकि उद्योगपति थे किन्तु वे राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वालों कि लिए भी आदर्श बन सकते हैं । उन्होंने अपने जीवनकाल में ही अपने उद्योग समूह से निवृत्ति ले ली थी । वे कुर्सी से चिपके रहने में भरोसा नहीं करते थे,जबकि रजनीति में लोग आजन्म सत्ता से चिपके रहा चाहते हैं। रतन टाटा अपने उद्योग समूह कि मानद प्रमुख जरूर थे किन्तु उन्होंने जो आदर्श प्रस्तुत किया वो अनुकरणीय है। वे कैमरा प्रेमी भी नहीं थे, वे मूक प्राणियों कि मित्र थे,खासतौर पर श्वानों क। मैंने कहीं पढ़ा था कि वे सालों से मुम्बई के कोलाबा जिले में एक किताबों और कुत्तों से भरे हुए बेचलर फ्लैट में रह रहे थे।रतन टाटा कि चेरे से शर्म ऐसे टपकती थी जैसे किसी सुकुमार कि चेहरे से टपकती है । उन्हें कभी भारत के आज कि जन नायकों की तरह दिन में दस बार कपडे बदलते नहीं देखा गय। इस मामले में वे उद्योग जगत के डॉ मन मोहन सिंह थे। एक खास रंग का सूट और टाई उनकी पहचान रहे । वे चाहते तो दुनिया का महंगे से महंगा कपड़ा पहन सकते थे ,लेकिन सादगी से प्रेम ने उन्हें ऐसा करने नहीं दिया ।

भारतरत्न जेआरडी टाटा रतन टाटा के चाचा थे। रतन टाटा का जाना लम्बे समय तक एक शून्य का कारण बना रहेगा,क्योंकि कोई दूसरा रतन टाटा पैदा होने में वक्त लगता है और कभी-कभी कोई दूसरा पहले जैसा पैदा हो भी नहीं पाता। रतन टाटा के लिए मै कोई स्मारक बनाने या कोई संसथान खोलने का सुझाव नहीं दूंगा,क्योंकि ये सब तो नेताओं की जरूरत होते हैंउद्योगपतियों की नहीं। खासतौर पर रतन टाटा जैसे ऋषि परम्परा के उद्योग पतियों को तो इसकी जरूरत होती ही नहीं है । विनम्र श्रृद्धांजलि

**@ राकेश अचल**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 6



# रतन टाटा के दिखाए गए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति होगी सच्ची श्रद्धांजलि - हरि सिंह राजपूत

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड)10 अक्टूबर 2024:- टाटा स्टील में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में कार्य करने वाले और समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने अपना गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की रतन टाटा एक दूरदर्शी लीडर थे जिन्हे जमशेदपुर से एक विशेष लगाव रहा है,जीवन को बेहतर बनाने के समर्पण ने भारत और दुनिया पर एक अमिट छाप छोड़ी। जमशेदपुर में स्थापना दिवस के अवसर पर मुझे कई बार उनसे मिलने का सौभाग्य मिला और मैं हमेशा उनके उद्देश्य और मानवता की सेवा की दृढ़ भावना से प्रभावित रहा हूं जिस वजह से मैंने भी समाजसेवा की शुरूवात की थी और अब तक करते आ रहा हूं,आम हो या खास सभी से उनका विनम्र स्वभाव सभी के लिए उनसे सीखने की चीज है, रतन टाटा एक असाधारण व्यक्ति थे जो अपने फैसले लेने और उसे सही साबित करने को लेकर जाने जाते थे। उनकी कमी आने वाले वर्षों में दुनिया भर में महसूस की जाएगी, लेकिन मुझे पता है कि उन्होंने जो विरासत छोड़ी है और जो उदाहरण पेश किया है, वह कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा । बीते 7 सालों से रतन टाटा के जन्मदिन के अवसर पर गरीब जरूरतमंद बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन करता हूं ताकि हर बच्चें भी उनके बारे में जाने और उनकी जीवन से प्रेरणा ले कर आगे बढ़े ।

# श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल कोलाविरा का विधायक दशरथ गागराई ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**उमाकांत दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल कोलाविरा का विधायक दशरथ गागराई ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने माता की पूजा अर्चना क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा समाज की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। विधायक ने कहा



कि दुर्गा पूजा जैसे सार्वजनिक आयोजन से सामाजिकता बढ़ती है। पूजा के दौरान लोग एक दूसरे से मिलते हैं। और यह त्यौहार हमारी सभ्यता और संस्कृति के साथ-साथ भाईचारे का भी प्रतीक है। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई सुधीर महतो बासुदेव महतो मोहम्मद सुविर संतोष महतो जगदीश महतो प्रकाश महतो अजय पंडा आदि उपस्थित थे।

# नारायण आईटीआई में महान उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक मनाया गया

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता**



चांडिल : नारायण आईटीआई में महान उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक मनाया गया एवं उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने शोक जताते हुए कहा कि सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को उम्र संबंधी परेशानियों की वजह से मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। वे टाटा समूह का हिस्सा होते हुए समूह को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। साल 2000 में उन्हें भारत सरकार ने पद्मभूषण और साल 2008 में उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके द्वारा नैनो कार से लेकर जगुआर तक लिए गए निर्णयों ने लोगों का नजरिया बदला। रतन टाटा को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनमें पद्म भूषण भारत सरकार द्वारा उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र के लिए दिया गया, 2008 में राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल द्वारा रतन टाटा को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। यह भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो उन्हें उनके व्यापारिक योगदान के लिए दिया गया। 2012 में रतन टाटा को "सर्वश्रेष्ठ सीईओ" का खिताब दिया गया। 2012 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड पुरस्कार उन्हें दिया गया। 2018-2020 में प्रमुख भारतीय हस्तियों पर आधारित एक भारतीय टेलीविजन श्रृंखला थी, जिसका प्रसारण नेशनल जियोग्राफि क पर किया गया था। इस श्रृंखला के एक एपिसोड को रतन टाटा के योगदान को समर्पित किया गया था। इस अवसर एडवोकेट निखिल कुमार, शांति राम महतो, पवन कुमार महतो, अजय कुमार मंडल, जयप्रकास महतो, गौरव महतो आदि उपस्थित थे।

# जीप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कुचाई खरसावां का दौरा कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर टेका माथा

**उमाकांत दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**



जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने गुरुवार को कुचाई खरसावां का दौरा कर श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर कुचाई का फीता काट कर उद्घाटन किया। एवं खरसावां के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पूजा अर्चना कर माथा टेका साथ ही क्षेत्र के लोगों की सुख शांति और समृद्धि के लिए कामना की। मौके पर जिप अध्यक्ष श्री बोदरा ने झारखंडवासियों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दुर्गा पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि यह सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। यहां की समृद्धि परंपराएं और धार्मिक उत्सव इस आध्यात्मिकता और संस्कृति का संगम बनाते हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर हर क्षेत्र में मां भगवती की भक्ति और आस्था से चमक उठता है। यह हमें केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी जुड़ता है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव जीप सदस्य जींगी हेंब्रम मुखिया लुदरी हेंब्रम प्रखंड अध्यक्ष बबलू उर्फ कृष्णा सोय अनुप अग्रवाल डुमु गोप राहुल दास मुन्ना सिंह कोकिल कैशरी होपना सोरेन मधु दास आदि उपस्थित थे।

# खुंडपानी के गिंडीमुंडी में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित, विजेता व उपविजेता टीम को विधायक दशरथ गागराई ने किया पुरस्कृत

**उमाकांत दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**



दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर प्रतीक वर्ष की भांति किस वर्ष भी खूंटपानी प्रखंड क्षेत्र के गिन्डी मुन्डी में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.हिन्दुवाबुरु टाईगर टीम की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने पहले ले लेकर आठवें स्थान तक रहे फुटबॉल टीमों को पुरस्कृत किया.प्रतियोगिता का फाइनल मैच जयपुर एफसी व एचबी टीटी के बीच खेला गया,जिसमें जयपुर एफसी की टीम विजेता रही. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने प्रतियोगिता के विजेता जयपुर एफसी, उपविजेता एचबीटीटी गिंडीमुन्डी, तीसरे स्थान पर रहे सुपरस्टार बुरूजम व चौथे स्थान पर रहे बुरु पारोम नाकाहासा की टीम को एक-एक खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया. जबकि पांचवें स्थान से लेकर आठवीं स्थान पर रहे टीमों को एक-एक भेड़ा देकर पुरस्कृत किया गया. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने खिलाडियों से अनुशासित हो कर खेलने की अपील की.गागराई ने कहा कि खेल व खिलाडियों का विकास उनके प्राथमिकता में शामिल रहा है. उन्होंने खिलाडियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाले ऐसे प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है. राज्य सरकार भी खेल को प्रोत्साहित करने के लिये कई योजनाओं पर कार्य कर रही है. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष डिम्बु तियू, समाजसेवी बासंती गागराई ,बिरसा तियू,बबलू गोडसोरा,सतीश पुरती,हेमंत गोडसरा समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे.

# महागामा में दुर्गा पूजा की झाडू एवं छर्रा की परंपरा वर्षों से है

**समाज जागरण मनोजकुमारसाह गोड्डा**



महा पर्व शारदीय नवरात्र के महा सप्तमी के दिन सभी देवताओं के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मां भगवती ने श्रद्धालुओं को दर्शन दिए शुक्रवार को मंदिर का पट भक्तों के लिए खोल दिए गए आज श्रद्धालुओं ने बेल भरनी मां की पूजा की सप्तमी के दिन बेल भरनी मां के रूप में पूजा कर दुर्गा मंदिर में मां के आगमन को लेकर पुरुष श्रद्धालुओं ने अरहर के पौधे से झाडू दिए तथा महिलाएं रास्ते में दूध गुड बेलपत्र सिंदूर फूल आदि सामग्री मिट्टी के बर्तन में लेकर बिछाती हुई जातीथी जिसे छर्रा कहते हैं इस परंपरा के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई श्रद्धालुओं ने दंड देकर अपनी मां की अगुवाई की यह परंपरा करीब महागामा प्राचीन मंदिर में करीब 400 वर्षों से चली आ रही है इस दौरान भक्त श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई जो बसवा चौक पेट्रोल पंप तक पहुंच गया था भक्तों की भीड़ को देखते हुए कमेटी ने सुबह 5:00 बजे से ही झाडू एवं छर्रा देने के लिए भीड़ जुटने लगी थी इस दौरान मंदिर परिसर में ढोल बाजे के स्वर से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय से गुंजायमानहो गया मां दुर्गा महागामा दुर्गा मंदिर में पहली पूजा से ही रोज राज परिवार के वंशज द्वारा तांत्रिक विधि सेमां की आराधना की जाती है मौके पर दया शंकर ब्रह्म नागेंद्र कन्हैया केशव उज्जवल मनीष प्रवीण शामिल थे यहमंदिर की स्थापना से पूर्व खेतोरी राज्य की स्थापना काल से ही कुलदेवी के रूप में राजा परिवार के वंशज ही पूजा करते हैं यहां तांत्रिक विधि से हीमां की पूजा की जाती है यह दुर्गा मां का मंदिर शक्तिपीठ से जानी जाती है

# जिला पार्षद अमित ने छतरपुर के दर्जनों पूजा पंडाल के जल यात्रियों को कलश देकर किया शोभा यात्रा का शुभारंभ

**समाज जागरण सवादाता दीपक कुमार प्रखंड छत्तरपुर**



पर्यावरणविद व पार्षद अमित ने पर्यावरण धर्म के तहत कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पौधा दान कर कहा पूरे देश में शारदीय नवरात्र पर लोग शक्ति की उपासना , पूजा अर्चना व साधना में लीन है । उक्त अवसर पर बुधवार को छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और उनके पिता विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कई स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मां दुर्गा और कन्या की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सलामती व सुख समृद्धि की दुआ मांगी। वहीं उन्होंने जल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को कलश देकर जल यात्रा का शुभारंभ किया। जिन प्रमुख जगहों से कलश यात्रा निकाली गई उसमें रुदवा, केरकी कुटिया, डाली बाजार ,बगैया, मुरूमदाग, विषयपुर, सहरसवा, चिरू बाजार, हेंसला, हेनहे बाजार चौक, सुंगरी, चराई, सिलदाग और करमा बाजार आदि शामिल है। पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि जल यात्रा में नदी से जल कलश में लेकर मां दुर्गा के चरणों में श्रद्धालु समर्पित कर देश को जल संकट से वर्तमान व आने वाले पीढ़ी को बचाने की मन्नत मांगते हैं । उन्होंने कहा कि नवरात्रा में सृष्टि को बचाने के लिए देवी स्वरूपा कन्याओं को पूजन करने का विधान है वहीं पर्यावरण धर्म में प्रकृति कलश यात्रा में पौधा दान कर वृक्ष देव को पूजन कर प्रकृति को बचाने का विधान है। पर्यावरण धर्म में अपने जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य पर पौधा लगाने या दान करने का विधान है । इस विधान के तहत वे देश और दुनिया में लोगों को जागरूक करने में दिन-रात लगे रहते हैं। जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि माँ दुर्गा ने दस दिन तक महिषासुर से युद्धकर उसे पराजित की थी। वहीं भगवान राम ने भी माँ दुर्गा की उपासना कर उनका आशीर्वाद लेकर रावण को पराजित किया था । इसीलिए पूरे सनातन संस्कृति को मनाने वाले लोग नवरात्रा एवं दशहरा में शक्ति स्वरूपा माँ की उपासना करते है। क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल प्रमुख लोगों में शंभू मिश्र, चंदन व्यास विश्वकर्मा, मुखिया रविंद्र राम, गोविंद प्रसाद, स्मृति गुप्ता, रामजी प्रसाद, श्रवण जायसवाल, रघुनाथ प्रसाद, रामजन्म यादव, कुल्दीप सिंह, बिरजू सिंह, मोहन सिंह, पंकज सिंह, अनिल सिंह, सुनिल सिंह, धर्मदेव यादव, प्रमोद यादव, सचिन पांडे,सुभाष गुप्ता, बसंत विश्वकर्मा, विंध्याचल पासवान,डॉ आया राम उरांव, विनोद यादव, संजय जायसवाल, नंदू विश्वकर्मा, राम आधार पासवान, मुलायम सिंह यादव,मैनेजर विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, संमता यादव ,नरेश सिंह दशरथ प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद,कृष्ण यादव, संजय यादव, रामजतन यादव, मोती साव, मुरली प्रसाद, पंकज विश्वकर्मा,कपिल सिंह, प्रवेश भुईयां आदि शामिल थे।

# आस्था : बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा निकाली गई माता रानी की भव्य डोली यात्रा.

जय माता दी के जयघोष के साथ भव्य रूप से निकला डोली यात्रा.
यह यात्रा हमारी धार्मिक आस्था और समाज की एकता का प्रतीक है। दीप नारायण निषाद.
डोली यात्रा में आपकी भारी उपस्थिति हमें अत्यंत गर्व का अनुभव कराती है।
ओम प्रकाश गुप्ता

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा गुरुवार को महासप्तमी के दिन प्रातः काल में पूजा पंडाल से भव्य डोली यात्रा निकाली गई। डोली यात्रा में आगे-आगे बंगाल से आने वाले ढाक की विशेष प्रस्तुति रही। तो वही डोली यात्रा के पीछे-पीछे महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए, सभी डोली यात्रा के दौरान फूलों की वर्षा कर मां के आगमन पर स्वागत कर रहे थे, साथ ही सभी लोग जय माता दी की जयकारों की गूंज लगा रहे थे। डोली यात्रा पूजा पंडाल से बड़ा बाजार चौक,बंशी लाल चौक होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंची जहां पर पूजा अर्चना की गई। पुनः डोली यात्रा वापस पूजा पंडाल पहुंची जहां पर महासमिति की पूजा अर्चना विधिवत रूप से प्रारंभ की गई। बंगाल से आए पुजारी के द्वारा पुजा अर्चना कराया जा रहा है। डोली यात्रा में कई श्रद्धालु शामिल हुए। वही पष्ठी को माता रानी का पट खोला गया था। महासमिति के द्वारा महा सप्तमी के अवसर पर पूजा पंडाल के समीप महाभोग का वितरण किया गया। मौके पर सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से मैं सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में इस डोली यात्रा में भाग लिया और इसे सफल बनाया। यह यात्रा हमारी धार्मिक आस्था और समाज की एकता का प्रतीक है। हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है,जिससे न केवल हमारी आस्था और विश्वास को बल मिलता है, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश भी फैलता है।मौके पर उपाध्यक्ष सह कोर कमेटी के सदस्य ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की भव्य डोली यात्रा में आपकी भारी उपस्थिति हमें अत्यंत गर्व का अनुभव कराती है। मैं सभी श्रद्धालुओं का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस पवित्र आयोजन में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाया। माँ दुर्गा की कृपा से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक भव्य और विशेष होता जा रहा है, और यह हमारी आस्था और सामाजिक समर्पण का प्रमाण है। मैं माँ दुर्गा से प्रार्थना करता हूँ कि वे हम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और समाज में प्रेम, समृद्धि और शांति का मार्ग प्रशस्त करें।मौके पर महासमिति सचिव दीप नारायण निषाद,ओम प्रकाश गुप्ता,दिलीप जायसवाल,शिव शंकर गुप्ता,महेंद्र गुप्ता,उदय शंकर गुप्ता,लखन निषाद,बाल गोविंद निषाद,राजेश गुप्ता,प्रमोद खंडेलवाल, तरुण गुप्ता,रितेश खण्डेलवाल,राजीव सिन्हा,पंकज कसेरा, प्रोफेसर प्रवीण कुमार,दिलीप सोनी,अर्जुन यादव, संजय यादव,सतीश गुप्ता,शैलेश कुमार,संदीप जयसवाल, आशुतोष चौधरी ,साहिल कुमार,आदित्य कुमार,अभय निषाद, सचिन कुमार,राज कुमार,यश राज, सहित कई महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

# भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग सांसद माननीय मनीष जायसवाल का प्रेस कॉन्फ्रेंस

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**




हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनीष जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें उन्होंने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं और पंचतंत्र कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा, "हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के लोगों से 5 लाख नौकरियों का वादा किया था, लेकिन पिछले 5 सालों में लाखों सरकारी पद खाली पड़े रहे। सरकार ने रोजगार सृजन के नाम पर सिर्फ खोखले वादे किए, और आज भी झारखंड का युवा रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।"उन्होंने महिलाओं के प्रति सरकार की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा, "महिलाओं के लिए 2000 रुपये का चूल्हा-चौका भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन आज तक किसी भी महिला को इस योजना का लाभ नहीं मिला। हेमंत सरकार ने बेटियों की शादी में सोने का सिक्का देने की बात भी कही थी, लेकिन वह भी एक छलावा साबित हुआ। महिलाओं और युवाओं के साथ किए गए ये सभी वादे आज तक अधूरे हैं।"संसद मनीष जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी की गोगो दीदी योजना पर जोर देते हुए बताया कि यह भाजपा के पंचतंत्र का पहला और प्रमुख बिंदु है। "गोगो दीदी योजना के तहत हर महिला के बैंक खाते में हर महीने 2100 रुपये जमा किए जाएंगे, और यह रकम हर महीने की 11 तारीख को सीधे महिलाओं के खातों में पहुंच जाएगी। यह योजना महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, और भाजपा का वादा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी है। हम महिलाओं को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाना चाहते हैं, और यह योजना उसी दिशा में एक ठोस प्रयास है," उन्होंने कहा। उन्होंने कांग्रेस सरकारों की विफलताओं की ओर इशारा करते हुए कहा, "कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कांग्रेस ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन नतीजे शून्य रहे। कर्नाटक में कांग्रेस ने रोजगार और महिलाओं के कल्याण के नाम पर जनता को धोखा दिया, और हिमाचल में भी उनकी योजनाएं केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गईं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जहां भी रही, वहां हमने वादे पूरे किए हैं और विकास की नई गाथा लिखी है।" संसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा, "हेमंत सोरेन सरकार अब जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो महिलाओं को 'मइया सम्मान योजना' का प्रलोभन देकर सिर्फ वोट बटोरने का प्रयास कर रही है। जबकि, सच्चाई यह है कि इस योजना की कोई ठोस आधार नहीं है। इसके विपरीत, भाजपा की 'गोगो दीदी योजना' पूरी तरह से पारदर्शी और लागू होने के लिए तैयार है।" प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के कई प्रमुख नेता भी मौजूद थे, जिनमें हजारीबाग भाजपा के अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, इंद्र नारायण कुशवाहा, भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद, अजय साव, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, अनिल मिश्रा, आदित्य सोनी, लीला देवी सहित सैकड़ों महिलाएं और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। बंटी तिवारी और जय नारायण प्रसाद ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर भाजपा की योजनाओं का समर्थन किया।मनीष जायसवाल ने अंत में कहा, "भारतीय जनता पार्टी का पंचतंत्र केवल एक चुनावी घोषणा नहीं है, बल्कि यह राज्य के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए एक सुविचारित योजना है। हम झारखंड को विकास के पथ पर ले जाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, और हमारी हर योजना जनता की भलाई के लिए समर्पित है।"

# बाघाडाबर में नवरात्रि की धुम, मां ने दिए भक्तों को दर्शन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) 10 अक्तूबर 2024 नबीनगर प्रखंड के ग्राम बाघाडाबर में बड़े ही धूमधाम से नवरात्रि मनाई जा रही है।भव्य बने पंडाल मे माता रानी का पट खुलते ही देर रात तक पूजा अर्चना के लिए भक्तों का ताता लगा रहा वहीं रात्रि में 11 स्टार क्लब के द्वारा नाट्य कला का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भाग लिया, कला मंच का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश मंत्री सह गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय एवं अस्पताल के महा प्रबंधक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया। गांव के ही कलाकारों द्वारा परंपरागत रूप से पंडाल का निर्माण किए जाने को लेकर प्रदेश मंत्री ने ग्रामीण कलाकारों को खूब सराहा साथ ही युवाओं को स्मृति चिन्ह भेट कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में कला मंच के माध्यम से अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को जीवित रखना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया ।मौके पर पंचायत के पूर्व मुखिया एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, बैरिया मंडल के युवा अध्यक्ष विवेक सिंह, मुन्ना सिंह, शिव शंकर पासवान,अरविंद पासवान, सुदामा पासवान, बिजेंदर पासवान, राजेंद्र रवि, बलिराम पासवान, सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र पासवान, अनिल मिश्रा, राजकुमार,विनोद साव, सिंटू कुमार, रामकुमार, रमेश चौधरी तथा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने फरार शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) 10 अक्तूबर 2024 नवीनगर थाना क्षेत्र के कुर्मी पोखरा गांव से पूर्व के शराब मामले में एक शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एस आई गीरेंद्र कुमार सिंह एवम सशस्त्र बल ने कुर्मी पोखरा गांव निवासी विकास कुमार पिता सुदर्शन सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया है ।मामले में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि विकास कुमार पर नवीनगर थाना कांड संख्या 224/20 के तहत प्राथमिकी दर्ज था ।वह शराब का चोरी छिपे कारोबार करता था।काफी दिनों से वह फरार चल रहा था । गुप्त सूचना पर अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 7























# भारत सरकार की टीम ग्राम पंचायत के कार्यों का किया निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



10 अक्टूबर। ग्राम पंचायत राज डेरामारी, प्रखंड-कोचाधामन में भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की एनएलएम मॉनिटरिंग टीम आज पहुंची। पंचायत सरकार भवन में ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचिकाओं का गहन जांच पड़ताल करने के पश्चात योजनाओं के स्थलीय जांच एवं भौतिक सत्यापन हेतु सभी योजनाओं को धरातल पर देखा। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी और बताया कि जांच के समय अधिकतर अधिकारी संतुष्ट नजर आ रहे थे। इसके बावजूद आवश्यक निर्देश देते हुए सभी जानकारी, डाटा और ग्राम पंचायत के बेसिक और पी आर आई रिपोर्ट फॉर्मेट में लेकर शाम 5 बजे टीम प्रस्थान की। वही मुखिया मो. शाहबाज आलम, ग्राम पंचायत राज डेरामारी के बताया कि सभी अधिकारी कार्यों से संतुष्ट नजर आए। आवश्यक जानकारी एवं डाटा और ग्राम पंचायत के बेसिक और पी आर आई रिपोर्ट फॉर्मेट में लेकर 5 बजे टीम यहां से प्रस्थान की है।

# हैलो भईया... मां बीमार है... और ठग ने विधायक के पति को लगाया हजारों का चूना

वारिसलीगंज भाजपा विधायक अरुणा देवी के पति से ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने विधायक पति को रिश्तेदार की आवाज में फोन में किया था.

नवादाः बिहार के नवादा जिले में जिले में इन दिनों बड़े ही अनोखे तरीके से ठगी का काम चल रहा है. जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के लोगों को ठगी का शिकार बनाने में के लिए नया स्कैम चलाया जा रहा है. जिसका शिकार अब वारिसलीगंज भाजपा विधायक अरुणा देवी के पति सह पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह भी हो चुके हैं. इस बाबत अखिलेश सिंह के द्वारा वारिसलीगंज थाना में लिखित आवेदन दिया गया है. ठगी के शिकार बनाने वाले व्यक्ति को उसके ही किसी रिश्तेदार की आवाज में किसी बीमारी के इमरजेंसी का हवाला देते हुए राशि की ठगी की जाती है।.









# परंपरा : नवरात्र पर दसाई नृत्य प्राचीन भारत की लोकगाथा का करा रहा परिचय

## दसाई नृत्य को लेकर आदिवासी लोगों में देखी जा रही खासा उत्साह

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता आरती राय**



गलगलिया(किशनगंज) । दसाई नृत्य के साथ दुर्गा पूजा की रौनक छाने लगी है । सीमावर्ती क्षेत्र गलगलिया एवं आस-पास इलाकों में शारदीय नवरात्र के मद्देनजर आदिवासी पुरुषों द्वारा किये जाने वाले दसाई नृत्य शुरू हो चुका है । दुगार्पूजा के अवसर पर आदिवासी समाज के युवा धोती पहनकर और माथे पर मौर पंख बांध हाथ में भुवांग, ढोलक, घंटी आदि लेकर गलगलिया बाजार और ग्रामीण क्षेत्र के पूजा पंडालों में दसाई नृत्य करते देखे गए । लेकिन समय के साथ इस आधुनिक युग मे उनमें भी इस नृत्य को लेकर उत्साह कम हो चुका है ।अब धीरे धीरे समाज से यह नृत्य प्राय विलुप्त सा हो गया है । हालांकि आज भी समाज की संस्कृति से जुड़ी दसाई नृत्य यहाँ में देखने को मिल रहा है ।

दसाई नृत्य की कला उनकी समृद्ध संस्कृति का हिस्सा रहा है। दसाई नृत्य में भाग लेने वाले पुरुष पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर नृत्य करते हैं । महिला रूप में ही वे नृत्य करते हुए घर घर जाते हैं। इस नृत्य में ढोलक, थाली, घंटी आदि का इस्तेमाल किया जाता है। ढोलक, थाली, घंटी, भुआंग आदि जब एक साथ स्वर में बजते हैं तो इसकी आवाज और दिलकश हो उठती है। साथ ही माथे पर मोर का पंख सजा कर झूमते आदिवासी नृत्य को आकर्षक प्रदान करते हैं । गलगलिया से सटे ड़ेंगूजोत निवासी गणेश मुर्मू बताते हैं कि इस कला का जन्म कैसे हुआ, आज के युवाओं को इसकी जानकारी नहीं है । दरअसल, इसका जन्म क्रांतिकारियों को ढूंढने के लिए हुआ था । जब बाहरी आक्रमणकारियों ने आदिवासी समुदाय के क्रांतिकारियों को बंदी बना लिया । सभी आदिवासी पुरुषों को इलाके से खदेड़ दिया । उसी दौरान क्रांतिकारियों को खोजने के लिए आदिवासी पुरुष महिला रूप धारण कर नृत्य करते हुए अलग-अलग टोलियों में निकलते थे । इस नृत्य में शामिल पुरुष साड़ी पहनकर माथे पर मोर का पंख लगाकर खुद को औरत की तरह सजाते हैं। दसाई नृत्य हाय रे हाय.. से शुरू होता है, जो दुख का प्रतीक है। यानी क्रांतिकारियों को बंदी बनाने का दुख इसमें झलकता है । आगे चलकर गाने में देहेल देहेल शब्द का प्रयोग किया जाता है, जो विजय का प्रतीक है। अर्थात बाहरी आक्रमणकारियों पर विजय प्राप्त करने का संकल्प इसमें दिखता है । दसाई नृत्य में मां दुर्गा का जिक्र भी आता है। आदिवासियों के कैलेंडर के मुताबिक दसाई एक महीने का नाम भी है। इसी महीने में इस नृत्य का आयोजन विजयादशमी से ठीक पहले पांच दिनों के लिए किया जाता है ‌। गाने में सर्वप्रथम देवी दुर्गा की आराधना की जाती है । दसाई नृत्य को लेकर आदिवासी लोगों में खासा उत्साह देखा जाता है । लोग कई दिन पहले से ही इसकी तैयारी में जुट जाते हैं । उन्होंने बताया कि हालाँकि पहले की तरह अब नई पीढ़ी के लोगो मे इस नृत्य को लेकर अब उत्साह नहीं है । लेकिन इस वर्ष भी सीमावर्ती क्षेत्र गलगलिया एवं आसपास के क्षेत्रों में दसाई नृत्य की धूम मची हुई है।

# नीति नियम: दलगत राजनीति की अपरिहार्यता

**पिछले दशक में ही जब पार्टी में वाम धड़ा मजबूत हो रहा था तो कुछ प्रमुख मध्यमार्गियों ने पार्टी छोड़ दी और नई पार्टी बना ली। मगर वह पार्टी चल नहीं पाई और खत्म हो गई।**

राजनीतिक दलों में विभाजन क्यों होता है या फिर वे एकजुट क्यों रहते हैं? दलगत राजनीति पर हममें से ज्यादातर का रुख कुछ ऐसा होता हैः राजनीतिक दल आम तौर पर मतदाताओं के खास समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भौतिक हित, क्षेत्रीय या सामुदायिक चेतना अथवा आर्थिक विचारधारा के कारण एक साथ रहते हैं। जब इनमें से कुछ मतदाताओं के हित दूसरों से अलग होते हैं तो दल बंट जाते हैं। अगर राजनीति में एक नए दल की गुंजाइश होती है तो दोनों दल बने रहते हैं वरना एक ही बचता है।

अधिकतर विधायी व्यवस्थाएं ब्रिटिश संसदीय व्यवस्था से ही पनपी हैं और यह बात उसमें बहुत प्रभावी तरीके से दिखती है। ब्रिटेन की राजनीतिक मुख्यधारा में दो बड़े दलों के लिए जगह है और उनके अलावा एक या दो छोटे दलों के लिए भी गुंजाइश है। वहां तीन क्षेत्रीय दल भी हैं जो यूनाइटेड किंगडम में शामिल छोटे राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहां के दल विशेषकर लेबर पार्टी में पिछले कुछ दशकों में विभाजन हुआ है।

पिछले दशक में ही जब पार्टी में वाम धड़ा मजबूत हो रहा था तो कुछ प्रमुख मध्यमार्गियों ने पार्टी छोड़ दी और नई पार्टी बना ली। मगर वह पार्टी चल नहीं पाई और खत्म हो गई। मध्यमार्गियों की पिछली पीढ़ी ने 1980 के दशक में अलग होकर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया था, जिसका अंत मे तीसरे दल लिबरल में विलय हो गया और आज के लिबरल डेमोक्रेट सामने आए। इन बंटवारों में वैचारिक मतभेद स्पष्ट थे और इन्हें आसानी से समझा जा सकता था।

परंतु अन्य देशों के लिए मामला काफी अलग हो सकता था। आयरलैंड को ही देख लें, जहां सत्ता दशकों से दो दलों के बीच बंटी है। परंतु उनके बीच कोई वैचारिक अंतर तलाश पाना मुश्किल है। फियाना फेल और फाइन गाएल दक्षिणपंथी झुकाव वाली मध्यमार्गी दल हैं। उनके मतभेद एक सदी पहले उभरे थे किंत आयरलैंड से बाहर के लोगों को अब इतना अंतर नहीं दिखेगा कि वहां दो दलों की जरूरत हो। इसलिए ताज्जुब की बात नहीं है कि वाम झुकाव वाला तीसरा दल सिन फेन अब इतना बड़ा हो गया है कि दोनों दलों को चुनौती दे रहा है।

पिछले दिनों मेरा पाला दलगत राजनीति के पहेली जैसे स्वभाव से पड़ा, जब जापान में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में आंतरिक संघर्ष और अभियान के बाद इस देश को नया प्रधानमंत्री मिल गया। दक्षिणपंथी एलडीपी का विश्व युद्ध के बाद से ही जापान की राजनीति में दबदबा रहा है। वहां विपक्ष को सत्ता में आने के बहुत कम अवसर मिले हैं। परंतु अजीब बात है कि एलडीपी के भीतर की राजनीति इतनी कड़वाहट भरी है, जितनी दो अलग-अलग दलों के बीच होती है। पार्टी में बाकायदा अलग-अलग गुटों की परंपरा है, जो अक्सर किसी खास विचारधारा और व्यक्ति से जुड़े रहते हैं। इनका अपना इतिहास, विभाजन और घोटाले रहे हैं।

जापान से बाहर के व्यक्तियों को लगेगा कि वहां दो अलग-अलग दलीय व्यवस्थाएं हैं झ एक जापानी संसद डाइट में चुनाव की प्रतिस्पर्द्धा से परे औपचारिक व्यवस्था और दूसरी एलडीपी के भीतर की प्रतिस्पर्द्धा वाली अनौपचारिक व्यवस्था, जो तय करती है कि उसमें किस गुट का दबदबा है।

फिर भी एलडीपी में विभाजन क्यों नहीं हुआ या फिर अलग होने वाले किसी धड़े ने सामान्य दो दलीय व्यवस्था को क्यों नहीं अपनाया यह समझना जापान के बाहर के लोगों के लिए मुश्किल है। निश्चित तौर पर 1970 के दशक में 40 दिनों के युद्ध के दौरान यहां बड़ा संकट खड़ा हो गया था, जब एक धड़े ने खुद को पार्टी मुख्यालय के भीतर बंद कर लिया था। फिर भी यह एकजुट और औपचारिक दल बना रहा, जिसका राजनीतिक दबदबा कायम रहा।

भारत के लोगों के लिए यह व्यवस्था वैसी ही है, जैसे मान लिया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1960 के दशक में विभाजित ही नहीं हुई थी और इंदिरा गांधी के बाद वहां भी धड़ों वाली व्यवस्था आ गई, जिसमें अलग-अलग धड़े के नेताओं के उत्तराधिकारी पार्टी सदस्यों का विश्वास जीतने के लिए जूझते रहे। यह कल्पना असंभव नहीं है लेकिन यह समझ नहीं आता कि ऐसी व्यवस्था दशकों तक कैसे बनी रह सकती है।

आजादी के आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले दल का उद्देश्य पूरा होने के कुछ दशक बाद विभाजन होना और प्रमुख छोटी भूस्वामी जातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले दलों (जनता पार्टी एवं अन्य) या हिंदू राष्ट्रवादी दलों (भारतीय जनता पार्टी ) तथा क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले दलों (द्रविड़ दल एवं तृणमूल कांग्रेस) का उद्भव लगभग अपरिहार्य ही नजर आता है।

ऐसी अपरिहार्यता पर एक स्वाभाविक प्रयोग दक्षिण अफ्रीका में दिख रहा है। अपने उद्भव, उद्देश्य, संगठन और वैचारिक प्रकृति आदि में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से काफी मिलती-जुलती अफ्रीकन नैशनल कांग्रेस में भी अंदरखाना तनाव हैं। पार्टी के पूर्व नेता जैकब जुमा ने अलग होकर एक मजबूत दल बना लिया है, जो लोकलुभावन एजेंडा पर काम करता है।

अफ्रीकन नैशनल कांग्रेस के भीतर के धड़ों में आर्थिक राष्ट्रवाद, कारोबार समर्थक उदारवादी और अन्य शामिल हैं और देश के भविष्य के बारे में उन सभी का अलग-अलग नजरिया है। जूलू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले या केपटाउन जैसे अंग्रेजी-भाषी तथा श्वेत बहुल हिस्से में मजबूत स्थिति वाले जातीय एवं क्षेत्रीय दल स्थानीय स्तर पर चुनौती दे रहे हैं या प्रभावशाली गठबंधन साझेदार बन रहे हैं।

कुछ समय के लिए लगा कि भारत विपरीत दिशा में जा रहा है। हमसे कांग्रेस मुक्त भारत का, विपक्ष रहित राजनीति का वादा किया गया था और ऐसा लगा कि यह हो भी सकता है। परंतु लगता है कि जापान जैसे देश कुछ अलग ही हैं। लोग दलगत राजनीति चाहते हैं भले ही दलों के बीच आयरलैंड की तरह बहुत मामूली अंतर हो। एक दल यानी भारतीय जनता पार्टी के दबदबे वाली व्यवस्था ने नए प्रतिष्ठान के भीतर वैसे ही अलगाव की गुंजाइश पैदा की है, जैसा पुरानी कांग्रेस में हुआ था।

# एमटीएनएल को स्टेट बैंक की चेतावनी का अर्थ

एमटीएनएल के बोर्ड ने पिछले अगस्त में एक समझौते को हरी झंडी दे दी थी, जिसके तहत सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल (BSNL) विलय के बगैर ही 10 साल तक एमटीएनएल को चलाएगी। भारतीय स्टेट बैंक ने बकाया कर्ज की वसूली के लिए एमटीएनएल को जो नोटिस दिया है, वह इस दूरसंचार कंपनी के स्वामित्व में बदलाव का अवसर प्रदान करता है। बता रहे हैं ए के भट्टाचार्य

पिछले सप्ताह महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (MTNL) खबरों में थी। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (रइक) ने एमटीएनएल को बताया कि 325 करोड़ रुपये के कुल कर्ज वाला उसका ऋण खाता फंसे हुए कर्ज (ठढअ) की श्रेणी में चला गया है। किस्त और ब्याज दोनों ही इस वर्ष 30 जून के बाद से नहीं चुकाए गए थे। चूंकि 90 दिन से भी ज्यादा समय से बकाया रकम नहीं चुकाई गई थी, इसलिए एसबीआई ने ऋण खाते को सब-स्टैंडर्ड यानी खराब श्रेणी में डाल दिया। उसने एमटीएनएल को चेतावनी भी दी कि यह रकम फौरन नहीं चुकाई गई तो समूची बकाया राशि पर बतौर दंड ऊंची दर से ब्याज वसूला जाएगा।

1986 में सरकारी कंपनी के रूप में स्थापित की गई एमटीएनएल ने दिल्ली और मुंबई महानगरों में दूरसंचार सेवा प्रदान करनी शुरू की थी। 1997 में वह नवरत्न कंपनी बन गई, जिस श्रेणी में दर्जन भर बड़ी सरकारी कंपनियां थीं। इन कंपनियों को निवेश के मामले में ज्यादा आजादी होती है।

नवरत्न बनने के बाद उसका विनिवेश किया गया और धीरे-धीरे उसमें सरकार की हिस्सेदारी घटकर केवल 56 फीसदी रह गई। कंपनी को 1998 में देसी स्टॉक एक्सचेंजों पर और 2001 में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध किया गया। लेकिन लगभग उसी समय देश का दूरसंचार क्षेत्र निजी कंपनियों के लिए भी खोल दिया गया।

सरकारी नियंत्रण वाली एमटीएनएल निजी क्षेत्र के साथ होड़ में टिक नहीं पाई और उसकी बाजार हिस्सेदारी खिसककर निजी कंपनियों के पास जाने लगी। समय के साथ मोबाइल फोन ने लैंडलाइन फोन को पीछे छोड़ दिया और मोबाइल सेवाओं के तेजी से विस्तार में नाकाम रहने के कारण एमटीएनएल का वायरलेस और लैंडलाइन बाजार भी तेजी से घट गया। 2023 के अंत में मोबाइल फोन बाजार में उसकी हिस्सेदारी आधे फीसदी से भी कम रह गई थी और लैंडलाइन बाजार में यह 7 फीसदी थी।

पिछले कुछ वर्षों में एमटीएनएल को वित्तीय पैकेज के रूप में सरकारी मदद मिलती रही ताकि वह कर्मचारियों की संख्या को उचित स्तर पर ला सके। इसके अलावा उसे विशेष शर्तों पर स्पेक्ट्रम देकर नई तकनीक के साथ मोबाइल सेवा शुरू करने में मदद की गई और उसकी जमीन तथा संपत्तियों आदि के मुद्रीकरण यानी उनसे कमाई करने की कोशिश की गई ताकि वह अपनी वित्तीय देनदारी चुका सके।

किंतु इस दौरान उसकी वित्तीय सेहत और कारोबार में तेजी से गिरावट आई। 2023-24 में कामकाज से उसकी शुद्ध बिक्री 728 करोड़ रुपये रह गई, जो 2019-20 के आंकड़े की आधी भी नहीं थी। फिर भी कंपनी का शुद्ध घाटा 3,300 करोड़ रुपये ही रहा, जो 2019-20 के आंकड़े से भी 400 करोड़ रुपये कम था। कंपनी को आखिरी बार 2013-14 में शुद्ध मुनाफा हुआ था। कुछ वर्ष पहले कर्मचारियों की संख्या घटाने से उसे काफी लाभ हुआ और 2020-21 में कर्मचारियों पर उसका कुल खर्च 80 फीसदी घटकर 413 करोड़ रुपये ही रह गया।

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 8



# लगाइये हेलमेट - सीट बेल्ट हो रहे चालान कार्यवाही : 74 चालानों में 35,700/- वसूले

**दैनिक समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

शहडोल। जिला शहडोल पुलिस द्वारा दिनांक 08.10ण्24 को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 74 चालानों में 35,700/- रुपए समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाई पूर्वक निर्देशित किया गया।

# नवरात्रि, दुर्गा पूजा पर 50 बंदियो ने रखा विधिवत व्रत

**समाज जागरण**

उमरिया । जेल अधीक्षक डी० के० सारस ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी मां दुर्गा की पूजा, आराधना करने के लिये जेल में परिरूद्ध 50 बंदियों ने व्रत रखकर श्रद्धा पूर्वक भजन, कीर्तन कर रहे है। जेल में रहते हुये उनके द्वारा प्रायश्चित करके मन की शान्ति के लिये यह प्रार्थना अत्यंत लाभदायक है। बंदीगण जेल में अनुशासन में रहते हुये व्रत रख रहे है। व्रत रहने पर बंदियो को फलाहार एवं साबूदाना, गुड, मूंगफली एवं आलू एवं जेल कैन्टीन से फल बंदियो के मांग अनुसार जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया है। इन सभी बंदियो का स्वास्थ्य भी अच्छा है। धार्मिक कार्य पूजा पाठ से बंदियों में अनुशासन भी देखने को मिला है। व्यवस्था के लिये जेल अधीक्षक डी. के. सारस एवं जेलर, उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी, जेल के समस्त अधिकारी, कर्मचारी ने बंदियो को अनुशासन में रखकर मां दुर्गा की पूजा, आराधना के लिये प्रोत्साहित किया गया।

# सौहार्द पूर्ण दशहरा चल उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

उमरिया। आगामी 12 तारीख को दशहरा चल उत्सव समारोह सौहार्दपूर्ण मनाने थाना मानपुर में शांति समिति की बैठक अनुविभागीय अधिकारी मानपुर कमलेश नीरज, तहसीलदार मानपुर कन्हैयादास पनिका, थाना प्रभारी मानपुर मुकेश मशकोले की उपस्थिति में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से दशहरा चल उत्सव समारोह कार्यक्रम को संपन्न कराने की सहमति बनी । नगर में विराजमान सभी दुर्गा प्रतिमाओं को समय 4 बजे बस स्टैंड पहुंचने के लिए दुर्गा समिति के अध्यक्षों को बताया गया साथ ही सभी दुर्गा समिति को वाहन की व्यवस्था थाना मानपुर के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी । शाम 7 बजे से चल समारोह उत्सव की शुरूआत बस स्टैंड मानपुर से भगवान श्री राम की झांकी एवं नगर में विराजमान सभी दुर्गा प्रतिमाएं के साथ हो जाएगी तत्पश्चात खेल मैदान मानपुर पहुंचकर रात्रि 9 बजे रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होगा। बैठक में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी मानपुर तहसीलदार मानपुर एवं थाना प्रभारी मानपुर द्वारा बैठक में उपस्थित सभी क्षेत्र के आए जन प्रतिनिधि दुर्गा समितियां के अध्यक्ष से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन को लेकर प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही करने के लिए निर्देशित किया गया, साथ ही थाना प्रभारी मुकेश मर्सकोले ने आगामी दशहरा पर्व पर सभी समाजसेवी जनप्रतिनिधि पत्रकार बंधुओ से शासन प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में शारदा प्रसाद गौतम, ओपी द्विवेदी,हरीश विश्वकर्मा, मुन्ना सिंह,अंबिका पयाषी, डॉक्टर राजेश मिश्र, अरुण त्रिपाठी,विकाश गुप्ता,रामाविलाश त्रिपाठी, त्रिवेणी द्विवेदी, सतीश सोनी, कुलदीप गुप्ता, राहुल द्विवेदी, बजरंग सोनी, राजू गुप्ता, कृष्णा उपाध्याय, मोनू विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अलीपुर में खुले नाले में गिरने से एक बच्चे की मौत की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया

**आयोग ने हाल के दिनों में अधिकारियों की लापरवाही के कारण हुई ऐसी कई घटनाओं को गंभीर माना**

**दिल्ली के मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, डीडीए उपाध्यक्ष, दिल्ली नगर निगम आयुक्त से चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी गई**

**ऐसी घटनाओं में दर्ज एफआईआर की स्थिति, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को दिए गए मुआवजे की जानकारी मांगी गई**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 7 अक्टूबर, 2024 को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अलीपुर इलाके में खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। वहां काम करने वाले ठेकेदार ने कथित तौर पर बिना किसी चेतावनी या संकेत लगाए कई जगहों पर नाले को खुला छोड़ दिया था। हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में इस तरह की यह पांचवीं घटना है। आयोग ने पाया है कि इस मामले और हाल के दिनों में हुई ऐसी ही घटनाओं के बारे में समाचार रिपोर्ट की सामग्री, यदि सही है, तो अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर विषय है। यह वास्तव में बहुत चिंताजनक है कि राष्ट्रीय राजधानी में सार्वजनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। दिल्ली में डूबने और करंट लगने से कई लोगों की जान जाने की घटनाओं का आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है और अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा है। इसी के अनुसार, आयोग ने मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष और दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में ऐसे सभी मामलों में दर्ज एफआईआर की स्थिति, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई और मृतक के परिजनों को दिए गए मुआवजे की जानकारी देनी होगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अधिकारियों द्वारा उठाए गए/उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों के बारे में भी आयोग को जानकारी देनी होगी। 8 अक्टूबर, 2024 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास में खुले नाले में गिरकर ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई थी। सितंबर में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा में खुले नाले में गिरकर एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। अगस्त में उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार में खुले नाले में सात वर्षीय बच्चे का शव मिला था। अगस्त में ही पश्चिम विहार इलाके में नाले में गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जुलाई में पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर में नाले में गिरकर एक महिला और उसके बेटे की मौत को लेकर बवाल हुआ था। इसी महीने उत्तरी-दिल्ली के बुराड़ी में एक कार के नाले में गिर जाने से एक और व्यक्ति की मौत हो गई थी।

# नया कैंसर थेरेपी रोगियों के वर्तमान उपचारों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता पर काबू पाने में मददगार होगी

वैज्ञानिकों ने टीडीपी1 नामक डीएनए एंजाइम को सक्रिय करके कैंसर के उपचार के लिए एक आशाजनक नए लक्ष्य की पहचान की है, जो एक संयोजन चिकित्सा का सुझाव देता है। यह विशेष रूप से वर्तमान कैंसर उपचारों के प्रति प्रतिरोधी लोगों के लिए एक संभावित सटीक दवा हो सकती है।

# नवरात्रि पर्व एवं रावण दहन की तैयारियों की टटोली नब्ज पुलिस अधीक्षक ने जारी किये अहम आदेश

**दैनिक समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

शहडोल । बीते बुधवार पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा नवरात्रि पर्व के मद्देनजर शांति और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए आज जिला मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अति पुलिस अधीक्षक शहडोल, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा, थाना प्रभारी कोतवाली, सोहागपुर, यातायात एवं प्रभारी डीएसबी शाखा शहडोल उपस्थित रहे। जिसमे पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों के मद्देनजर पुलिस की चौकसी चप्पे चप्पे में रहे हिदायत देते हुए बिंदुवार पुलिस के आदेश जारी किये है।नोट बॉक्स बनाकर लगाए 1.कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यानः नवरात्रि पर्व के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त करने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क रहने को कहा गया है।2.यातायात प्रबंधन और सुरक्षाः- विशेष रूप से देवी पूजा स्थलों, पंडालों और मेलों में होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। इसके तहत प्रमुख पूजा स्थलों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, ट्रैफिक कंट्रोल एवं समुचित पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।3.सोशल मीडिया मॉनीटरिंगः पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी और अफवाहों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।4.महिला सुरक्षाः नवरात्रि पर्व के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती पूजा स्थलों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में की जाएगी, ताकि महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। 5. विसर्जनः दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिसकर्मियों की तैनाती एवं विसर्जन स्थल की विशेष इंतजाम किये जाए। 6. रावण दहनः रावण दहन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिये डियूटी हेतु पर्याप्त पुलिस बल एवं अन्य सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# विद्यालय में मद्य निषेध सप्ताह कार्यक्रम हुआ संपन्न

**छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से दिया संदेश**

**समाज जागरण**

उमरिया। नशा शरीर को खोखला कर देता है। नशा करने से शरीर का नाश होता है । नशा एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढी को लगातार अपनी चपेट मे लेकर उसे कई बीमारियों से ग्रसित कर रही है, जिससे सतर्क रहने की आवश्यकता है । उक्त आशय के विचार जनप्रतिनिधि धनुषधारी सिंह ने जिला मुख्यालय स्थित शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । आपने कहा कि युवा पीढी नशे से दूर रहें और अपना भविष्य संजाने, संवारने के लिए पूरी लगन, निष्ठा के साथ अपना अध्यापन कार्य करें और उच्च पदों पर पहुंचकर अपने माता पिता, स्कूल का नाम रोशन करें। कहा कि युवा देश भविष्य.. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता ने कहा कि नशा करने से जहां एक ओर मानसिक तनाव बढता है वहीं दूसरी ओर व्यक्ति को आर्थिक एवं मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है, जिसका खामियाजा पूरे परिवार को भुगतना पडता है । आपने कहा कि युवा देश भविष्य है, आप सभी नशे की प्रवृत्ति का त्याग करें और अपने परिचितों को भी नशा नही करनें की सलाह दें । नशा मुक्त भारत के राज्य स्तरीय मास्टर वालिंटियर विनीत कुमार एवं डॉ अरविंद बडकरे द्वारा नशा मुक्त अभियान के संबंध में उपस्थित स्कूल के बच्चों को विस्तृत रूप से समझाया गया। ब्रह्मा कुमारी आश्रम से बी के निशा दीदी द्वारा आध्यात्म से नशा मुक्त होने के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रमाण पत्र किये वितरित.. कार्यक्रम में सोहन म्यूजिक समुह द्वारा नशा मुक्त के गीतों की प्रस्तुति दी गई जिसे सभी के द्वारा बहुत सराहा गया। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अंबर शुक्ला, अमित सिंह, शिवम् प्रजापति, पेंटिंग प्रतियोगिता में गणेश / शुभाशु राय, आकाश / भारत सिंह एवं वंश वर्मन, रांगोली प्रतियोगिता में प्रतिक्षा यादव, साक्षी यादव एवं शैकी सिंह को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह तथा प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के विभिन्न प्रतियोगिताएं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में अतिथि द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई

# घर की ग्रिल निकाल कर घर में घुसे चोरों ने मकान मालिक के साथ-साथ किराएदार का घर भी खंगाला

**पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 11 की घटना।**

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ।वृंदावन योजना सेक्टर 11 राय बरेली रोड स्थित एक बंद मकान की ग्रिल निकाल कर घुसे चोर ने दोनों मंजिल के कमरे के ताले तोड़ कर पूरा घर अस्त व्यस्त कर दिया, आलमारी और तिजोरी तोड़कर लाखों रुपए कीमत के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान और नकदी चुरा ले गए।घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। अनुराग तिवारी 11ए/24 वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, कोतवाली पीजीआई,लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने बताया कि घर दो मंजिल बना हुआ है, ऊपरी मंजिल पर किराएदार गुड्डू यादव रहते हैं , जब कि ग्राउंड फ्लोर पर वह रहते हैं। पिछले एक महीने से ग्राउंड फ्लोर बंद था। किराएदार गुड्डू ऊपरी हिस्से में रहते हैं। गुरुवार सुबह गुड्डू ने फोन पर अवगत कराया कि 9/10/24 को जब वह अपने गाँव गया था, तब घर में चोरी हो गई है। जब अनुराग तिवारी ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की तो पता चला कि,तीन जोड़ी पायल, 2 जोड़ी बिछुए (चाँदी के) 1. (चाँदी की)चाँदी का 1 चाबी का गुच्छा। सोने की चेन-2, सोने के कान के टॉप्स -3 जोड़ी,चाँदी के भगवान,पैतृक चाँदी के बर्तन, 100-200 की नई गड्डियाँ,इत्यादि चोरी हो गया है।वहीं किरायेदार गुड्डू यादव के घर से सोने का हार,दो जोड़ी पायल,चोरी हुई हैं।घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गया है।पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# हाइड्रोजन ऊर्जा के व्यावसायीकरण की चुनौतियों और संभावनाओं पर विशेषज्ञों का विचार-विमर्श

**उद्योगपतियों, उद्यमियों, व्यवसाय के इच्छुक लोगों और विभिन्न क्षेत्रों के उत्साही लोगों ने हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण के लिए स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने पर आयोजित एक कार्यशाला में हाइड्रोजन ऊर्जा के व्यावसायीकरण की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की।**

एआरसीआई के निदेशक डॉ. आर विजय ने 8 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय हाइड्रोजन और ईंधन सेल दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान एआरसीआई द्वारा आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए हाइड्रोजन उत्पादन की लागत को कम करके इसे बाजार अनुकुल बनाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने घटक स्तर पर और एकीकृत प्रणालियों के माध्यम से हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने में एआरसीआई की भूमिका को भी रेखांकित किया और कहा कि एआरसीआई ऊर्जा क्षेत्र में कई स्टार्ट-अप्स को समर्थन दे रहा है। इस सातवीं वार्षिक कार्यशाला का आयोजन चेन्नई स्थित आईआईटीएम रिसर्च पार्क में अंतर्राष्ट्रीय उन्नत पाउडर धातुकर्म एवं नवीन सामग्री अनुसंधान केंद्र (एआरसीआई) के ईंधन सेल प्रौद्योगिकी केंद्र में किया गया था। राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) के महानिदेशक प्रो. मोहम्मद रिहान ने अपने उद्घाटन भाषण में ऊर्जा भंडारण के लिए हरित हाइड्रोजन उत्पादन और ईंधन कोशिकाओं के माध्यम से बिजली में रूपांतरण के लिए इलेक्ट्रोलाइजर के साथ सौर ऊर्जा को एकीकृत करने के मिशन-मोड दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने सौर ऊर्जा और हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के बीच तालमेल पर बल दिया जो हरित ऊर्जा का एक सतत मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एआरसीआई और एनआईएसई ने इस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम करने के लिए पहले ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एआरसीआई, चेन्नई के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. आर. गोपालन ने लागत को और कम करने के लिए हाइड्रोजन उत्पादन में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया तथा अन्य विकसित देशों के साथ-साथ हरित अमोनिया संश्लेषण में भारत के उभरते नेतृत्व पर प्रकाश डाला।

# नवरात्रि पर्व पर विशाल गरबा, प्रतिभागियों को दिए इनाम हिंदू मुस्लिम एकता मंच का आयोजन

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

उमरिया । हिंदू मुस्लिम एकता मंच उमरिया के द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर दिनांक 08.10.2024 को रात्रि 9:00 बजे से शिव मंदिर दुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर 4 रामपुरी जिला उमरिया दुर्गा पंडाल के सामने विशाल गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुस्पराज सिंह ने सभी को नवरात्रि के पावन अवसर बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता मंच उमरिया के द्वारा लगातार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमे सभी धर्म और समाज के लोगों को बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता लेना चाहिए। हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मोहम्मद असलम शेर ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन पर्व पर हिंदू मुस्लिम एकता मंच उमरिया जिला उमरिया के द्वारा विशाल गरबा कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें जिले के समस्त नागरिक नागरिकों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर गरबा कार्यक्रम का आनंद लें। हिंदू मुस्लिम एकता मंच के द्वारा इंद्रा समिति गरबा ग्रुप वार्ड नंबर 4 मोहनपुरी उमरिया के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मोहम्मद असलम शेर के द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 08.10.2024 को रात्रि 9:00 बजे से लेकर 10:30 बजे तक का कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नंबर 4 रमपुरी उमरिया में शिव मंदिर दुर्गा उत्सव समिति में रखी गई मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने यह गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**प्रतिभागियों को दिया गया इनाम...**

हिंदू मुस्लिम एकता उमरिया के द्वारा गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मोहम्मद असलम शेर ने बताया कि जो गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया उसमें जितने भी प्रतिभागी गरबा कार्यक्रम में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को इनाम देकर उनका सम्मान किया गया । यह गरबा कार्यक्रम का आयोजन हिंदू मुस्लिम एकता मंच समिति के द्वारा कराया गया । इंद्रा समिति गरबा ग्रुप के अध्यक्ष नसरीन बनो एवं उनकी टीम के सदस्य मोहिनी पासी, शिवम, अनिकेत, लक्ष्मी, सचिन, बादल, स्वाति, काजल कोल, प्राची, सुमित, मुस्कान, आदि लोगों के द्वारा गरबा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडबोकेट पुस्पराज सिंह जी, शिव मंदिर दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष संजय कुशवाहा, एवं कार्यक्रम में मुख्य भूमिका अदा करने वाले जगदीश प्रसाद जयसवाल, राजेंद्र कोल पार्षद, कपूरिया बाई विश्वकर्मा, सिद्दीक खान, जगदीश विश्वकर्मा, हनीफ अहमद खान, कृष्णकांत तिवारी, राजेंद्र कुशवाहा, संदीप तोमर, रोहितसा कोल, शुभम महोबिया, मोनू कचेर, राकेश बर्मन, आर्यन कुशवाहा, रवि वर्मा, परसादी लाल कोल आदि लोगों की उपस्थिति में गरबा कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।

# सड़क की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सड़क में रोपा धान और 'सरपंच, सचिव और उपसरपंच मुदाबाद' के नारे लगाएं।

**(शहडोल-अनूपपुर की सीमा में ग्राम पंचायत डोंगराटोला के बैरगिहा टोला का मामला**



**समाज जागरण अनूपपुर ।।**

अनूपपुर और शहडोल की जिला सीमा में जैतहरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगराटोला के ग्राम बैरगिहाटोला में आजादी के बाद से आज तक बैरगिहाटोला के निकटवर्ती ग्राम बेम्हौरी पहुंच मार्ग नहीं बनाया गया, जिससे बैरगिहा टोला के ग्रामीण पूरे बरसात गांव में ही कैद हो जाते हैं, ग्रामीणों दर्जनों बार सीएम हेल्पलाइन में और लिखित रुप से शिकायत की लेकिन ग्राम पंचायत स्तर से सरपंच, उपसरपंच, सचिव और सहायक सचिव शिकायत को दबा देते हैं, या मनगढ़ंत झूठा निराकरण लिख के शिकायत को मांग की श्रेणी में डाल के बंद करा देते हैं। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बीते मंगलवार सामूहिक रूप से सड़क के गड्ढे और कीचड़ में धान की रोपाई की और सरपंच, सचिव, उप सरपंच और सहायक सचिव मुदार्बाद के नारे लगा के विरोध प्रदर्शन किया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल है।

**कई गांव के ग्रामीणों का आवाहन इसी मार्ग से है**

बैरगिहाटोला के ग्रामीणों ने बताया कि उक्त किचड़ भरे मार्ग से आस-पास के करीब 15 गांव के ग्रामीणों का आवागमन है, बच्चे स्कूल भी इसी मार्ग से जाते हैं, बरसात में राहगीर कई बार वाहन सहित नदी में गिर चुके हैं, स्कूली बच्चों तो गिनती नहीं कि कितने बार इस मार्ग में गिर के कीचड़ से लथपथ हुए हैं।

**सरपंच सचिव पर भ्रष्टाचार का भी आरोप**

बैरगिहा टोला के ग्रामीणों ने बताया कि डोगराटोला के सरपंच सचिव और उपसरपंच ने मिलीभगत कर के ग्राम पंचायत अंतर्गत निमार्णाधीन बाउंड्रीवॉल, नाली, सड़क, आंगनवाड़ी, तालाब खनन आदि सभी कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया है, बीते 4 वर्षों में हुए विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच और सोशल ऑडिट कराई जानी चाहिए।

# मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूं ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूं तो मैं आपको पहचान सकूं और एक बार फिर आपको धन्यवाद दे सकूं।

**जब भारतीय अरबपति रतनजी टाटा से एक रेडियो प्रस्तोता ने टेलीफोन साक्षात्कार में पूछाः "सर, आपके जीवन का सबसे सुखद क्षण कौन सा है, क्या आप मुझे इसके बारे में बता सकते हैं"?**

**दैनिक समाज जागरण**




रतनजी टाटा ने कहाः "मैं जीवन में खुशी के चार चरणों से गुजरा और आखिरकार सच्ची खुशी का मतलब समझ गया। पहला चरण धन और संसाधन संचय करना था। लेकिन इस स्तर पर मुझे उतना आनंद नहीं मिला जितना मैं चाहता था। फिर आया कीमती सामान इकट्ठा करने का दूसरा चरण। लेकिन मुझे एहसास हुआ कि इसका असर भी अस्थायी होता है और कीमती चीजों की चमक ज्यादा देर तक नहीं टिकती. फिर आया महत्वपूर्ण तीसरा चरण. उस समय मेरे पास भारत और अफ्रीका में 95% डीजल की आपूर्ति थी। मेरे पास भारत और एशिया की सबसे बड़ी स्टील फैक्ट्री भी थी। लेकिन यहां भी जैसे कल्पना कियी थी वैसा सुख मुझे नहीं मिला. चौथा चरण तब था जब मेरे एक मित्र ने मुझसे कुछ विकलांग बच्चों के लिए व्हील चेयर खरीदने के लिए कहा। वहां करीब 200 बच्चे थे. एक दोस्त के सुझाव पर मुझे तुरंत व्हील चेयर मिल गई। लेकिन दोस्त ने जिद की कि मैं उसके साथ जाऊं और बच्चों को व्हीलचेयर खुद दे दूं। मैं उनके साथ गया. वहां मैंने सभी योग्य बच्चों को अपने हाथों से व्हीलचेयर दी। मैंने इन बच्चों के चेहरे पर एक अजीब सी खुशी की चमक देखी। मैं उन सभी को व्हीलचेयर पर घूमते और मौज-मस्ती करते हुए देखता रहा ऐसा लग रहा था मानों सारे बच्चे पिकनिक स्पॉट पर पहुंच गये हों, मानों यह कोई जीत का जश्न हो। उस दिन मुझे अपने अंदर सच्ची खुशी महसूस हुई। जैसे ही मैं वहां से वापस जाने लगा तो एक लड़के ने मेरा पैर पकड़ लिया. मैंने धीरे से अपना पैर छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन उस लड़के ने जाने नहीं दिया और उसने मेरे चेहरे की तरफ देखा और मेरे पैरों को कस कर पकड़ लिया. मैंने झुक कर लड़के से पूछाः "क्या तुम्हें कुछ और चाहिए?" फिर उस लड़के ने मुझे जो जवाब दिया, उसने न सिर्फ मुझे चौंका दिया बल्कि जिंदगी के प्रति मेरा नजरिया पूरी तरह से बदल दिया। लड़के ने कहाः- "मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूं ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूं तो मैं आपको पहचान सकूं और एक बार फिर आपका धन्यवाद कर सकूं।" उपरोक्त अद्भुत कहानी का सार यह है कि हम सभी को अपने अंदर झाँककर सोचना चाहिए कि इस जीवन, संसार और सभी सांसारिक गतिविधियों को छोड़ने के बाद क्या हमने कोई अच्छा काम किया है जो दूसरे हमें याद रखेंगे? कोई आपका चेहरा दोबारा देखना चाहता है, यह सबसे संतुष्टिदायक एहसास है। भारत के कोहिनूर रतन जी टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि ।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा सरस आजीविका मेले का गुरूग्राम में 13 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2024 तक आयोजन

**सरस मेले में करीब 30 राज्यों की 900 से ज्यादा ग्रामीण महिला हस्तशिल्पी लेंगी भाग**

**मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों के क्षमता निर्माण हेतू विशेषकर लर्निंग पैवेलियन एवं नॉलेज शेयरिंग पैवेलियन भी होंगे**

ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा 13 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2024 तक गुरूग्राम के सेक्टर 29 के लेजर वैली ग्राउंड में लगातार तृतीय/तीसरे वर्ष सरस आजीविका मेला आयोजित किया जा रहा है। सरस मेले में करीब 30 राज्यों की 900 से ज्यादा ग्रामीण महिला हस्तशिल्पी भाग ले रही हैं। मेले में विभिन्न राज्यों के उत्पाद जैसे . तसर की साड़ियाँ, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियाँ, पश्चिम बंगाल की काथा की साड़ियाँ, राजस्थानी प्रिंट, मध्य प्रदेश की चंदेरी साड़ियाँ। हिमाचल-उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, कर्नाटक व आंध्र प्रदेश के वूडन उत्पाद, जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद प्रदर्शित होंगे। इस बार मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों के क्षमता निर्माण हेतू विशेषकर लर्निंग पैवेलियन एवं नॉलेज शेयरिंग पैवेलियन भी बनाये जायेंगे, जिनके माध्यम से समूह की दीदियों को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों (ग्रामीण विकास मंत्रालय के विभिन्न विभाग, कृषि और किसान कल्याणण मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय इत्यादि) द्वारा उनकी योजनाओं के अन्तर्गत समूह की दीदियों को जोड़ने एवं जीविकोपार्जन के विभिन्न साधनों की जानकारी के विषय में अवगत कराया जायेगा एवं उनके कौशल विकास हेतू विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त, गुरूग्राम सरस मेले में सरस फूड कोर्ट भी लगाया जायेगा जिसमें करीब 25 राज्यों के 50 लाईव फूड स्टाल लगाये जायेंगे। राजस्थानी कैर सांगरी-गट्टे की सब्जी से लेकर बंगाल की फि श करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी सहित पूरे भारत के पकवान भी होंगे। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए किड्स जोन की व्यवस्था भी की गई है। मेले में दिल्ली-गुरूग्राम सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लाखों दर्शक व ग्राहक भाग लेंगे। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पारदर्शिता को देखते हुए इस सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन /नोमिनेशन की व्यवस्था की गई है। मेले में झारखण्ड एवं उत्तर प्रदेश राज्यों से बी. सी. सखी एवं पत्रकार दीदियों की भी भागीदारी रहेगी। इस बार गुरूग्राम सरस मेले में नॉर्थ-ईस्ट पैवेलियन भी स्थापित किया गया है ताकि उत्तर-पूर्वी राज्यों को प्राथमिकता दी जा सके तथा हर राज्य को प्राथमिकता देने हेतू उनके लिए राज्यवार पैवेलियन बनाये जायेंगे। मेले में स्वास्थ्य सेवा हेतू मेडिकल हेल्प डेस्क एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने हेतू एवं मेले को सफल बनाने के लिए गुरूग्राम जिला प्रशासन एवं हरियाणा राज्य आजीविका मिशन का भी योगदान लिया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय (भारत सरकार) और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के सहयोग से पिछले 26 वर्षों से सरस मेलों का आयोजन कर रहे हैं।

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 9



# नागरिक अधिकार मंच की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**दैनिक समाज जागरण फारबिसगंज ।**

फारबिसगंज के आलम टोला में नागरिक अधिकार मंच की एक बैठक आयोजित की गई,जिसमें समाज के युवाओं में बढ़ रहे सूखे नशे को लेकर चिंता व्यक्त की गई,साथ ही नागरिक अधिकार मंच ने आएं दिन सोसल मीडिया व सार्वजनिक मंचों से धार्मिक टिप्पणियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की, मंच ने बैठक में निर्णय लिया की आने वाले दिनों में इस विषयों पर बड़ी चर्चा की जरूरत है ताकि आसामाजिक गतिविधियों में शामिल ऐसे लोग और उन्हें संरक्षण देने वाली व्यवस्था को कठोर संदेश जाए,साथ ही बैठक



में 'नागरिक अधिकार मंच' का नाम बदल कर सीमांचल अधिकार मंच रखने की सहमति बनी, मंच द्वारा निर्णय लिया गया की आगामी 13 अक्टूबर को सूखा नशा और सोसल मीडिया और सार्वजनिक मंचो से धार्मिक भावनाओं को आहात पहुंचाने वाले लोगों पर सामाजिक व प्रशानिक रूप से कड़ा संदेश जाए उस विषय पर चर्चा की जायेगी,बैठक में मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष शाहजहाँ शाद, सचिव एकराम अंसारी मौलाना अब्दुर्रहमान कासमी गुड्डु अली संयुक्त सचिव, मौलाना फिरोज नोमानी, मौलाना फारूक,पूर्व छात्र नेता सैफ अली खान, डॉ मेहताब आलम, हजरत अली,मुफ्ती जावेद,हाजी तहसीन आलम, मुफ्ती रशीद, कारी हसीब,मास्टर तारिक अनवर,औरंजेब,मुफ्ती याकूब, खत्ताब वसी अंसारी, मोहम्मद बबलू, सरपंच प्रतिनिधि मुखतार आलम,हेफाजुद्दीन, हातिम अंसारी,अफजल व अन्य लोग शामिल थे।

# अररिया एमपी प्रदीप सिंह ने माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

मंच पर पंडित अजय झा, जयप्रकाश यादव , विजय यादव थे मौजूद

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**

अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने दुगार्पूजा के शुभ अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया एवं मातारानी से सभी के सुख समृद्धि व शांति की कामना किया। इस



मौके पर भाजपा के कद्दावर नेता,परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंडित अजय कुमार झा, विधायक जयप्रकाश यादव, पूर्व प्रमुख विजय यादव सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# अधिकारियों द्वारा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा।थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालो का अनुमंडल पदाधिकारी किशलय कुशवाहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमन सौरभ थानाध्यक्ष वीणा कुमारी द्वारा निरीक्षण किया गया एवं पूजा पंडालो में व्यवस्था का जायजा लिया।सभी पूजा पंडालो में भारी भीड़ को देखते हुए सीसीटीवी



कैमरा आवश्य लगाने डीजे नहीं बजाने अपने अपने पूजा पंडालो के आसपास बैच लगा वालंटियर तैनात रखने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों द्वारा प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल चौक पर रावण वध कार्यक्रम का भी विशेष जायजा लिया क्योंकि वहां भारी भीड़ रावण वध कार्यक्रम देखने के लिए जुटती है इसलिए विशेष निर्देश दिए गए भारी भीड़ को देखते हुए वहां विशेष सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे,वही अग्निशमन वाहन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर तैनात होगी.वही विभिन्न पूजा पंडालों राजापाकर पुरानी बाजार, हाई स्कूल चौक शनिचर हाट चौक भुवनेश्वर चौक कुशवाहा चौक पनशला चौक आदि को निरीक्षण किया गया एवं उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक व्यवस्था की बात कही। पूजा पंडाल के व्यवस्थापकों को बताया गया कि किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत थाना अध्यक्ष जेइई विद्युत प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचित करें उनकी समस्याओं का शीघ्र निदान किया जाएगा। असामाजिके तत्वों से सावधान रहें नियम के विरुद्ध कोई भी कार्य करते हैं ऐसे लोगों पर कारवाई की जाएगी। मौके पर उ अपर थानाध्यक्ष सुनील कुमार यादव एसआई मीता कुमारी आरती कुमारी अर्जुन मांझी ब्रिजेश पासवान सहित अनेक सुरक्षा बल शामिल थे।

# जिस भरोसे के साथ इस आयोग का दायित्व मुझे सौंपा है उस पर खरा उतरने में मैं कोई कसर नहीं छोड़ूँगा: डा. अमरदीप

**बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. अमरदीप का मधेपुरा में भव्य स्वागत**

**दत्तक ग्रहण संस्थान एवं पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**

बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के नवमनोनीत अध्यक्ष डॉ. अमरदीप पदभार ग्रहण करने के उपरांत आज पहली बार अपने गृहजिला मधेपुरा आए। मधेपुरा आगमन के उपरांत जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। इसके बाद ससर्किट हाउस में स्थानीय लोगों ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर कई गणमान्य उपस्थित रहे जिनमें जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर,विनोद कांबली , पुरेनी प्रखंड के मुखिया,प्रोफेसर विजेंदर नारायण यादव,यादव उमेश कुमार,रतन सिंह मुखिया,अशोक



चौधरी ,गौरी यादव,नरेश पासवान,आलोक कुमार मुखिया नीरज कुमार मंडल,प्रोफेसर विनय कुमार विनायक,अशोक सिन्हा, सच्चिदानंद सचिव,बाबुल,अशोक चौधरी,वीरेंद्र राय, बलराम सिंह बिल्लू,नवीन कुमार गोपी,ललन राम, मनोज राम,डॉ धर्मेंद्र राम, प्रोफेसर रूपा कुमारी आदि प्रमुख हैं।इस दौरान प्रेस से बात करते हुए डॉ. अमरदीप ने कहा कि मैं अपनी जन्मभूमि मधेपुरा की पवित्र मिट्टी को प्रणाम करते हुए नए बिहार के विश्वकर्मा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। उन्होंने जिस भरोसे के साथ इस आयोग का दायित्व मुझे सौंपा है उस पर खरा उतरने में मैं कोई कसर नहीं छोड़ूँगा। डॉ. अमरदीप ने कहा कि बिहार की 46% आबादी 18 साल से नीचे की है और इतनी बड़ी आबादी की उम्मीदें इस आयोग से जुड़ी हैं। शीघ्र ही आयोग भावी गतिविधियों का विस्तृत रोडमैप जारी करेगा। अब लोग इस आयोग के नाम को भी जानेंगे और काम को भी। ध्यातव्य है कि आज ही डॉ. अमरदीप ने मधेपुरा स्थित दत्तक ग्रहण संस्थान और सिंहेश्वर स्थित पर्यवेक्षण गृह का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उनके भ्रमण एवं निरीक्षण का कार्यक्रम कल भी जारी रहेगा।

# भाई के समक्ष भाई ने किया असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर योगदान

के पी कॉलेज मुरलीगंज को मिला अर्थशास्त्र में एक स्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर

**दैनिक समाज जागरण मुरलीगंज।**

बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना से चयनित तथा भू ना मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा अर्थशास्त्र विभाग में पदस्थापित, डॉ. नित्यानंद पासवान ने 09 अक्टूबर (बुधवार) की पूर्वाहन में के पी कॉलेज मुरलीगंज में प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान के समक्ष अपना योगदान सहायक प्राध्यापक के पद पर समर्पित किया। बता दें कि पहली क्लास से पी जी तक पढ़ाई करने वाले वे दोनों चचेरे भाई हैं ।डा जवाहर पासवान वर्तमान में के



पी कालेज के प्रधानाचार्य हैं इसके पहले डा पासवान टी पी कालेज में पी जी राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष थे और डा नित्यानंद पासवान +2 के शिक्षक थे। योगदान के वक्त प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान के अलावा अर्थपाल प्रतीक कुमार, महाविद्यालय के क्रीड़ा पदाधिकारी डॉ. मो. अली अहमद मंसूरी, डॉ.चंद्रशेखर आजाद, डॉ. संगीता सिन्हा, डॉ. शिवा शर्मा, डॉ.विजय पटेल, उदित मंडल, प्रशाखा पदाधिकारी कुमार राजन, डा रूद्र किंकर वर्मा, लेखापाल देवाशीष सहित कॉलेज के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं मौजूद थे ।सुखद क्षण प्रधानाचार्य डा. जवाहर पासवान ने अपने सोसल साइट पर लिखा आज अपने भाई डा.नित्यानंद पासवान असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र विभाग) का योगदान स्वीकृत करते हुए काफी गौरवान्वित हुआ ।भाई को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ ।

# दो फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इस्तिहार।

**दैनिक समाज जागरण रवि कुमार**

पुपरी थाना क्षेत्र के समहौली गांव के वार्ड 17 निवासी शीतल देवी व विभा देवी जो की कांड संख्या 119/2024 केश के आरोपी हैं जिस पर



141,148,307,354 के साथ अलग अलग धाराओं के साथ २/२३ एक्ट दर्ज हैं। बारबार पुपरी थाना के कहने के बाद भी दोनों न्यालय के सामने अपने आप कों प्रस्तुत नहीं किया जिसके बाद न्यालय के आदेश पर स्थानीय थाना एसआई मनोज कुमार, कंस्टेबल मिथलेश कुमार के साथ दोनों के घर पर डुगडूगी बजाकर बुधवार कों इस्तिहार चिपकाया गया।

# रतन टाटा के निधन पर शोक की लहर

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा । देश के महान उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर अनेक समाजसेवियों,राजनीतिक दलों के कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों ने शोक व्यक्त किया है. उन्हें देश का महान धरोहर बताया और कहा कि वे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे. देश के निर्माण एवं हितों में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है. वे बड़े उद्योगपति होते हुए भी सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्ति थे आम लोग से भी मिलने से भी उन्हे गुरेज नहीं था। उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसका निकट भविष्य में भरपाई नहीं किया ज जा सकता है, शोक व्यक्त करने वालों में महेंद्र राम युवा समाजसेवी अवधेश राय रामऔतार साह अजय मालाकार दरोगा पासवान भीम कुमार शत्रुघ्न शर्मा मंजय कुशवाहा अरविंद पासवान तपसी प्रसाद सिंह, रामसरीख प्रसाद सिंह वकील राय, महेंद्र गुप्ता राजीव रंजन उर्फ पंकज यादव ओंकार नाथ गुप्ता महेश प्रसाद सिंह सहिते अनेक लोग शामिल हैं।

# कबड्डी ओपन टू आल बालक वर्ग प्रतियोगिता में पूर्णियां पैंथर ने नेशनल यूथ क्लब को 16-07 से हराकर चैंपियन बना।

**विभिन्न खेलों के मैच रेफरी, खिलाड़ियों, कमिटी सदस्य गण एवं खेल प्रेमियों और शुभचिंतक को संजीव मिश्रा ने दिया बधाई पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7**

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।**

पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 के तृतीय चरण के अंतिम दिन कबड्डी ओपन टू आल बालक वर्ग प्रतियोगिता खेली गई। पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन सह अध्यक्ष पनोरमा स्पोर्ट्स श्री संजीव मिश्रा ने विभिन्न खेलों के मैच रेफरी, खिलाड़ियों, कमिटी सदस्य गण एवं खेल प्रेमियों और शुभचिंतक को दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। और कहा मां दुर्गा से आप सभी की



उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि चौथे चरण के साइकिलिंग प्रतियोगिता हेतु निर्धारित रुट की अनुमति जिला प्रशासन पूर्णिया से अनुमति मिलने पर यथाशीघ्र घोषित कर दी जाएगी। कबड्डी ओपन टू आल बालक प्रतियोगिता के 9 मैच खेले गए । प्रत्येक मैच हेतु ड्रॉ निकाला गया। ड्रा के माध्यम से टाई सीट बनाई गई।

**मैच परिणाम**

1. पूर्णिया पैंथर ने परोरा क्लब को 48-18 से हराया।2. जिला स्कूल एन सी सी ने विद्या विहार आवासीय विद्यालय को 20-19 से हराया।3. माउंट सिनाई स्कूल कसबा ने सेंट मोसेस स्कूल को 18-13 से हराया। 4. नेशनल यूथ क्लब ने एन सी सी को 42-19 से हराया।5. काझा कबड्डी क्लब ने सरना कबड्डी क्लब को 34-30 हराया 6. नेशनल यूथ क्लब ने माउंट सिनाई स्कूल कसबा को 36-14 हराया।7. पूर्णिया पैंथर क्लब ने काझा कबड्डी क्लब को 40-19 से हराया।8. पूर्णिया पैंथर क्लब ने जिला स्कूल एन सी सी को 26-05 से हराया।

**फाइनल मुकाबला:-**

पूर्णिया पैंथर क्लब ने नेशनल यूथ क्लब को एकतरफा मुकाबले में 16-07 से हराकर चैंपियन बना। मैच रेफरी की महत्वपूर्ण भूमिका सुशील कुमार, हरीश, मासूम, शिवम् , खुशी कुमारी, भावना कुमारी ने निभाई। फाइनल मुकाबले के अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन सह अध्यक्ष पनोरमा स्पोर्ट्स श्री संजीव मिश्रा, आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, मो मंजर मोहशिम, अमृत साजन, विकास कुमार, राजीव कुमार, अमर कांत झा आदि उपस्थित थे।

# युवा भाजपा नेता नागेश्वर यादव का सदस्यता अभियान में सफल प्रदर्शन

**नरपतगंज में दूसरे स्थान पर रहे नागेश्वर यादव**

**दैनिक समाज जागरण नरपतगंज**

भाजपा द्वारा देश भर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में अररिया जिले के नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र में युवा नेता नागेश्वर यादव ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वे इस अभियान में जिले में दूसरे स्थान पर रहे हैं, जिससे उनके समर्पण और मेहनत की प्रशंसा हो रही है।

**क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क,पीएम मोदी के विकास कार्यों की जानकारी**



नागेश्वर यादव लगातर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं।उन्होंने नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों और मंदिरों का भ्रमण किया। इस दौरान, उन्होंने क्षेत्रवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी और बिहार सरकार के कार्यक्रमों पर चर्चा की। लोगों की सुख-समृद्धि के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना,समुदाय के बीच मजबूत संबंध युवा नेता ने मां दुर्गा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उनके इस प्रयास ने स्थानीय जनता में उत्साह और समर्थन बढ़ाया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नरपतगंज का विधायक ऐसा ही सक्रिय और समर्पित होना चाहिए।

**उपस्थित गणमान्य व्यक्ति, समर्थन से प्रेरित युवा नेता**

इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें निम्नलिखित शामिल थेःआलोक यादव अनिल यादवसंतोष यादव संजीव यादवराजेंद्र यादव (मुखिया) जितेन यादव गब्बर मेहता मो तैयब प्रमोद यादव रमेश राम सोभन पाल सूयार्नंद यादवरविकांत यादव रूपेश कुमार सुशील मेहता अनिल संतोष आदि हैं।

# 16 एवं 17 अक्टूबर 2024 को जिला युवा महोत्सव का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण रवि कुमार**

जिला युवा महोत्सव-2024 का आयोजन जिले में दिनांक 16 एवं 17 अक्टूबर को कमला बालिका उच्च विद्यालय, डुमरा में 10:00 बजे पूर्वाह्न से लेकर 5:00 बजे अपराह्न तक आयोजित किया जाएगा। युवा महोत्सव का आयोजन पूरे धूमधाम एवं उत्साह के साथ होगा जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी विभिन्न विधाओं मे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।विधावार चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शिरकत करेंगे जहां से चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्र स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। प्रभारी पदाधिकारी समान्य शाखा बिरजू दास द्वारा बताया गया कि 16 एवं 17अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम में पार्टिसिपेट करने वाले प्रतिभागियों की उम्र 15 वर्ष से 29 वर्ष तक होगी। युवा महोत्सव का सफलता पूर्ण आयोजन के निमित्त जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी समान्य शाखा को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। युवा महोत्सव कार्यक्रम के दरमियां विधि व्यवस्था संधारण की जिम्मेदारी सदर एसडीओ को दी गई है। जिला युवा महोत्सवझ 2024 के आवेदन का प्रारूप जिले के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है तथा विभिन्न माध्यमों से इसे सार्वजनिक भी किया गया है। साथ ही इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को भी विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। उप विकास आयुक्त मनन राम की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है। विभिन्न विधाएं यथाःझ समूह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, समूह लोक गीत, एकल लोक गीत, कहानी लेखन, कविता लेखन, चित्रकला,वक्तृता इत्यादि के लिए निर्णायक मंडल का भी गठन किया गया है जिसमें पदाधिकारियों के साथ संबंधित विद्या के जानकार व्यक्ति शामिल हैं।बताया गया कि जिला युवा उत्सवझ 2024 के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों में भारतीय संस्कृति के आधारभूत मूल्य जैसे :झराष्ट्रीय एकता, अखंडता, मैत्री शांति,राष्ट्रभक्ति इत्यादि से संबंधित प्रस्तुति की जाएगी। युवा महोत्सव में विभिन्न विधाओं से संबंधित प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम में देश और राज्य की लोक संगीत एवं लोक नृत्य की समृद्ध विरासत को मंच प्रदान किया जाएगा।जिला युवा महोत्सवझ2024 में निबंधन हेतु आवेदन जिला समान्य प्रशाखा, सीतामढ़ी/ जिला शिक्षा पदाधिकारी सीतामढ़ी/ जिला वेबसाइट से दिनांक 09-10-2024 से 15-10-2024 तक प्राप्त कर 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 अपराह्न के बीच जिला समान्य प्रशाखा/ जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।विभिन्न विधाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा जबकि सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# राजापाकर में रावण पुतला दहन की विशेष तैयारी

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा। राजापाकर हाई स्कूल के मैदान पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा के दिन रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण के पुतले को अंतिम रूप देने में श्रमिक कलाकार दिन-रात लगे हुए हैं। विदित हो कि उक्त मैदान के प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है साथ ही दशहरा के दिन रावण वध का भी आयोजन किया जाता है। रावण के पुतले के निर्माण में श्रमिक कलाकार चंदेश्वर राम ब्रह्मदेव राम आदि लगे हुए हैं। बुधवार को पुतले को वस्त्र से लिपटाया जा रहा है। इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 20 से 25 हजार की भीड़ इकट्ठी हो जाती है। पुतले का आकार लगभग 50 फीट रखा गया है। पूजा समिति के अध्यक्ष चंदू राय सचिव जगन्नाथ राय कोषाध्यक्ष पंकज कुमार यादव मेला प्रबंधक संजय राय कुंभ मेला प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सच्चिदानंद राय सदस्यों में राजकुमार राय अरुण कुमार नीतीश कुमार दीपक कुमार मंजेश कुमार अमरनाथ राय प्रिंस यादव शिव शंकर वर्मा धनजीत राय पंडाल निमार्ता मनोज कुमार सेवक दल अध्यक्ष मिथिलेश राय निगरानी करते रहेंगे

# राजापाकर के भलुई में बृहत लंगर का आयोजन किया जाएगा

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा । प्रखंड के भलुई हाट स्थित मां दुर्गे की स्थापित प्रतिमा के पूजा पंडाल में आगामी नवमी एवं दशमी तिथि को पूर्व जिला पार्षद एवं जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष मजे लाल राय पूर्व जिला पार्षद आरती राय एवं उनकी पुत्रवधू डॉक्टर अनुराधा श्री के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा पूजन उत्सव के पावन शुभ अवसर पर विराट लंगर का आयोजन किया जाएगा मौके पर अनेक श्रद्धालुओं एवं प्रखंड और जिला वासियों के बीच प्रसाद रूप में विभिन्न प्रकार के विशुद्ध खाद्य पदार्थ ग्रहण कराए जाएगें। इस साल लंगर 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार एवं 12 अक्टूबर दिन शनिवार को देर रात





तक जारी रहेंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं एवं जिला वासियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस लंगर में भाग लेकर कृतार्थ करें।

# युवा संगम (पांचवां चरण) में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**पंजीकरण 21 अक्टूबर 2024 तक स्वीकार किए जाएंगे**

**युवा संगम के विभिन्न चरणों में 114 यात्राओं में देश भर के 4790 से अधिक युवाओं ने भाग लिया**

शिक्षा मंत्रालय द्वारा आज एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) के तहत युवा संगम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल लॉन्च किया गया। युवा संगम भारत सरकार द्वारा देश के विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं को लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए एक पहल है। 18-30 वर्ष की आयु के इच्छुक युवा, मुख्य रूप से छात्र, एनएसएस/एनवाईकेएस स्वयंसेवक, कार्यरत/स्व-रोजगार वाले व्यक्ति आदि वर्ष 2023 में शुरू की गई इस अनूठी पहल के आगामी चरण में भाग लेने के लिए युवा संगम पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण 21 अक्टूबर 2024 तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2015 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच एक सतत और संरचित सांस्कृतिक संबंध का विचार प्रस्तुत किया था। इस विचार को मूर्त रूप देने के लिए 31 अक्टूबर 2016 को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम शुरू किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत की उत्पत्ति और विकास के साथ-साथ कार्यक्रम के तहत आयोजित गतिविधियों, विशेष पहलों और अभियानों की जानकारी ई-बुक एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत शुरू किया गया युवा संगम पंच प्राण के दो तत्वों - एकता में शक्ति और विरासत में गौरव को आगे बढ़ाता है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ संरेखित करताकरता है, जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा और भारत की समृद्ध विविधता के ज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से आत्मसात करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह विविधता के उत्सव के साथ चल रहा एक शैक्षिक सह सांस्कृतिक आदान-प्रदान है

# मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर पूर्व मंत्री सह सिकटी विधायक विजय मंडल ने की क्षेत्र वासियों की खुशहाली और उन्नति की कामना

**दैनिक समाज जागरण कुसार्कांटा ।**

सिकटी के भाजपा विधायक सह पूर्व मंत्री विजय कुमार मंडल ने नवरात्र के मौके पर विभिन्न दुर्गा पंडालों, मंदिर और मैया जागरण में सम्मिलित होकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली और उन्नति



की कामना की। इस मौके पर उन्होंने दुगार्पूजा की सभी को बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना करते हुए कहा है कि वे सबके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 10



# रोशन चौधरी के सौजन्य से पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल खेल का आयोजन

बेलवा टोला ने इमली चौक को 2-1 से हराया



बड़कागांव फोटो मौके पर उपस्थित लोग

**दैनिक समाज जागरण न्यूज विनोद कुमार की रिपोर्ट बड़कागांव**

बड़कागांव।प्रखंड के सांढ़ पंचायत कुशवाहा खेल मैदान छपेरवा में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़का गांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के सौजन्य से पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया गया।जिसमें बेलवा टोला ने इमली चौक को 2-1 से हराया।वही मुख्य अतिथि रोशन चौधरी के पुत्र रितिक चौधरी को गुलदस्ता व माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस दौरान खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि रितिक चौधरी ने कहा कि बड़कागांव में प्रतिभा की कमी नहीं हैं बस उस खिलाड़ी युवकों को नशा से दूर रह कर खेल खेलना चाहिए , वही विजेता टीम बेलवा टोला टीम को शील्ड व मेडल वॉलीबॉल एंव उपविजेता टीम इमली चौक को शील्ड व मेडल देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।मौके पर आजसू पार्टी के जिला सचिव गिरेन्द्र प्रसाद, जिला संगठन सचिव महेंद्र विश्वकर्मा, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह ,कामेश्वर महतो , प्रखंड सचिव मनोज दांगी, अजित प्रसाद, राजीव कुमार रंजन, संजय कुमार, पप्पू कुमार सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# जे बी के एस एस \जे एल के एम जिला अध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर उद्घघाटन।

**राहुल कुमार गुप्ता संवादाता दैनिक समाज जागरण विष्णुगढ़।**

विष्णुगढ़ प्रखण्ड के गाल्होबर पंचायत के पुरनी केंदुआडीह टोला में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पांच सप्ताह से पूरे गांव में अंधेरा छाया हुआ था। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष सह विष्णुगढ़ उपप्रमुख श्री सरयू साव जी, पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, माही पटेल ने परिस्थिति को संज्ञान में लेकर बिजली विभाग से संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। जिलाध्यक्ष श्री साव ने कहा कि समस्या ये नही कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया और गांव अंधेरा हो गया, समस्या ये है कि सरकार के पास इन परिस्थितियों का कोई विकल्प नहीं है। एक ट्रांसफार्मर बनाने में कई



सप्ताह लग रहा है।जिलाध्यक्ष सह उप प्रमुख सरयू साव ने कहा कि झारखंड सरकार हम झारखंडियों का सिर्फ शोषण कर रही है और सुविधा बाहरियों को दे रही है। बिजली बिल माफ के नाम पर चुनाव लडने की तैयारी कर रही है और सुविधा के नाम पर विभाग का कहीं कोई व्यवस्था नहीं है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने कहा कि सरकार पूरी तरह लापरवाह है आमजनमानस की समस्या सरकार की समस्या होनी चाहिए, लेकिन सरकार सिर्फ पूजीपतियों की गुलाम बन चुकी है, प्रखण्ड के कई गांवों में ट्रांसफॉर्मर अभी खराब है। तीन सप्ताह बाद पुनः बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। मौके पर महेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, प्रखंड महामंत्री गुलाब महतो, प्रखंड संगठन मंत्री विशेश्वर महतो, माही बाबू, मुकेश कुमार, राजकिशोर पटेल, खेमनारायण महतो, घनश्याम महतो, सनी कुमार, संजय महतो, आदि सैकड़ों महिला पुरूष और ग्रामीण उपस्थित थे।

# शारदीय नवरात्र दुर्गा महाष्टमी पूजा आज ,महानवमी पूजन कन्या पूजन भोजन 11 को

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता टाटीझरिया।**

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के डूमर निवासी सोनू पाण्डेय ने कहा की इस वर्ष 2024 में आश्विन महीने के शारदीय नवरात्रि मनाए जाने के दौरान शंका संदेह श्रद्धालुओ द्वारा जताया जा रहा है की आखिर कब है महाष्टमी पूजा , संधि बलि पूजन और महानवमी पूजन की शुभ मुहूर्त यह समस्याओं के समाधान को लेकर उन्होंने कहा की जो हृकेश पञ्चांग मतानुसार शुभ मुहूर्त दिया गया वही मान्यता के अनुसार ही क्षेत्र में पूजा अर्चना आराधना की जानी चाहिए। जो निम्नलिखत है

**जाने शारदीय नवरात्र का शुभ मुहूर्त:-**

1.दिनांक 3/10/2024 - आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि दिन गुरुवार कलश स्थापन एवं श्री दुर्गा सप्तशती पाठारंभ

2.दिनांक 8/10/2024 आश्विन शुक्लपक्ष दिन मंगलवार बिलवाभिमंत्रण ।3.दिनांक 9/10/2024 दिन बुधवार आश्विन शुक्ल पक्ष नवपत्रिका प्रवेश ,प्राण प्रतिष्ठा, एवम सप्तमी पूजन

4.दिनांक 10/10/2024 आश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी दिन गुरुवार महाष्टमी पूजा शाम 7:00 बजे से आरंभ

5.दिनांक 11/10/2024 आश्विन शुक्ल पक्ष दिन शुक्रवार प्रातः 5 बजे से संधि बलि पूजन एवम कुष्मांड बलि(संधि बलि) प्रातः 6:52 पर तत्पश्चात महानवमी पूजन , पाठ,समापन एवम हवन।

6.दिनांक 12/10/2024 आश्विन शुक्ल दशमी बिजयादशमी पूजन,नवापत्रिका विषर्जन, एवम मूर्ति विषर्जण।बता दे की दुर्गा पूजा नवरात्र करने के दौरान शास्त्रों के मतानुसार मान्यता है की अभीष्ट सिद्धि फल की प्राप्ति तभी मिलती है जब 9 दुर्गा रूपी कुमारी कन्याओ की पूजा होती है। इसलिए नवरात्र करने वाले श्रद्धालुओ को चाहिए की वे कुमारी कन्या पूजन भोजन अवश्य करवाए। इससे नारी शक्ति की सम्मान होती है।

**कुमारी कन्या पूजन की विधि :-**

1.सर्व प्रथम कन्याओं को शुद्ध आसन पर बैठाकर पैर धोए आलता या लाल रंग से उनके पैर को सुशोभित कर श्रृंगार करे ।2. लाल वस्त्र या चुनरी ओढ़ाए।3.कन्याओं को ललाट में कुमकुम रोली या चंदन लगाएं।4. रक्षा सूत्र कलावा मौली धागा उनके हाथो में बांधे।5. उन्हे नम्रता पूर्वक फल ,खीर पुड़ी हलवा अन्य विभिन्न व्यंजन का भोजन करवाएं ।6. यथा शक्ति उन्हे वस्त्र ,आभूषण,दक्षिणा उपहार देकर भेंट करे। इन कार्यों को करने से माता जगत जननी दुर्गा की आसिम कृपा प्राप्त होती तथा शत्रु ,विध्न बाधाओ से रक्षा होकर अभीष्ट सिद्धि की प्राप्ति होती है।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से जय मां काली पूजा समिति (काली बाड़ी) के पूजा पंडाल का उद्घाटन किया।

पूजा समितियों ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का ससम्मान माता की चुनरी ओढ़ा कर किया स्वागत उपायुक्त ने तय मानकों के अनुरूप पूजा संपन्न कराने का निर्देश देते हुए पूजा पंडालो का किया अवलोकन






**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने गुरूवार यानी नवरात्र के आठवें दिन आयोजित हो रहे शहरी क्षेत्र के सभी प्रमुख पूजा पंडालों का भ्रमण कर माता के दर्शन किए तथा सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न पूजा मंडपो में मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। पूजा समिति के सदस्यों ने उनके स्वागत में माता की चुनरी ओढ़ा कर सम्मान दिया। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने माता का भोग भी ग्रहण किया।उपायुक्त व एसपी ने जिला भ्रमण के दौरान आयोजकों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था व साफ सफाई बरकरार रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी आयोजकों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष के अलग अलग निकास व प्रवेश द्वार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आयोजन स्थल पर सीसीटीवी,अग्निशमन, बिजली, प्रकाश आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। पंडाल भ्रमण के दौरान आयोजकों द्वारा आकर्षक पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था को देख उपायुक्त ने खुशी जाहिर की तथा उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं दी।शहरी क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो के भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार मौजूद रहे।

# सलगावाँ में ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

**मनोज कुमार संवाददाता कटकमदाग**

कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्र के सलगावाँ गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन महेश प्रसाद समाजसेवी ने फिता काट कर किया । साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को काफी सहयोग मिलेगा और ग्राहक सेवा केंद्र का



संचालन सुबह १० से शाम पांच तक जमा और निकासी का कार्य किया जाएगा।वहीं सत्यानंद देव मैनेजर बैंक ऑफ बडौदा ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को भीड़भाड़ राहत मिलेगा और उन्होंने कहा कि बैंक में बुजुर्ग महिला पुरुष को बैंक से संबंधित कार्य करवाने में भीड़ के कारण होने वाले परेशानियों का सामना अब नहीं करना पड़ेगा और उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र से खाता धारक प्रतिदिन 20000 रुपए का निकासी या जमा कर सकते हैं उद्घाटन समारोह में शामिल सत्यानंद देव बैंक मैनेजर बैंक ऑफ बडौदा, बबलू राम, महेश प्रसाद, रूपलाल प्रसाद बैंक मित्र,मनोज कुमार,हीरामन महतो, राजेंद्र प्रसाद, मनोज साव, प्रभात कुमार एवं अन्य ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे

# सरैया मे अत्याधुनिक उपकरणों से लैस लाइफ लाइन डाइग्नोस्टिक सेन्टर का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा-पदमा प्रखंड के सरैया पानी टंकी के निकट अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जांच केंद्र का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि बरही के पूर्व विधायक श्री मनोज कुमार यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया।पूर्व विधायक ने जांच केन्द्र में अत्याधुनिक उपकरणों का भी जायजा लिया।इस जांच केंद्र में अनुभवी एवं सिद्धहस्त टेक्नीशियन की सेवाएं ली जाएंगी।लाइफ लाइन डाइग्नोस्टिक सेंटर के संचालक गौतम राणा ने बताया कि हमारे जांच केंद्र में सभी प्रकार के पैथोलोजिकल जांच गुणवत्तापूर्ण तरीके एवं सिद्धहस्त टेक्नीशियनों के द्वारा किया जाएगा,साथ ही जाँच तुलनात्मक दृष्टिकोण से न्यूनतम दर पर उपलब्ध किया जाएगा।पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में जाँच केंद्र खुलने



से इस क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी।मौके पर भाजपा नेता नारायण यादव, अवध यादव, उप प्रमुख सतेंद्र राणा,स्थानीय मुखिया शांति देवी,पिण्डारकोंन पंचायत की मुखिया सुनीता देवी,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मेहता उर्फ पंतू मेहता,रामानंद गिरी,सुरेंद्र गुप्ता,बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह,पूर्व पं.समिति सदस्य अशोक राणा,मुनेश्वर मेहता,टिंकू शर्मा,डॉ रणधीर सिंह,आशीष वर्मा,अनिल राणा ,मिनेश्वर मेहता,अशोक यादव, बिजय यादव,अजित गिरी,पिंटू मेहता,गोविंद पोद्दार,बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, ऋषि मेहता,मनोज गुप्ता,लंकेश राणा आदि उपस्थित रहे

# नो एंट्री का पालन हो भारी वाहनों पर पूरी तरह से रोक लगे: जिप सदस्य

बड़कागांव फोटो जिप सदस्य यासमीन निशा

**दैनिक समाज जागरण बिनोद कुमार की रिपोर्ट ( बड़कागांव)**

बड़कागांव : बड़का गांव में बुधवार की देर शाम भारी वाहन की चपेट में आने से बड़का का मुख्य चौक निवासी विजय खंडेलवाल की पत्नी का दोनों पैर बुरी तरह से टूट गया। महिला बड़कागांव दैनिक बाजार से पूजा कर घर वापस लौट रही थी।इस बाबत घटना को लेकर पूरा प्रखंड के लोग चिंतनिय हैं और भारी वाहनों का नो एंट्री का उल्लंघन को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। घटना को लेकर जिप सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि पुलिस प्रशासन का निष्क्रियता दिखता है की, दुर्गा पूजा पर्व पर भी बड़ी गाड़ियों को मुख्य चौक से एंट्री क्यों मिली।जब कि इस समस्या को लेकर उपायुक्त महोदय



को भी लोगो द्वारा आवेदन दिया जा चुका है। दुर्गा पूजा जैसे महापर्व में भी बड़ी-बड़ी गाड़ियों का अवागमन से बड़कागांव मुख्य चौक घंटों जाम हो रहा है।बड़कागांव में जाम कि समस्या से अब लोग ऐसा महसूस करने लगे हैं की बड़कागांव में खरीदारी करने से भी कतरा रहे हैं। इससे यहां की व्यवसाय पर बहुत बुरा असर पड़ने लगा है। इसलिए मैं प्रशासन के पदाधिकारी से अपील करती हूं कि, कम से कम दुर्गा पूजा तक बड़े वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। और मुख्य चौक पर फोर्स तैनात किया जाए।साथ ही साथ व्यवसाय वर्ग के लोगों से भी अपील करती हूँ कि आप अपने माल वाहन गाड़ी को या तो सुबह या तो रात में अनलोड करें, और आम जनता अपनी दो पहिए वाहन एवं चार पहिए वाहन को जहां-तहां न खड़ा करें।

# रतन टाटा के निधन पर डॉ. अमित सिन्हा ने जताया गहरा शोक, कहा-एक युग का हो गया अंत

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

हजारीबाग प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा के निधन पर डॉ. अमित सिन्हा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. सिन्हा, जो इस समय मौन साधना में हैं, ने लिख कर बताया कि रतन टाटा के जाने से एक युग का अंत हो गया है। वह सिर्फ एक उद्योगपति नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा के संरक्षक और राष्ट्र निर्माण के प्रतीक थे। डॉ. सिन्हा ने लिखा, "रतन टाटा का जीवन केवल व्यवसाय को मुनाफे तक सीमित नहीं रखता था, बल्कि उन्होंने व्यापार को समाज सेवा और राष्ट्र की जिम्मेदारी का माध्यम बनाया। उनकी विनम्रता, दूरदर्शिता और मानवीय दृष्टिकोण अनगिनत पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगे। आगे लिखते हैं रतन टाटा का व्यक्तित्व हमेशा विनम्रता



और सेवा भाव से ओतप्रोत रहा। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने न केवल व्यावसायिक सफलताएँ प्राप्त कीं, बल्कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को भी सशक्त किया। उनकी परोपकार और समाज सेवा की भावना हमेशा याद की जाएगी। आज देश ने एक महानायक खो दिया, लेकिन उनकी विरासत हर उस मुस्कान में जीवित रहेगी, जिसे उन्होंने किसी न किसी रूप में संवारा। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके आदर्शों पर चलने का साहस हम सभी को दें। रतन टाटा जी का नाम हमेशा भारतीय उद्योग जगत में उनकी दूरदृष्टि और मानवीय मूल्यों के प्रतीक के रूप में अमर रहेगा। उनके योगदान को देश कभी नहीं भुला सकेगा।

# हाथामेढी गांव दुर्गा मंडप से सप्तमी पूजा में कलश यात्रा निकाली।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

कटकमदाग प्रखण्ड के हाथामेढी गांव के दुर्गा मंडप के पास नवरात्रा के सातवें दिन बुधवार को हाथामेढी के ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कुंवारी कन्या के साथ माता बहनों ने गोंदा डेम से क्लश में जल भर कर पूजारी महेंद्र पान्डेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के



साथ पूजा अर्चना कर हाथामेढी पूजा पंडाल तक कलश यात्रा निकाली गई वही लोगों द्वारा बताया गया कि इस बर प्रथम वर्ष हमलोग ने गांव में माता दुर्गा शक्ति की प्रतिमा का आयोजन किया है। पहले गांव में पाठ के द्वारा पूजा अर्चना किया जाता था। इस वर्ष हमलोगों ने बहुत ही खुशी से माता दुर्गा शक्ति की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर हाथामेढी ग्रामीण जनता एवं पूजा समिति अध्यक्ष राजेश प्रजापति बालेश्वर प्रसाद सुरेन्द्र ठाकुर दिलचन्द कुमार दीपक पंडित मनोज प्रजापति पवन कुमार मुकेश प्रजापति राजा आनंद कुमार बिनोद कुमार भैरौ कुमार रामस्वरूप कुमार अजय कुमार दिलीप कुमार इत्यादि

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनोद कुशवाहा ने हजारीबाग के पूजा पंडालों में मां दुर्गा का लिया आशीर्वाद।

**मिंटू कुमार संवादाता दैनिक समाज जागरण सदर प्रखंड**

हजारीबाग झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और सदर विधानसभा के भावी प्रत्याशी विनोद कुशवाहा , कुशवाहा परिवार का आन बान और शान। सदर विधानसभा के भावी विधायक। हजारीबाग सदर के विभिन्न गांवों और शहरों में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने हर पंडाल में जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की खुशहाली, शांति एवं समृद्धि की कामना की। दौरे के दौरान विनोद कुशवाहा ने पूजा पंडालों में मौजूद स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उन्हें दुर्गा पूजा के महत्व को बताते हुए धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में आपसी भाईचारे और सद्भावना को भी



बढ़ावा देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से शांति, प्रेम और एकजुटता के साथ इस त्योहार को मनाने का अनुरोध किया, ताकि समाज में सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूती मिले। विनोद कुशवाहा का यह कदम उन्हें क्षेत्र के धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता से जुड़ा दशार्ता है। उनके इस दौरे का मकसद केवल मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करना और समाज में एकजुटता का संदेश देना भी था। उनके इस प्रयास को लेकर स्थानीय जनता में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई लोगों ने कहा कि कुशवाहा का यह कदम उन्हें एक लोकप्रिय और जनहितैषी नेता के रूप में प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समृद्धि तभी संभव है जब जनता के सभी वर्ग मिलकर समाज की बेहतरी के लिए काम करें। स्थानीय लोगों ने भी उनके दौरे की सराहना की और कहा कि एक नेता का जनता के बीच रहकर उनके साथ त्योहार मनाना और उनके सुख-दुख में शामिल होना, एक सकारात्मक संदेश देता है। विनोद कुशवाहा ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे दुर्गा पूजा जैसे महान पर्व को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाएं और आपसी सहयोग से क्षेत्र को खुशहाल और समृद्ध बनाएं।

# भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति में मनोनीत हुए सोनू गुप्ता

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

हजारीबाग किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने संतोष कुमार गुप्ता (सोनू गुप्ता) को इस महत्वपूर्ण पद के लिए मनोनीत किया है।पवन साहू ने भी सोनू गुप्ता की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की, और कहा कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा और मजबूत होगा।इस अवसर पर सोनू गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू को तहे दिल से धन्यवाद दिया ,यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। मैं किसान समुदाय की



समस्याओं को समझते हुए उनके हितों के लिए काम करने का संकल्प लेता हूँ।" इस मनोनीति के बाद, सोनू गुप्ता ने सभी को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया और कहा कि हम मिलकर किसानों के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे ' "हमारा लक्ष्य इस विधानसभा झारखण्ड में पूर्ण बहुमत से बने भाजपा की सरकार ।इस दायित्व को मिलने के बाद बधाई देने वालों में किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला वरिष्ठ भाजपा नेता केपी ओझा जिला महामंत्री सुमन कुमार जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू कुलदीप कृष्णा और बहुत सारे भाजपा नेता ने बधाई दी

# कटकमसांडी में सांसद मनीष जायसवाल ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर माथ टेका

**अरविंद कुमार यादव संवादाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी**

सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार की देर शाम मां दुर्गा पूजा के आठवें दिन कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा कर मां दुर्गा के अष्ठम स्वरूप महिषासुरमर्दिनी मां कात्यायनी की पूजन में शामिल होकर माथा टेका। इस दौरान सांसद ने मां दुर्गा के समक्ष माथा टेका और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जनता की सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक भ्रमण का एक ही उद्देश्य है कि माता रानी लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं। आदिशक्ति मां दुर्गा से मैं जनता की सुखमय जीवन की प्रार्थना कर रहा हूं। इस दौरान हर एक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने



सांसद का भव्य स्वागत किया। सांसद ने कंचनपुर के हेदलाग, छड़वा काली मंदिर, डांड, कंडसार, लुपुंग, बर गड्डा, खूटरा,गदोखर,पबरा,पेलावाल सहित कई पंडालों में किए भ्रमण। इस दौरे में मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा,जिला मंत्री रीतलाल यादव,पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि,पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर,मुखिया अशोक राणा,मुखिया नारायण साव,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भोला राणा,महामंत्री अरविंद यादव,युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता,महामंत्री राकेश सिंह,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महावीर सिंह,मिथलेश सिंह,नरेश पासवान,राहुल यादव,सतीश पांडे,बिरंद्र ओझा,रामू राम,सचिन मेहता, सरयू राम, अजय राणा,विनोद सिंह,लेखराज यादव,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा कों लेकर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक।

**दैनिक समाज जागरण रवि कुमार**

सीतामढ़ी :- शांतिपूर्ण एवं सहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां मुकम्मल की गई है। इस क्रम में गुरुवार कों पुपरी थाना परिसर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण एवं सद्भावनापूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन में आप सबों की अहम भूमिका है। आप सभी के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन सफलतापूर्वक हो पाएगा। पूर्व के भांति इस वर्ष भी आपका सहयोग अपेक्षित है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पूजा के अवसर पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि सोशल मीडिया पर नजर रखें ।किसी भी तरह का विवाद, विवादित टीका टिप्पणी, विवादित पोस्ट ,वीडियो ऑडियो पोस्ट इत्यादि की कोशिश करने वाले वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा बाजपट्टी प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण भी किया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य बिंदुओं पर जानकारी हासिल की गई तथा पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए।

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 11



# कानपुर में बढ़ी रेडीमेड रावणों की मांग, पड़ोसी जिलों से भी खरीदने आते लोग

- सस्ते एवं आकर्षक होने के कारण आसपास के जिलों के लोग भी खरीद ले जाते कानपुर से रावण के पुतले



**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील बाजपेई**

कानपुर। रावण अब केवल मेलों में ही नही बल्कि गली - गली में भी जलाये जाने लगे हैं। लोगों की यह इच्छा पूरी कर रहे हैं - रेडीमेड रावण। जबकि पहले रामलीला के आयोजन में ही रावण का पुतला फूंका जाता था। इस बार यहां रेडीमेड रावण की बिक्री जमकर हो रही है। सस्ते एवं आकर्षक होने के कारण आसपास के जिलों के लोग भी महानगर से रावण के पुतले खरीद कर ले जाते हैं। पड़ोसी जिले फरुखाबाद के मोहन लाल बताते हैं कि वह हर साल कानपुर से ही रावण के पुतले की खरीददारी करते हैं ,क्योंकि यहां पर विभिन्न प्रकार की वैरायटी के साथ रावण के पुतले 500 से लेकर5000 तक में आसानी से मिल जाते हैं। यहां कई साल से रावण के पुतले बनाकर बेच रहे कमलाकांत का कहना है कि उनके पास हमीरपुर, उरई, रमाबाई नगर तथा आसपास कस्बों से लोग रेडीमेड रावण की खरीददारी करने आते हैं। इधर कुछ सालों से बच्चों में भी इस रेडीमेड रावणों की मांग खूब बढ़ी है। यहां जीटी रोड पर तो बिक्री के लिए बाकायदा रावणों का मेला जैसा लगता हैं। जहां बच्चों के लिए रेडीमेड रावण खरीदने वालों की संख्या भी सैकड़ों में होती है।

# अधिक दहेज मांगने का आरोप लगा वर पक्ष पर दर्ज कराया मुकदमा

कन्या पक्ष ने हड़पे रिंग सिरेमनी में मिले आभूषण,
स्थानीय पुलिस से मदद न मिलता देख लड़के वालों ने कोर्ट में लगाई मदद की गुहार,

**अरुण सिंह दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले परिवारों ने आपसी सहमति से अपने बेटे और बेटी का विवाह तय कर लड़की पक्ष के घर पर रिश्तेदारों की मौजूदगी में रिंग शिरेमनी का आयोजन किया ।रिंग सिरेमनी के बाद ही रिश्ता तोड़ लड़की वालों ने वर पक्ष पर अत्यधिक दहेज मांगने का आरोपी बना कर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया और रिंग शिरेमनी में मिले आभूषण को देने से इंकार कर दिया । कन्या पक्ष के कृत्य से परेशान लड़के वालों ने स्थानीय थाने में मदद की गुहार लगाई ।थानीय थाने से मदद न मिलता देख पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली । वर पक्ष की बातों को सुन न्यायालय ने स्थानीय थाने को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है । आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद खालसा में अपने परिवार संग रहने वाले असगर अली की माने तो उन्होंने अपने बेटे अजहर अली का विवाह बंगला बाजार स्थित सालेह नगर निवासी मोहम्मद शोएब की बेटी रोशनी से तय हुआ था । दोनों पक्षों की रजामंदी और रिस्तेदारो की मौजूदगी में माह अप्रैल में सालेह नगर स्थित मोहम्मद शोएब घर पर रिंग शिरेमनी का कार्यक्रम आयोजित हुआ । अजहर अली ने खुशी के इस मौके पर अपनी हैसियत के अनुसार होने वाली बहू को सोने की एक अंगूठी समेत करीब डेढ़ लाख कीमत का एक हार भेट स्वरूप देकर माह नवम्बर में विवाह का होना तय किया । रिंग शिरेमनी के तीन माह बाद लड़की पक्ष वालों ने लड़के वालों पर अत्यधिक दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए रिश्ते को तोड़ दिया और आरोपित बना कर स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत करा दिया । लकड़ी पक्ष के कृत्य से हैरान परेशान लड़के वालों ने अपना दिया हुआ सामान वापस माँगा तो लड़की वाले लड़के वालों को जेल भिजवाने की धमकी देने लगे ।लड़की पक्ष की बातें सुन परेशान लड़के वालों ने स्थानीय थाने में मदद की गुहार लगाई लेकिन स्थानीय पुलिस से कोई मदद न मिलता देख लड़के वालों ने न्यायालय के समक्ष मदद की गुहार लगाई । वर पक्ष की बात सुन अदालत ने आशियाना थाने को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश देकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं ।

# एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में 9 परियोजना प्रभावितों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**दैनिक समाज जागरण**

अमलाई (विजय तिवारी) ।एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र द्वारा दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को 9 परियोजना प्रभावितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। सोहागपुर क्षेत्र की रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के भू-स्वामियों को महाप्रबंधक




सोहागपुर क्षेत्र श्री पी श्रीकृष्णा द्वारा भू-स्वामियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनका एसईसीएल परिवार में स्वागत किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर सभी भू-स्वामियों द्वारा नियुक्ति पत्र देकर भूमि-अधिग्रहण के प्रकरण के त्वरित निपटान के लिए एसईसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया गया।

# गड्ढा मुक्त सड़कों के दावे हवा हवाई, तेलीबाग गोपाल नगर में सड़क का बुरा हाल।

ड्रेनेज सिस्टम बनने के बाद फिर नहीं बनी सड़क,जगह जगह धंसी ,
खरिका वार्ड प्रथम, जोन आठ,



**अरुण सिंह दैनिक समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरकार के सड़क और नगर निगम की सड़को को गड्ढा मुक्त करने का आदेश अधिकारियों, और स्थानीय प्रतिनिधियों ने न मानने का मन बना लिया है ।उनको आम जनता की कठिनाइयों से कुछ लेना देना नहीं है ।जिसका परिणाम यह है कि किसी तरह एक बार नाली सड़क निर्माण के बाद कोई देखने वाला नहीं है ।मामला खरिका वार्ड प्रथम, नगर निगम जोन आठ का है ।तेलीबाग बाजार से,खरिका पंचायत भवन को जोड़ने वाली सड़क जहां अतिक्रमण से कराह रही है। वहीं उसी सड़क से गोपाल नगर कालोनी को जोड़ने वाली टाइल की 14 फिट चौड़ी सड़क पर जगह जगह धंसने से गड्ढे हो गए हैं।

**ड्रेनेज सिस्टम बनने के बाद नहीं हुआ काम -**

स्थानीय निवासी विश्वजीत सिंह,किशोर कुमार ने बताया कि करीब 9 वर्ष पहले पूर्व पार्षद प्रताप सिंह के कार्यकाल में मोहल्ले में जलभराव से निजात दिलाने हेतु ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराया गया था।और सीसी रोड की जगह टाइल लगा दी गई ।जलभराव से तो कुछ राहत मिली,लेकिन पहली बरसात में ही ड्रेनेज सिस्टम की भरी गई मिट्टी धंस गई, और सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।स्थानीय प्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब सरकारी आदेश के बाद उम्मीद जगी थी,लेकिन सरकारी समय सीमा समाप्त होने तक कोई देखने नहीं आया।पेशे से एक निजी कंपनी में कार्यरत विश्वजीत सिंह ने कहा कि यह विडंबना ही है कि विकसित भारत का दिवास्वप्न देखने वाले भारत में मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता तरस रही है।

# चचाई विद्युत मंडल का फुटबॉल ग्राउंड सफाई के नाम पर लाखों की कमाई।

इंजीनियर और ठेकेदार की मिली भगत



**दैनिक समाज जागरण**
**जितेंद्र शर्मा**

अमलाई ।मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चचाई का फुटबॉल ग्राउंड सिविल विभाग के द्वारा जारी ठेका कार्यक्रम और ठेकेदार द्वारा साफ सफाई के नाम पर ठेंगा दिखाने का कार्य किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो यह फुटबॉल ग्राउंड खेल प्रतियोगिताओं एवं वर्ष में आयोजित होने वाले सामाजिक एवं राजनीतिक धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन का एक मुख्य स्थान है जहां लाखों रुपए के टेंडर सिविल विभाग के द्वारा मैदान की सफाई के लिए स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए किया जाता रहा है किंतु मैदान की सफाई का ठेका लेने वाले ठेकेदार के द्वारा मैदान में जमकर दिखने वाले घास एवं गाजर घास को सिर्फ सफाई के नाम पर दिखावा करने के लिए ऊपर ही ऊपर साफ कर दिया जाता है और लाखों रुपए ठेकेदार के द्वारा हजम कर लिए जाते हैं मंडल के अधिकारियों एवं सिविल विभाग के इंजीनियरों की उपस्थिति में सफाई के नाम पर लीपा पोती करते हुए कमीशन खोरी की बलि चढ़ जाता है मैदान का सफाई कार्यक्रम जो चचाई क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, खेल प्रतिभाओं एवं सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकताओं के लिए एक भीषण समस्या बन कर रह जाता है। मंडल की भूमि पर बनाया बना यह फुटबॉल ग्राउंड जहां प्रतिवर्ष रावण दहन कार्यक्रम संपन्न किया जाता है और उससे पूर्व होने वाली मैदान की सफाई के लिए लाखों रुपए की टेंडर किए जाते हैं जिसमें ठेकेदार के द्वारा आधा अधूरा और ऊपर ही ऊपर सफाई करते हुए सफाई कार्यक्रम से मुक्ति पाली जाती ऐसे में एक युवा खिलाड़ी के द्वारा नाम न लेने की शर्त पर बताया गया कि मैदान की सफाई का ठेका लेने वाले ठेकेदार के द्वारा मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चचाई के सिविल विभाग के द्वारा की जाने वाले लाखों के सफाई टेंडर कमीशन की भेंट चढ़ जाता है।

# वीर सपूत को नम आंखों से दी अंतिम विदाई।

**दैनिक समाज जागरण**



ब्यौहारी-व्यवहारी जनपद पंचायत के अंतर्गत अनहरा ग्राम पंचायत के नाडु ग्राम के निवासी गोविंद प्रसाद गौतम केंद्रीय रिजर्व बल में कार्य करते वह हरियाणा चुनाव ड्यूटी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई उनकी मृत्यु का समाचार जैसे ही गांव वासियों को मिला पूरे क्षेत्र में अशोक की लहर छा गई और जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तब अपनी वीर सपूत को देखने के लिए पूरा गांव उमर पाड़ा पुलिस द्वारा गार्डन आफ आनर देकर तिरंगे का सम्मान दिया गया गोविंद प्रसाद गौतम के तीन पुत्र हैं कोई पुत्री नहीं। ग्राम वासियों ने जताई नाराज की। ग्राम वासियों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनका वीर सपूत अपने कर्तव्य पथ पर शहीद हो गया लेकिन उसको अंतिम विदाई देने के लिए जिले का कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा कलेक्टर एसपी क्षेत्र के विधायक एसडीएम एवं एसडीओपी कोई वरिष्ठ अधिकारी अंतिम विदाई में नहीं पहुंच सका दुर्भाग्य का विषय यह हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि देश के जवानों की अंतिम विदाई पर भी नहीं पहुंच पा रहे। है हालांकि शाम को क्षेत्र के विधायक शरद कोल शहीद जवान के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की जिसकी फोटो उन्होंने अपने एक्स हैंडल के माध्यम से शेयर की है।

# भक्ति का अनोखा तरीका नवरात्रि में भक्त ने अपने शरीर पर उगाए जवारे अन्न-जल भी त्यागा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया ।जिले में नवरात्रि पर आस्था का ऐसा मामला सामने आया है जिसे देख हर कोई दंग है। एक देवी भक्त शारदेय नवरात्र पर अपने शरीर पर जवारे उगाकर साधना में लगे हैं। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भक्त द्वारा अन्न जल भी त्याग दिया गया है और नवरात्रि तक बिना कुछ खाए-पिये माता का नाम जपते हुए भक्ति में लीन हैं। हिंदू धर्म में मान्यता है कि देवी-देवाताओं की भक्ति के पीछे अपार शक्ति छिपी होती है जिसका नतीजा है कि भक्त भगवान की भक्ति में कठिन से कठिन तपस्या को भी बड़ी आसानी से पूरा कर लेते है। कुछ ऐसी ही कठिन तपस्या ग्राम रोहनिया



में देखने को मिली है जहां नवरात्रि के अवसर पर देवी मां को खुश करने के लिये एक भक्त ने अपने ही शरीर पर जवारे उगा दिए हैं। इस कठिन तपस्या के पीछे भक्त की इच्छा है कि माता की अपार कृपा अपने भक्तों पर बनी रहे और देश में सुख-समृद्धि व अमन-चौन कायम रहे। नवरात्रि के दिनों में माता की भक्ति का यह अनोखा दृश्य उमरिया जिला के मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगमा पंचायत के ग्राम रोहनिया निवासी 40 वर्षीय भईयालाल कोल देवी मां के भक्त हैं। माता को खुश करने के लिये उन्होंने नवरात्रि के पहले दिन मंदिर के अंदर बैठकर अपने शरीर पर जवारा बोया, जिसके उगने के बाद पंचमी के दिन देर शाम देवाल घर का पट खोला गया। जिसके बाद से उन्हे देखने के लिए लोगों तांता लगा हुआ है। माता के भक्त ने अपनी शारीरिक आवश्यकताओं को त्यागकर शरीर पर जवारे बोए हैं और अन्न जल का त्याग किया है और गला सूखने पर सिर्फ दो से तीन चम्मच माता के चरणों में चढ़ाए हुए जल का ही सेवन करते हैं। पंचमी को देवाल घर जवारे का पट खुलने के बाद शरीर पर जवारे उगाने वाले भक्त को देखने के लिये अब चिल्हारी अमरपुर महरोई बडछड़ कई ग्रामों के लोगों की भीड़ उमड़ रही है और देवाल घर परिसर में भजन कीर्तन व आरती का दौर जारी है। नवरात्रि के नौ दिनों तक चलने वाली इस कठिन तपस्या को पूरी करने के बाद नौंवी के दिन मैहर मंदिर में देवी मां को भक्त द्वारा अपने शरीर पर बोए हुये जवारे को चढ़ाया जाएगा। फिलहाल भक्त की इस भक्ती की चर्चा इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है और दर्शन करने वालों की भीड़ भी उमड़ रही है।

# सवाल : मंदिर से मूर्ति हुई चोरी, बरामद सपुर्दगी में देरी 27 वर्षो से मालखाने में कैद लोढ़ा माता के हुई दर्शन नवरात्र में माता मंदिर में जश्न का माहौल

इंट्रो बीते सत्ताईस वर्षो से पुलिस थाना मालखाने मे कैद रही माता रानी अब कैदखाने से बाहर आ चुकी है। विधि विधान से सारी प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें उनके स्थान (मंदिर ) मे स्थापित कर दिया गया है। लेकिन इन सत्ताईस वर्षो में अपनी माता रानी की झलक पाने के लिए भक्तगणो का प्रयास जारी रहा, सवाल इस बात का है की बरामद किये जाने के बाद मूर्ति की सपुर्दगी में इतना बिलम्ब किसने किये और क्यों, लेकिन थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने इस मामले की जानकारी लगते ही तत्काल मालखाने के ताला खुलवाया, सपुर्दगी की पूरी प्रक्रिया से भक्तो को अवगत कराया आज परिणाम सामने है।

**दैनिक समाज जागरण**
**जितेंद्र शर्मा**

शहडोल। आमतौर पर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले आरोपियों से बरामद माल को मालखानों में जब्त करने की प्रक्रिया` है। लेकिन मंगलवार कुछ ऐसा हुआ जो शहडोल जिले के इतिहास में दर्ज होने वाली घटनाक्रम के रूप में देखा जायेगा, जहा पुलिसिया मालखाने में माता लोढ़ा की मूर्ति विगत दो दशकों से जिले के इस थाने के मालखाने में जब्त है। और तो और मामले में मंदिर के पुजारी की भक्ति भी देखने को मिली जिसमे पुजारी ने आत्मसात करते हुए एक निर्णय लिया कि जब तक माता रानी की मूर्ती मंदिर मे पुनः स्थापित नही हो जाएगी वह चप्पल नही पहनेंगे। आज लगभग 27 बरस से पुजारी नंगे पैर ही चल रहे थे। मूर्ति मिल गई है उसकी पुनर्स्थापना के बाद पूरे गाँव मे जश्न जैसा माहौल है।

**मालखाने में मूर्ति..**

दरअसल वर्ष 1997 में लगभग 27 बरस पहले मे ब्योहारी थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनी मे स्थित लोढ़ा माता मंदिर से अचानक माता रानी की प्रतिमाह गायब हो गई थी। जिसकी शिकायत ब्योहारी थाना मे मंदिर के पुजारी प्यारे लाल द्वारा गाँव वालों के साथ थाना जाकर दर्ज कराई गई थी। जिस पर थाना मे अपराध क्रमांक 218/97 पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामला चूँकि आस्था से जुड़ा हुआ था, इसलिए उस समय इसे गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल करते हुए करीब दो सप्ताह के भीतर चोरो का पता लगाते हुए उन्हें गिरफ्तार कर उनसे चोरी की गई मूर्ति बरामद कर ली गयी थी। लेकिन कानूनी प्रक्रिया के तहत यह मूर्ति वापस दी जानी थी, इसलिए इसे सुरक्षार्थ थाने के मालगोदाम मे रखवा दिया गया था। जो कि अग्रिम अपूर्ण प्रक्रिया के पिछले 27 बरस से वही रखी हुई थी। मिली जानकारी के मुताबिक कई बार पुजारी व गाँव वालों ने मूर्ति थाने से लेने का प्रयास किया, लेकिन कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय से इस संबंध मे आदेश नही हो सका। अब एक बार फिर पुजारी समेत गाँव वालों ने मूर्ति लेने के लिए प्रयास शुरू किया। जिसके बाद उन्होंने वर्तमान थाना प्रभारी ब्योहारी अरुण पांडेय से सम्पर्क किया और सारे मामले से उन्हें अवगत कराया। जिनके मार्गदर्शन में प्रक्रिया पूर्ण कि गयी।

**बामुश्किल मूर्ति खोजी**

थाना प्रभारी ने सर्वप्रथम मालगोदाम मे उक्त मूर्ति को खोजने का निर्देश दिया। काफी मशक्कत के बाद लोढ़ा माता की चोरो से 27 बरस पहले जप्त की गई मूर्ति वहाँ मिल गई। जिसे सम्मान पूर्वक बाहर निकाला गया। जब मूर्ति मालगोदाम मे मिल गई तो थाना प्रभारी द्वारा पुजारी समेत गाँव वालों को इस मूर्ति को प्राप्त करने के लिए न्यायालय मे की जाने वाली प्रक्रिया समझाई। जिसके बाद उक्त प्रक्रिया पूर्ण करने पर न्यायालय द्वारा थाना पुलिस को उक्त मूर्ति संबंधित जनों के सुपुर्द करने का आदेश जारी किया गया। न्यायालय का आदेश मिलने के बाद थाना प्रभारी अरुण पांडेय द्वारा सम्मान के साथ पुजारी प्यारेलाल को उक्त लोढ़ा माता की मूर्ति सौंप दी।

**अब पुजारी ने कहा..**

लोढ़ा माता मंदिर से उक्त मूर्ति चोरी हो जाने से काफी दुखी हो गया था। पुजारी राम प्यारे ने निर्णय लिया था कि जब तक माता रानी की मूर्ती मंदिर मे पुनः स्थापित नही हो जाएगी वह चप्पल नही पहनेंगे। जिसके बाद पिछले 27 बरस से पुजारी नंगे पैर ही चल रहे है। अब मंदिर की मूर्ति मिल जाने व उसके पुनः स्थापित कर दी गई है। गौरतलब होकि अब दो दशक से ज्यादा बीत जाने के बाद मिली मूर्ति को लेकर गांव में पूजा अर्चना जारी है, पूरे गांव में मूर्ति कि पुनर्स्थापना के बाद जश्न का माहौल है।

# सड़क में फिसला पैर, इलाज के दौरान मौत

लालपुर अंतर्गत का मामला

**संजय जायसवाल, थाना प्रभारी**
**थाना बुढार, शहडोल समाज जागरण**

शहडोल। बुढार थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में एक 35 वर्षीय महिला की सड़क में गिरने से मौत हो गई है, सड़क में महिला जब गिरी तो उसके सर में गंभीर चोट पहुंची जिसे उपचार के लिए बुढार अस्पताल लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया है। घटना के दौरान पति महिला के साथ था। बताया गया कि रजनी बैगा पति लालू बैगा 35 वर्ष निवासी लालपुर अपने पति के साथ पैदल घर की ओर जा रही थी, तभी घर के समीप सीमेंटेड रोड में महिला का अचानक पैर फिसल गया और वह सीमेंटेड रोड में गिर गई। जिसकी वजह से महिला के सर में गंभीर चोट आई, घटना के तुरंत बाद उसे उपचार के लिए पति ने स्थानीय लोगों की मदद से बुढार अस्पताल लेकर पहुंचा जहा उपचार के दौरान रजनी की मौत हो गई है। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत होने की जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने बुढार थाने में दी,जानकारी लगने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। इस घटनाक्रम में मिली जानकारी के अनुसार रजनी अपने पति के साथ शराब पीकर घर लौट रही थी, तभी वह सड़क में अचानक पैर फिसलने से गिर गई, सड़क सीमेंट की थी जिसकी वजह से महिला के सर में गंभीर चोट पहुंची थीं तत्काल महिला को उसके पति व स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया और कुछ घंटे के उपचार के बाद महिला ने दम तोड़ दिया है।

**प्रतिक्रिया..**

सड़क में गिरने की वजह से महिला की मौत की जानकारी बुढार अस्पताल से पुलिस को मिली थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर मामले पर मर्ग कायम किया है। महिला सड़क पर कैसे गिरी इस बात की जांच की जा रही है।

# आईजी , डीआईजी, ने माँ ज्वालाधाम लिया आशीर्वाद

**समाज जागरण**

शहड़ोल। उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ज्वाला` धाम उचेहरा` मंदिर में शारदेय नवरात्र के पंचमी पर्व पर शहडोल संभाग के पुलिस महानिरीक्षक` अनुराग शर्मा, डीआईजी सविता सुहाने उमरिया पुलिस कप्तान` निवेदिता नायडू माँ ज्वाला धाम उचेहरा मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने ने माँ ज्वाला की पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। साथ ही नवरात्र पर्व पर शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए गए। मंदिर प्रांगण में` डीआईजी सविता सुहाने के द्वारा अभिमन्यु अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को प्रेरित किया गया, । कार्यक्रम मे उपस्थित जन समूह को` अभियान की सफलता के लिए शपथ दिलाई गई।

# राहजनी : लूटेरे ने कहा सुनो हम है पुलिस फिर नगदी सहित लूटी मोटर सायकिल

थाना कोतवाली अंतर्गत हुई लूट की वारदात

**रावेंद्र तिवारी, थाना प्रभारी**
**थाना कोतवाली, शहडोल**
**समाज जागरण**

शहडोल। बीते कुछ दिनों से दिन प्रतिदिन अपराध में इजाफा हो रहा है जिसके लिए जिला मुख्यालय की थाना पुलिस भी अपराध में अंकुश लगाने में लगातार फेल नजर आ रही है बीती कोतवाली थाना क्षेत्र के अंडर ब्रिज के पास दो युवकों के साथ बीती रात लूट की घटना हुई। मिली जानकारी के मुताबिक इस वारदात को तीन आरोपियों ने मिलकर अंजाम दिया है। घटना के बाद पीड़ितों ने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई । दरअसल इसी तरह बीते माह इसी जगह में एक महिला से मारपीट की घटनाक्रम सामने आई वीडियो वायरल भी हुआ, मामले में महिला से भी लूट हुई, जिसके पुलिस ने मामले को ठन्डे बास्ते डाल दिया है, कही नान कही मामले में अपराधियों पर नकेल कसी जाने की जगह मिल रही छूट कोतवाली थानांतर्गत बढ़ रहे अपराध का मूल कारण है यद्यपि अपराधी यही बेलगाम होते गए तो अराजकता का माहौल निर्मित होने में देर नही लगेगी। ऐसे हुई वारदात.. राहजनी मामले में पीड़ित शिकायतकर्ता पिंटू बैगा पिता गिरधारी बैगा उम्र 29 साल ग्राम समदाटोला पकरिया थाना बुढ़ार ने पुलिस से बताया की वह अपने ससुर की मोटरसाईकल हीरो होण्डा एचएफ डीलक्स एमपी 18 एमडी 2314 से अपने साला विजय बैगा के साथ पकरिया से शहडोल रेलवे स्टेशन अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन से जयपुर राजस्थान जाने के लिये आया था। लेकिन जब वह रेलवे स्टेशन पहुंचा तो ट्रेन निकल गई थी, रात अधिक होने के कारण युवक अपने साला को साथ लेकर मोटरसाईकल से अपने रिश्तेदार के घर ग्राम बूची पुरानी बस्ती जाने लगा। तभी नई रेलवे अंडरब्रिज के पास पहुंचा तो पीछे से अंडरब्रिज पार कर एक मोटरसाईकल काले रंग की हीरो होंडा सीडी डान जिसमे आगे एमपी 20 केएल 2954 प्लेट मे नंबर लिखा था । उसमें तीन व्यक्ति सवार थे। वह लोग आपनी गाडी हमारे पास लाकर खड़ी कर दिये। उनमे पीछे बैठे दो व्यक्ति मोटरसाईकल से अधिक उतरकर पास आ गये और बोले कि तुम कौन हो कहां जा रहे हो। तब हमने अपना नाम व पता बताया । जिस पर उक्त बाइक सवार आरोपियो ने हमे धमकाते हुए कहा कि रात मे घूम रहे हो चलो पुलिस थाना और एक व्यक्ति बोला कि मै पुलिस वाला हूं । घटना आंगनबाड़ी के पास.. इसके बाद हमारी मोटरसाईकल की चाभी लेकर एक व्यक्ति चलाने लगा और मुझे तथा मेरे साला विजय बैगा को पीछे बैठा लिया और दो लोग अपनी मोटरसाईकल पीछे कर लिये फिर हमे पुरानी बस्ती मे आंगनबाड़ी के पास ले गये और वहां पर हमारी तलाशी लिये तलाशी मे मेरे जेब मे रखे कुल 1250 रुपये नगद, एवम मोबाइल तथा मोटर साइकिल लूट ली । विरोध करने पर आरोपियों ने युवकों के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद लुटे हुए युवकों ने पैदल बस स्टैंड तक अपना सफर तय किया,और वहां किसी से मदद मांग कर मोबाइल लेकर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। और सुबह होते ही कोतवाली पुलिस के पास युवक पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए शिकायतकर्ता युवकों ने आरोपियों की मोटरसाइकिल का नंबर पुलिस को बताया, जिसकी आधार में कोतवाली पुलिस ने तीनों संदेही आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रतिक्रिया.. शिकायतकर्ता ने आरोपियों की मोटरसाइकिल का नंबर देख लिया था जिसके आधार में तीनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अगर आप भी सूदखोरी परेशान, डॉयल करे 7587622687 विशेष हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज होगी शिकायत

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के निर्देशन में सूदखोरी के विरुद्ध तीन दिवसीय विशेष अभियान की चलाया गया। यह अभियान जिले के पाँच थानों - बुढार, धनपुरी, खैरहा, अमलाई और कोतवाली में चलाया गया था। अवैध सूदखोरी से पीड़ित व्यक्ति बिना किसी भय के अपनी समस्या पुलिस के समक्ष रख सकें और शिकायत पर तत्काल पुलिस द्वारा एक्शन लिया जा सके। यही इस अभियान का मूल उद्येश्य था। अभियान समापन के उपरांत भी अवैध सूदखोरी से पीड़ित व्यक्ति बिना किसी भय के अपनी समस्या नजदीकी थाने या पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रख सकता है। साथ ही पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा एक विशेष हेल्पलाईन नंबर 7587622687 जारी किया गया है जिसके माध्यम से भी आप अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। शहडोल पुलिस द्वारा आमजनों से अपील की जाती है कि बिना किसी भय के अवैध सूदखोरी से संबंधित अपनी शिकायत को सामने रखें। पुलिस प्रशासन सभी पीड़ितों की शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करेगी।

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 12



# हरहुआ बाजार स्थित पूजा पांडाल में भक्तों की उमड़ी भीड़।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ बाजार स्थित प्रगतिशील कार्यकर्ता संगठन की ओर से स्थापित दुर्गा पंडाल में अष्टमी पर्व पर भक्तो की भारी भीड़ उमड़कर दर्शन के लिए पहुँची। जहां मत्था टेककर पूजन दर्शन कर भक्तजन धन्य हो रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि हरहुआ का शाब्दिक अर्थ है कि 'हर' यानि भगवान शिव और 'हुआ' यानि उतपत्ति! जहाँ भगवान शिव की उतपत्ति हुआ है उस पवित्र स्थल का नाम 'हरहुआ' पड़ा। जहाँ एक अरसे से आदि शक्ति माता दुर्गा भगवती का मूर्ति स्थापित कर आस पास गांवों के लोग धूमधाम से पूजन पाठ कर नवरात्र में आस्था ,विश्वास संग खुशियाँ मनाते हैं। व्यापार मंडल हरहुआ सहित कई समाजसेविजन इस परम्परा का निर्वहन कर आम जनता में दर्शन संग प्रसाद प्रदान करते हैं।




पूजनोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजित सिंह,मनसा सिंह, मोहन मोदनवाल, सुरेश सेठ, वीरेंद्र गुप्ता, विजय सेठ,सन्तोष गुप्ता, रामजी मोदनवाल,मनीष श्रीवास्तव ,जयचन्द मोदनवाल,पप्पू ,दीवाकर सिंह ,विनोद कुमार सहित कई प्रतिष्ठान से जुड़े लोगों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई हैं समाज सेवी संगीता भार्गव

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। संगीता भार्गव समाज सेवा में वो नाम है, जो आज कोई पहचान का मोहताज नहीं है। उन्होंने कान्वेंट में पढ़ा कर हर क्षेत्र में गरीब बालक बालिकाओं को तालीम हासिल करवाई। ड्राइविंग, स्केटिंग, स्विमिंग, कुकिंग, डाँस, सिंगिंग आदि सभी क्षेत्रों में माहिर संगीता का विवाह 1990 में चन्दौसी के भार्गव परिवार में हुआ। महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी एवं पहली महिला थी जो व्यापार में निकली। शुरू से ही नृत्य संगीत उनकी विशेष रुचि रही। और आपने बहुत कलाकारों को समाज से निकालकर उनकी सहायता की, जिसमें प्रमुख गुल सक्सेना ,ज्ञाननंदनी ,दिव्यदत्त, रूपाली, नीरज आदि है। संगीता भार्गव ने अपने संभल को एक अलग पहचान दिलाई है। इन्होंने कई रैलियाँ, कार्यक्रम आयोजन करें, जिसको देख आज कार्यक्रम होते हैं। आप 2004 में पहली महिला व्यापारी बनी। दिन रात मेहनत कर आपने अपनी अलग पहचान बनायी इन्होंने संभल जिले में अपनी मेहनत से कई पदों पर कार्य कर रही हैं।



अब तक इन्होंने लगभग 1000 परिवारों के बीच मतभेदों को मिलाकर उनका परिवार बसाया है। वन स्टॉप सेंटर के आने से पहले जिले में हर भटकी महिलाओं को उन्होंने अपने घर में आश्रय दिया। इस सेवा भाव को देखते हुए आपको कई सम्मान मिले जैसे जिले का महिला शिक्षा और सुरक्षा सम्मान मुख्य मंत्री द्वारा ,एफ.आई.सी.सी., एफ.एल.ओ. सम्मान रीता बहुगुडा व बहुमुखी शिवानी द्वारा, सर्वश्रेष्ठ महिला सम्मान आदि। उन्होंने समर कैम्प जैसे कार्यक्रम की शुरूआत जिले में की। निशुल्क सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, ब्यूटिशियन आदि के कैम्प गाँव-गाँव जा कर लगाए। पर्यावरण, यातायात, मिशन शक्ति, परिवार परामर्श केंद्र स्वास्थ्य विभाग, न्यायालय आदि में अपनी सेवाएं देती रहीं हैं। वर्तमान में संगीता भार्गव एक बच्चों का स्कूल चला रही हैं। जो बच्चों को हर क्षेत्रों में योग्य बना रहा है। संगीता भार्गव, जिला न्यायलय में जिला काउन्सलर नियुक्त हैं। ये 1090 महिला हेल्पलाइन में काम कर रही है। गाइड कमिश्नर संभल का कार्य इनके द्वारा संभाल जा रहा हैं। संगीता भार्गव, आन्तरिक परिवाद समिति की अध्यक्ष के रूप में इनके द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न का कार्य किया जा रहा हैं। रोटरी जाइयंट्स, पीं.सी.पीं.डी.टी. की सदस्य के पद भी है।

# एफपीओ के गठन एवं क्रियाशीलता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में कृषि विभाग की समीक्षा तथा एफपीओ के गठन एवं क्रियाशीलता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। रजपुरा कृषक उत्पादक संगठन, गुन्नौर कृषक उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड, एवं अन्य एफ पी ओ से खाद, बीज, कीटनाशक, आदि के लाइसेंस को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी। तथा एफ पी ओ से उनकी समस्याओं तथा सुझाव पर भी चर्चा की गयी। फाइनेंस की सुविधा , सब्सिडी तथा मंडी के अन्तर्गत मिलने वाली सुविधाओं पॉलीहाउस, सब्जी उत्पादन मत्स्य उत्पादन ,नमामि गंगे, उर्वरक आदि पर चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आशुतोष प्रताप सिंह ने उनके द्वारा शहद ,मुरब्बा , वर्मी कम्पोस्ट, नेपियर घास, जैव रसायन, जैविक फिनायल पर किये जाने वाले कार्य को लेकर जानकारी दी। गौशाला आधारित खेती पर भी चर्चा की गयी।




इसके उपरांत पंचायती राज विभाग की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को आर.आर. सी सेन्टर को सक्रिय करने के निर्देश दिए। 5 वे एवं 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य तथा गौशाला में पूलिंग ई ग्रामस्वराज वैबसाइट, संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर रणनीति बनाने तथा अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण की प्रगति, बहुउद्देशीय पंचायत भवन, जीपीडीपी, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय को लेकर चर्चा की तथा केयर टेकर के समय से भुगतान करने को लेकर निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, एलडीएम अमित विश्नोई, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय एफ पी ओ संचालक, संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वरुणा नदी में जल कुम्भी साफ करने उतरे युवा

## कुंभ करण की नीद में सोए सरकारी कर्मचारी समस्या सुनाने पर मिलता रहा केवल आश्वाशन



**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी पंचकोशी तीर्थ धाम यात्रा के तीसरे पड़ाव रामेश्वर धाम स्थित वरुणा नदी में घिरे जलकुम्भी बीच मरे पशुओं के शव फसकर सड़ने से उत्पन्न दुर्गंध के चलते नवरात्र में आ रहे भक्तो ,बाजारवासियों सहित राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा। वरुणा नदी में नेमिभक्तजनों व के वेद पाठी विद्यार्थियों व रामेश्वर पुलिस चौकी के पुलिस बल जवान के स्नान में बाधा उतपन्न हो गई थी।नदी में स्नान करना लगभग बन्द सा हो गया था। स्थिति बाद से बदतर दुर्गंध के चलते हो गई थी। संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुए रामेश्वर युवा समिति के युवक खुद वरुणा नदी में आज गुरुवार को बांस ,रस्सी ले उतर कर सफाई कार्य मे जुट गए। युवकों के उत्साह को देखकर हर राहगीर शाबासी के साथ उत्साहवर्धन किया।

रामेश्वर मन्दिर के पुजारी आचार्य प० अन्नू तिवारी ,पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश राम, दुकानदार श्री राम यादव व जीत बहादुर सिंह के अनुसार दुर्गंध के चलते खाना-पीना ,सोना ,ड्यूटी करना,विजनेस करना यहां तक कि मन्दिर में भक्तों की भीड़,भजन, कीर्तन ,रामलीला में दर्शनार्थी तक की आमद कम हो गई। साफ सफाई के लिए प्रतिनिधियों सहित क्षेत्रीय विधायक,जिला पंचायत सदस्य स्थानीय निकाय के कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया। स्थिति संक्रामक बीमारी फैलने की दशा में रामेश्वर युवा समिति के युवाओं ने विशाल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सफाई अभियान शुरू किया जिससे कुछ राहत मिली।कल संभवतया अधिक युवा लगकर सफाई कार्य को पूरा कर सकेंगे।

इस अभियान में प्रमुख रुप से विशाल कुमार ,विपुल तिवारी,मिंटू गिरी, अमन सिंह,बद्दू बिंद, विपिन गुप्ता, करन गिरी, प्रदुम्न गिरी सहित अन्य युवा शामिल रहें।

# जनता में सुरक्षा का विश्वास जगाने के लिए पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।आगामी त्यौहारों ,दशहरा,दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत आज मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह तथा मुरादाबाद डीआईजी मुनिराज जी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया तथा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा सम्भल में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च चौधरी सराय चौकी से मनोकामना रोड़ कल्कि मंदिर होते हुए रामलीला मैदान ,सर्थल चौक, शंकर चौक छंगामल की कोठी होते हुए कोतवाली पर समाप्त हुआ। मंडलायुक्त मुरादाबाद ने कहा कि आगामी दशहरा तथा दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत कोई अप्रिय स्थिति ना पैदा हो सभी लोग सौहार्दपूर्ण रुप से त्यौहारों को मनायें किसी के साथ किसी का वैमनस्य पैदा ना हो लोगों में विश्वास एवं भरोसा बढ़ सके उसके लिए आज यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। डीआईजी मुरादाबाद ने कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से जनता की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं । असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। जनता में सुरक्षा का विश्वास जगाने के लिए पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया गया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया,पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द,उप जिलाधिकारी सम्भल विनय कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सम्भल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुलायम सिंह यादव की द्रितीय पुण्यतिथि पर जारई चंदौसी में श्रद्धांजलि का आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। श्रद्धेय नेताजी मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा जनपद संभल द्वारा गुरुवार को यदुवंशी फार्महाउस धर्मशाला, गणेशपुर रोड जारई चंदौसी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के सभी सम्मानित यादव बंधुओं ने श्रद्धेय नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश महासचिव महिला यादव महासभा संगीता यादव ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नेताजी ने रक्षामंत्री रहते शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंपने का फैसला लिया। और



मुख्यमंत्री रहते पंचायत चुनाव में महिलाओं और पिछड़ों को आरक्षण दिलाने का कार्य किया था। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता संरक्षक सुरेशपाल सिंह यादव दरोगा जी ने की एवं संचालन जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र यादव ने किया। इस दौरान लालजी सिंह यादव, राजवीर सिंह यादव सुपरवाइजर, सुरेशपाल सिंह यादव, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एस.एस.यादव एडवोकेट, रोहन सिंह यादव एडवोकेट, प्रेमपाल सिंह यादव एडवोकेट, दयासिंधु यादव एडवोकेट, राजवीर सिंह यादव लेखपाल, मनवीर सिंह यादव, सुबोध यादव, अजयपाल सिंह यादव, केपी सिंह यादव, राजेश यादव, आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# विश्व दृष्टि दिवस पर बच्चों का किया गया नेत्र परीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी सेवापुरी विकास खंड के देई पुर में स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में आज विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर विद्यालय में पंजीकृत 100 बच्चों में से 71 बच्चों का नेत्र परीक्षण कराया गया जिसमें आठ बच्चों में दृष्टि दोष पाई गई जिनका कार्ड बनाकर चश्मा बनाने के लिए दिया गया तथा पूर्व में हुए प्रीक्षण का बच्चों में चश्मा भी वितरित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव, विद्यालय की प्रधानाचार्य, बाल विकास परियोजना अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार, सेवापुरी के नोडल मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, डाक्टर युवराज सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी रवि सिंह, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता नीता यादव मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई/संभल। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के निर्देशन में जनपद न्यायालय संभल स्थित चंदौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता पूर्वक आयोजन एवं अधिक-से-अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में एक बैठक अधोहस्ताक्षरी के विश्राम कक्ष में तहसीलदार संभल, चंदौसी के साथ आयोजित की गयी। उक्त बैठक में तहसीलदार संभल, रवि सोनकर एवं नायब तहसीलदार, चंदौसी मुकेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा अधिक-से-अधिक संख्या में वादों का निस्तारण कर एवं व्यापक प्रचार-प्रसार कर आगामी लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संभल स्थित चंदौसी, अर्चना सिंह, द्वारा दी गयी।

# जिलाधिकारी की पहल पर एसपी कार्यलय, संभल में चल रहे "भरोसे की पर्ची"

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। जिलाधिकारी की पहल पर एसपी कार्यलय, संभल में चल रहे "भरोसे की पर्ची" सिस्टम को प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों के लिए लागू किया गया। इस मौके पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रभात मिश्रा ने बताया कि जनता दर्शन में आने



वाले फरियादियों के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर एक विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है, जहा पर आवेदक का नाम, पता, समस्या का संक्षिप्त विवरण, मोबाइल नंबर, फोटो इत्यादि जानकारी सॉफ्टवेयर पर फीड किया जाएगा तत्पश्चात आवेदक को यूनिक आवेदन संख्या के साथ कंप्यूटराइज्ड पंजीकरण पर्ची की एक कॉपी दी जाएगी तथा दूसरी कॉपी उसके आवेदन के साथ जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकेगा। उक्त आवेदन संख्या से आवेदक अपने आवेदन की अद्दतन स्थिति पता कर पाएगा तथा बार बार एक ही समस्या के लिए नही घूमना पड़ेगा। इस नई पहल शासन की मंशा के अनुरूप जनता दर्शन में समस्याओं की सुनवाई प्रभावी व सुव्यवस्थित तरीके से करने में मदद होगी।

# दीवानी न्यायालय परिसर में हो रहा है पूजा पाठ

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता मीरजापुर दीवानी न्यायालय में विगत कई दिनों से कचहरी बाबा का कीर्तन भंडारा चलने के बाद गुरुवार के दिन बार संघ में स्थित हनुमान जी मंदिर का विकास कार्य व श्रृंगार कर भजन कीर्तन किया जा रहा है बार को सजाया गया है मंदिर को आकर्षित बनाया गया है अधिक से अधिक अधिवक्ता कर बैठकर स्मरण व कीर्तन में भाग ले रहे हैं इसके चलते संघ की ओर से अधिवक्ता गण पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे हैं । जिला बार एसोसिएशन मिजार्पुर के अध्यक्ष संजय कुमार उपाध्याय के द्वारा संचालित किया जा रहा है ।

# अपना (दल) एस की पांचों विधानसभा की मासिक बैठक हुआ संपन्न।

ब्यूरो (मीरजापुर):अपना दल एस की चुनार विधानसभा की मासिक बैठक गुरुवार को अंकुर ढाबा शिव शंकरी धाम कैलहट में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ० अनिल सिंह पटेल उपस्थिति रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष वरुण पटेल ने किया। बैठक शुरू करने से पहले सर्वप्रथम अपना दल के संस्थापक यशः कायी डॉ. सोनेलाल पटेल सहित भारत के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान भारत के प्रमुख उद्योगपति समाजसेवी व टाटा संस के मुखिया स्वर्गीय रतन टाटा जी के निधन पर गहरा दुख प्रकट कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। बैठक के दौरान प्रदेश सचिव किसान मोर्चा सतीश कुमार बिंद, जोन अध्यक्ष कमलेश सिंह, डॉ० राजेश कुमार सिंह, नीतीश पटेल, शेरू पटेल, गौरव पटेल, अभिषेक सिंह, विकास पटेल, रोशन सिंह, अजय पटेल, अमरनाथ चौहान, अशोक कुमार पटेल, लालबहादुर गोंड आदि लोग उपस्थित रहे।

नगर विधानसभा की बैठक जिला कारागार के सामने मुसद्दी धर्मशाला संगमोहाल जिला-मिजार्पुर में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर केसरी ने की। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव आनंद सिंहे व विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष महिला मंच श्रीमती नमिता केसरवानी व जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान उपस्थित रहें। बैठक शुरू करने से पहले सर्वप्रथम भारत के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव श्री पटेल ने कहा कि आगामी 17 अक्टूबर को अपना दल के संस्थापक यशः कायी डॉ. सोनी लाल पटेल जी के परिनिर्वाण दिवस को ऐतिहासिक रूप में मनाने के लिए अभी से कार्यकर्ता पदाधिकारी के बीच चर्चा कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में चलने के लिए निवेदन किया। उन्होंने आगामी 4 नवंबर को किसान, कमेरों तथा पिछड़ों की आवाज को बुलंद करने वाली उत्तर



प्रदेश की इकलौती पार्टी अपना दल का स्थापना दिवस एक ऐतिहासिक जनसभा के रूप देवरिया में मनाने के संबंध में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण से विचार विमर्श कर कार्यकताओं के बीच ऊर्जा का संचार किया गया। प्रमुख वक्ताओं द्वारा संगठन को और मजबूत बनाने के लिए प्रकाश डाला गया तथा विधानसभा स्तर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा प्रमुख एजेंडो पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर उपस्थित सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण को समस्त एजेंडो पर पूर्ण जोर एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान जोन अध्यक्ष रतन सिंह, विधानसभा महिला मंच अध्यक्ष अर्चना अग्रहरि, विधानसभा सचिव रेणु भारतीय, विधानसभा सचिव शिल्पी विश्वकर्मा, प्रशांत शुक्ला, दुर्गा प्रसाद केसरवानी, अब्दुल हमीद, अखिलेश सोनकर, अरविंद केसरवानी, श्रीमती मनीषा सिंह पटेल, श्रीमती मनु प्रियदर्शनी, ज्ञानेश्वर हैहयबंसी, सुशील अग्रहरी, अजय सोनकर, सुनील मुसद्दी, रमाकांत, शिवम अग्रहरि आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के जांबाज बच्चों ने जीता गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

दसवीं ज़िला सस्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के जांबाज बच्चों ने जीता गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज।सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के ताइक्वांडो कोच अंकित मिश्रा के अगुवाई में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी गैबीपुर गाजीपुर में जहां पर ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो दिनांक 06/10/2024 को हुई थी । जिसमें सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के जांबाज खिलाड़ी ,ऋषभ यादव( ब्रॉन्ज), श्रेयश यादव, (सिल्वर) सत्यम उपाध्याय (ब्रॉन्ज ),प्रिंस सिंह यादव (ब्रॉन्ज)और पीयूष सिंह यादव (गोल्ड)जिन्होंने इस प्रतियोगिता में गोल्ड ,सिल्वर और ब्रांज पदक हासिल किया। जिसमें पीयूष सिंह यादव और श्रेयश यादव का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। सुबह के सभागार के बाद सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी और उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार ने इन प्रतिभागी बच्चों को अपने हाथों से स्वर्ण पदक ,रजत पदक और कांस्य पदक से सम्मानित किया।तत्पश्चात इन बच्चों को सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने इनको इनके खेल के लिए सराहना करते हुए ,इन्हें अपना आशीर्वाद दिये और उन्होंने यह भी कहा कि ये बच्चे आने वाले भविष्य में इंटरनेशनल खिलाड़ी होंगे । तत्पश्चात सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉक्टर सानंद सिंह ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य , ताइक्वांडो कोच ,सभी विजेताओं को और सभी शिक्षकों को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं व्यक्त किये। इस उक्त अवसर पर सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी व सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सभी शिक्षक गण यथा शिवांगी सिंह, अक्षयवर उपाध्याय,प्रकाश सिंह, अवनीश राय, श्रेया सिंह,विष्णु दत्त शर्मा, अभिमन्यु यादव , भोली त्रिपाठी, अभिषेक यादव, गुरुचरण चौधरी, निशा यादव,जानकी गुप्ता ,ऋतंभरा श्रीवास्तव ,विशेश्वर तिवारी, नीतिश शर्मा, श्वेता पांडे , अंकिता निषाद,कुशल सिंह, सुनील सिंह, इंदुकला तिवारी, आशीष प्रजापति, नीतू विश्वकर्मा, अर्चना पांडे , प्रियंका राय,शिप्रा सिंह, श्वेता पाण्डे,चंद्रजीत यादव, अमरलेश यादव , अनन्या चौरसिया ,धीरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।



# विन्ध्य महोत्सव के समापन के अवसर पदम श्री मालिनी अवस्थी होंगी शामिल

ब्यूरो (मीरजापुर):पद्श्री मालिनी अवस्थी लखनऊ, देवीगीत, भजन अराधना सिंह वाराणसी शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, भोजपुरी विपुल चैबे जौनपुर शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, भोजपुरी श्रीबंदा बैरागी मुम्बई, शास्त्रीय संगीत, लोकसंगीत आदि शिवांगी उमर मीरजापुर कथक नृत्य दीनानाथ यादव भदोही लोकगायन कीर्ति साहनी मीरजापुर लोकगयान, कजरी, भोजपुरी आदि रिंकी देवी मीरजापुर लोकगयान, कजरी, भोजपुरी आदि मुस्तकीम मीरजापुर देवीगीत,कुसुम वर्मा, लखनऊ अवधी लोकगायिका

# लद्दाख की 'आंख' से खुलेगा सुपरनोवा..

अंतरिक्ष की दुनिया में भारत की पहुंच बढ़ती जा रही है. अब लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची इमेजिंग चेरेनकोव टेलीस्कोप की स्थापना की गई है. इसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ने तैयार किया है.

अंतरिक्ष की दुनिया में भारत की पहुंच बढ़ती जा रही है. अब लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची इमेजिंग चेरेनकोव टेलीस्कोप की स्थापना की गई है. इसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ने तैयार किया है. आपको जानकर हैरानी होगी कि यह वेधशाला हान्ले में 4,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. इससे अंतरिक्ष के सुपरनोवा.. ब्लैक होल जैसे रहस्यों से पर्दा उठाने में मदद मिलेगी. एमएसीई टेलीस्कोप अंतरिक्ष और ब्रह्मांडीय किरणों के अध्ययन में भारत की क्षमताओं को नया आयाम देगा.

लद्दाख में विश्व की सबसे ऊंची इमेजिंग चेरेनकोव टेलीस्कोप का उद्घाटन दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है. परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने टेलीस्कोप का उद्घाटन किया. इसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और भारतीय उद्योगों के सहयोग से स्वदेशी रूप से तैयार किया गया है.

# बाइक सवार दो उचक्कों ने ज्योति के गले से सोने की चेन उडायी

संवाददाता कछवां (मीरजापुर) थाना क्षेत्र के चड़िया गांव निवासी एक महिला बृहस्पतिवार को बाजार से घरेलू सामानों की खरीददारी कर घर जाते समय बाइक सवार दो उचक्कों ने युवती के गलें से चेन छीनकर फरार हो गए। बाजार में खरीदारी करने गई थी लौटते समय घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर आटो से उतरी सुनसान पुल के पास जब पहुंची इसी दौरान बाइक सवार दो उचक्को ने एक गांव का नाम पूछा जिस पर युवती ने अनभिज्ञता जतायी इसी दौरान युवती के गले से सोने की चेन व उसमें लगी लाकेट को छीनकर फरार हो गए। चड़िया गांव निवासी सोनम सिंह पुत्री विरेंद्र सिंह स्थानीय कछवां बाजार में कपड़े व घरेलू सामान खरीदने गई थी वापस लौटते समय घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित पुलिया के पास पीछे से एक बाइक सवार दो उचक्के पहुंचे एक ने बाइक से उतरकर सोनम सिंह से किसी गांव में जाने का रास्ता पूछा। सोनम ने कहा कि उन्हें रास्ता नहीं मालूम है। इसी दौरान दुसरे उचक्के ने सोनम के गले से करीब 15 ग्राम सोने की चेन व लाकेट छीन लिए जब तक आसपास के लोग पहुंचते तब तक उचक्के फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। पिडीता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही उचक्कों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नोशाद सैफी के नेतृत्व में शादाब जफर को सदस्यता व नये साथियो का स्वागत किया गया

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नगर अध्यक्ष नोशाद सैफी के निवास स्थान पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें शादाब जफर शादाब ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की संगठन से जुड़े पत्रकारों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मीटिंग की सदारत मरगूब हुसैन नासिर व संचालन अलताफ रजा ने किया नगर अध्यक्ष नोशाद सैफी के नेतृत्व में संगठन से जुड़े सदस्यों का स्वागत किया। शादाब जफर शादाब ने अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति नगर इकाई की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि मैं संगठन के लिए मेहनत करुगा और संगठन के नियम व साथियो के साथ कंधे से कंधे मिलाकर साथ रहूगा। नगर अध्यक्ष नोशाद सैफी ने कहा कि अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद के आव्हान पर सगठन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे नगर इकाई में लगभग चार पांच सदस्यों को जांच परख कर सदस्य बनाया गया है। संगठन के सभी साथियों के सहयोग से आगे भी विस्तार किया जायेगा जिससे अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति संगठन को नगर,जिला,मण्डल व प्रदेश स्तर पर मजबूत करने का काम किया जायेगा। डॉ वसीम बारी ने अपने संबोधन में कहा कि सब एक जुट होकर रहे यही ताकत है। इस अवसर पर आफताब नोमानी, मरगूब हुसैन नासिर,नोशाद सैफी, मयंक कश्यप,अलताफ रजा ,शाही अराफात, सुहैल राजू,डॉ वसीम बारी, रिहान अंसारी,अब्दुल रऊफ, नसीम,नईम शमीम सिद्दीकी, आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागर में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिला गंगा समिति की बैठक में गंगा घाटों की सफाई, गंगा आरती, गंगा स्वच्छता प्लान, शवदाहग्रह स्थल का निमार्ण सहित अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने निर्देश दिए की गंगा घाट एवं विदुर कुटी में प्रकाश की समुचित मात्रा उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें तथा गंगा घाट एवं विदुर कुटी में आवयश्कतानुसार कूड़ेदान की उपलब्धता कराना भी सुनिश्चित करें जिससे वहां स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि गंगा घाट पर किसी स्थान का चिन्नांकन करते हुए गंगा वाटिका का बनाना सुनिश्चित करें तथा उसकी देखरेख करना भी सुनिश्चित करें। गंगा घाट पर ट्रैक्टर ट्राली ले जाने की समस्या के दृष्टिगत उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की गंगा घाट पर जाने वाले मार्ग के बीच में एक पोल लगाना सुनिश्चित करें जिससे की बड़े वाहनों को गंगा घाट पर न ले जाया जाए।

उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि न डाला जाये। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्य योजना इस प्रकार बनाये कि गांव के साथ ही गंगा भी पूरी तरह से स्वच्छ रहे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गंगा में कूड़ा व प्लास्टिक प्रवाहित न हो। नदी नालों में कुड़ा कचरा आदि न फेंका जाये इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ प्रवर्तन कार्य भी कराया जाये।

उन्होंने निर्देश दिए कि नदी को स्वच्छ रखने के लिए उनमें शहर के गंदे पानी को जाने से रोकने की कार्रवाई प्रमुखता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रभारी अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों में यह जांच कराना सुनिश्चित करें की कोई भी नाला या सीवर का गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित न हो रहा हो। उन्होंने गंगा तटीय स्थित ग्रामों को पूर्ण रूप से प्रदूषण मुक्त करने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा जिला गंगा समिति की बैठक के निर्धारित सभी बिंदुओं एवं विभागीय इंडिकेटर पर गहन समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग द्वारा कराए गए विभिन्न क्रियाकलापों एवं कार्यक्रमों की सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# धामपुर में बुल्डोजर के साथ पालिका प्रशासन की टीम सड़क पर उतरी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



धामपुर मिली जानकारी अनुसार अतिक्रमण की बनी समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन की टीम उत्तरी सड़कों पर प्रशासन की कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़काम लगी लोगों की भीड़ पूरा मामला बिजनौर के धामपुर का है जहां नगर में बढ़ते अतिक्रमण की समस्या के समाधान को लेकर मंगलवार को बुल्डोजर के साथ पालिका प्रशासन की टीम सड़क पर उतर ही गई। अतिक्रमण हो रहा है दुकानदारों में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई पालिका प्रशासन द्वारा पहले दिन पहाड़ी दरवाजा वाली मस्जिद से लेकर शेरकोट चुंगी तक सड़क के दोनों ओर हो रहे अतिक्रमण पर पीले पंजे ने अपना कहर बरपाया और अतिक्रमण की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया।

पालिका प्रशासन की इस कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में जबरदस्त हड़कम्प मच गया।प्रशासन द्वारा कहा गया के जिन दुकानदारों ने दुकानों के सामने अतिक्रमण कर रखा है वह स्वयं हटा ले अन्यथा प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी

# नोचंदी जुमेरात को दरगाहे आलिया जोगीपुरा में पहुंचे हजारों जायरीन

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**



जोगीरमपुरी/रायपुर सादात, 10,अक्टूबर विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा बिजनौर में नौचंदी जुमेरात को कल से ही दरगाह पर जायरीन का आना जाना जारी है,आज हजारों की तादाद में जायरीन ने मौला के रोजे पर हाजरी दी आफताबे शरियत मौलाना कलबे जवाद नकवी साहब वा जनाब अली जैदी (चेयरमैन शिया सेन्ट्रल वक़्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश) की निगरानी में दरगाह कमेटी ने जायरीन के ठहरने की पूरी व्यवस्था की हुई थी ।जायरीनो के लिये पानी व बिजली एवं साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था की गई जायरीन अपनी अपनी मन्नते मुरादें मांग रहे हैं मजलिस और मातम का सिलसिला लगातार चल रहा है रात में दुआ के बाद मजलिस हुई जिसकी निजामत नसिमुल हसन बाकरी ने की व मरसिया खानी के फरायज फिरोज हैदर नकवी ने अंजाम दिए पेश खानी,मीर सादिक सिरसीवी (मेम्बर दरगाह), शहंशाह बिजनौरी वा खुशतर सिरसिवी ने की मजलिस को मौलाना फिरोज रजा नकवी (उप सचिव दरगाह कमेटी) ने खिताब किया आप ने इस्लाम के बताये हुये रास्ते पर चलने की अपील की और मजलूँमों की हिमायत और जालिमों के सामने खड़े होकर मुकाबला करने को कहा। दरगाह इंतजामिया कमेटी के सचिव मौलाना कसीम अब्बास साहब ने हालाते हाजरा पर अपने ख्यालात का इजहार किया और दरगाह पर आने वाले सभी जायरीन का शुक्रिया अदा किया तथा काइदे मिल्लत मौलाना कल्बे जवाद साहब की सेहत सलामती की दुआ की इस मौके पर कमेटी सदस्य अता अब्बास , जहीरुल हसन,मीर सादिक, कमर अब्बास, फिरोज हैदर,मोहम्मद अब्बास, असद अब्बास,हुसैन मेहदी, मौलाना आबिद मेहदी,मौलाना अली गाजी, नईम अब्बास,मोहम्मद हैदर,आदि मौजूद रहे

# मदरसा फैजाने रजाये मुस्तफा में हुआ जलसा ए दस्तारबंदी

## हाफिज नईम अहमद बल्द शकील अहमद मलिक को मिली हाफिज ए कुरआन की उपाधि

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। मदरसा फैजाने रजाये मुस्तफा में हाफिज नईम अहमद बल्द शकील अहमद मलिक के हिफ्जे कुरआन मुकम्मल होने पर फातिहा ख्वानी का एहतमाम किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को दुनिया की तालीम के साथ-साथ कुरआन की तालीम दिलाने के लिए प्रेरित किया गया।

गुरुवार को आयोजित जलसे की शुरूआत मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी ने तिलावते कलाम पाक से की, नात शरीफ का नजराना कारी मो. तौफीक रजा ने पेश किया। मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी ने कहा आप अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर एवं साइंटिस्ट चाहे जो बनाएं, लेकिन उन्हें दीन की तालीम जरूर दिलाए ताकि वह पैगंबरे इस्लाम के द्वारा दी गई शिक्षा के तहत अपने काम को अंजाम दे सकें। आखिर में मदरसे के सदर इरशाद खान ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर मदररिस कारी मोहम्मद तोफीक रजा, हाफिज कमरुजजमा, हाफिज मजहर खान, हाफिज ज़ियाउल हसन, हाफिज मोनिस, हाफिज जीशान, हाफिज अब्दुल करीम, मास्टर अफसर, सदर इरशाद खान, शफी मो., शबबीर हुसैन, आरिफ हुसैन, मो. इसहाक, मो. मुबीन, अमीर अहमद, हाजी हबीब खॉ, हाजी अब्दुल जलील, हाजी रफीक खां, नन्हे मियां सेफी, मशहूद खॉ, सैय्यद चमन अली, यासीन वेग, मो. हुसैन, अब्दुल समद, मुशर्रफ हुसैन, अजहर, मो. फैज आदि मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नगला देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव व जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव व अधिकारियों ने नगला स्थित देवी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने देश व प्रदेश की तरक्की की कामना की।



केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि नवरात्रों में देवियों के नौ स्वरूपों को पूजा की जाती है। प्रत्येक स्वरूप का अपना महात्मय है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी स्वरूप माना गया है। उन्होंने कहा कि वह सौभाग्यशाली है कि नवरात्रों में नगला देवी मंदिर में उन्हें पूजा अर्चना करने का अवसर प्राप्त हुआ।

वही प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने नगला देवी मंदिर में पूजा कर प्रदेश के तरक्की की कामना की। उन्होंने कहा कि देवी के नौ स्वरूप है जिनमें प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंदघंटा, चौथी कुष्मांडा, पांचवी स्कंद माता, छठी कात्यानी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी एवं नवी सिद्धिदात्री हैं। सभी लोग बड़े आदर भाव से नवरात्रि मनाते हैं तथा दसवें दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा मनाया जाता है।

# बदायूं में 68 वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 का समापन

## माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने किया प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन


**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बदायूं। स्पोर्ट्स स्टेडियम बहेड़ी ( बदायूं ) में तीन दिवसीय 68 वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। तृतीय दिवस में प्रातः 7:00 बजे से बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी का आगमन हुआ। मंत्री जी के स्वागत में सिंग्लर गर्ल्स इंटर कॉलेज ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। केदार नाथ महिला इंटर कॉलेज बदायूं, राजाराम महिला इंटर कॉलेज बदायूं, ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ओवरऑल चैंपियनशिप बालक वर्ग में मदनलाल इंटर कॉलेज बिसौली एवं बालिका वर्ग में केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज बदायूं ने बाजी मारी। टीम चैंपियनशिप बालक सब जूनियर वर्ग में मुन्नालाल इंटर कॉलेज वजीरगंज, जूनियर वर्ग में मदनलाल इंटर कॉलेज बिसौली एवं सीनियर बर्ग में भी मदन लाल इंटर कॉलेज बिसौली रहा। टीम चैंपियनशिप बालिका सब जूनियर वर्ग में राजाराम महिला इंटर कॉलेज बदायूं, जूनियर वर्ग में केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज बदायूं एवं सीनियर वर्ग में राजाराम महिला इंटर कॉलेज बदायूं रहा। मंत्री जी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं उन्हें खेल के महत्व समझाए। उन्होंने बताया कि खेल केवल व्यक्ति में शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक नैतिक एवं चरित्र एवं भावनात्मक गुणों का विकास करते हैं। बदायूं भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं के समापन पर इंटर कॉलेज डॉ० नरेंद्र पाल सिंह ने प्रतियोगिताओं का सूक्ष्म पढकर सुनाया एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रधानाचार्य, शिक्षकों खेल अध्यापकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार सभी खेल शिक्षकों ऑफिशल्स, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार भेंट किए।

# टैंपों की टक्कर से बाइक सवार डीजे संचालक की मौत

**दैनिक समाज जागरण**



बहजोई। टैंपों की टक्कर से बाइक सवार डीजे संचालक युवक की बुधवार की रात उपचार को मुरादाबाद ले जाते समय मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने हादसे की जानकारी लेते हुए मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बुधवार की रात सवा नौ बजे करीब नगर के मोहल्ला कुरैशियान मदीना मस्जिद निवासी करीब 21 वर्षीय युवक मोहम्मद दानिश पुत्र शाहिद कलक्टेट के निकट संभल रोड रेलवे क्रासिंग के पास सड़क किनारे अपनी बाइक पर खड़ा था। तभी तेज गति से आ रहे एक टैंपों ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे दानिश घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। इस बीच चालक टैंपो छोड़कर मौके से भाग गया। आनन-फानन परिजन दानिश को निजी अस्पताल में उपचार को भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे संभल के लिए रेफर कर दिया गया। संभल के निजी अस्पताल में भी दानिश की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो, परिजन दानिश को मुरादाबाद ले जा रहे थे। मुरादाबाद जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उसे घर वापस ले आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मोहम्मद दानिश डीजे की दुकान चलाता था। बुधवार को किसी काम से संभल रोड पर गया था। तभी टैंपों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

# किसान देश का अन्नदाता है - विजय कुमार शुक्ला

## तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने किसानों को वितरित किया सरसों बीज का मिनी किट

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सरसों का बीज वितरण किया



गया। विभाग द्वारा विगत तीन दिनों में 290 किसानों को निशुल्क सरसों का बीज वितरण कराया जा चुका है।

कृषि सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने कृषि विभाग द्वारा मल्टीपरपज सीड स्टोर से 90 किसानों को सरसों मिनीकिट का निशुल्क बीज का वितरण किया। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। श्री शुक्ल ने कहा कि किसानों की आय दुगनी करने के लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसान अपना पंजीकरण अवश्य कर लें। विषय वस्तु विशेषज्ञ नेत्रपाल सिंह ने बताया पिछले 3 दिनों में विभाग की तरफ से 290 किसानों को निशुल्क सरसों के बीज का वितरण कराया जा चुका है।इस दौरान कृषि विभाग से नेत्रपाल सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ, ओमकार बीज गोदाम प्रभारी, शिव प्रताप पाराशरी, द्विजेंद्र कुमार पंकज, अवनीश कुमार, बृजेश आदि उपस्थित रहे।

# धर्मस्थल का बिना अनुमति के पुर्ननिर्माण कार्य पुलिस ने रुकवाया

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिसारू में गुरुवार को बिना अनुमति किए जा रहे धर्मस्थल का पुर्ननिर्माण को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और अनुमति की जानकारी ली। पुर्ननिर्माण की अनुमति न होने पर पुलिस ने काम रूकवा दिया। गांव बिसारू में पुराना एक छोटा सा मठ बना हुआ है। गांव के लोग उसमें पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। गुरुवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे करीब एक पक्ष के लोगों ने मंदिर का पुर्ननिर्माण कराए जाने को लेकर मठ को तोड़ने का काम करना शुरू कर दिया तो, दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। एक पक्ष के लोगों का कहना था कि वह अनुमति के आधार पर मठ के पुर्ननिर्माण कराने को काम कर रहे हैं, जबकि दूसरे पक्ष के लोगों का कहना था कि अवैध रूप से कब्जा किए जाने को लेकर मंदिर के पुर्ननिर्माण का काम बिना अनुमति किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि गांव में पहुंचकर मामले की जानकारी ली गई। मंदिर के पुर्ननिर्माण का काम कर रहे लोगों से अनुमति दिखाने को कहा गया, इस पर अनुमति नहीं दिखाई गई। फिलहाल मंदिर के पुर्ननिर्माण का काम रूकवा दिया गया है। मामले में जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लॉक स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**



चन्दौसी। विकास क्षेत्र बनिया खेड़ा के ग्राम गुमथल में ब्लॉक स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान नंदकिशोर द्वारा फीता काटकर व झंडी दिखाकर खेलों का शुभारंभ किया गया एवं पुरस्कार वितरण मंत्री प्रतिनिधि रामपाल सिंह एवं राजकुमार सिंह वरिष्ठभा.ज.पा.नेता द्वारा किया गया। खेलों में कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में जयरोई हयात नगर व बालिका वर्ग में मझावली विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में मोहम्मदपुर काशी व बालक वर्ग में मझावली विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में सराय सिकंदर व बालिका वर्ग में मौलागढ़ प्रथम स्थान पर रहा। उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में साकिब नगला पूर्वा व बालिका वर्ग में आफिया मोहम्मदपुर काशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में रितेश जयरोई हयातनगर व बालिका वर्ग में सृष्टि चण्डरौआ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में अमित मझावली व बालिका वर्ग में प्रीति दयौराखास में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी क्रीडा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने विद्यालयों का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर ,संकुल प्रभारी विवेक सक्सेना, हज्जू सिंह, उमेश यादव, हफीज, प्रेमपाल, शिशुपाल, डॉ. गौरव मिश्रा, भूदेव शंखधार, अमित शर्मा, अशोक पाठक, अमित कुमार, विजेंद्र यादव, प्रफुल्ल कुमार, अनुज कुमार, श्रद्धा शर्मा, रवि कुमार ,सुरती, अरविंद, जसवंत ,प्रेमपाल सिंह, पारुल शर्मा ,राजीव कुमार, मोहम्मद नाजिम, खुशाल सिंह ,रीना यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी द्वारा महिला को दी गई सिलाई मशीन

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी।साक्षी सेवा समिति संभल उत्तर प्रदेश की शाखा साक्षी एडवोकेट यूनिटी के तत्वधान में चंदौसी कचहरी परिसर में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत जनपद संभल की जिला जज कमलेश कुच्छ्ल , प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा एडवोकेट और समस्त यूनिटी सदस्यो द्वारा रेखा रानी नाम की महिला को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। जिसने अपनी मेहनत से सिलाई कढ़ाई करके अपने परिवार को संभालने में सहयोग किया। एडवोकेट यूनिटी ने ये निर्णय लिया है कि जिस महिला को आत्म निर्भर बनने के लिए सिलाई मशीन या अन्य किसी ऐसी सहायता की आवश्यकता होगी जिससे वो आत्म निर्भर बनकर सम्मान से अपना जीवन यापन कर सके।उसकी मदद की जाएगी। आज इस आत्म निर्भर महिला कार्यक्रम " जीने की आशा" का शुभारंभ जिला जज कमलेश कुच्छल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एड संजय शर्मा एड राजेश कुमार, एड विष्णु कुमार शर्मा, एड कविता सिंह, एड यज्ञदत्त शर्मा, एड सफिया कादिर,एड राहुल मिश्रा,एड आकाश श्रोत्रिया,एड अर्पित कुमार, एड मनीषा मोहन, एड नावेद पाशा, एड फिरोज आलम,अमरपाल मुंशी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मारपीट के आरोप में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा में घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी अख्तर हुसैन ने बताया कि 7 अक्तूबर की शाम वह अपने घर पर बैठा था। तभी गांव के ही कुछ लोग उसके घर के बाहर गाली-गलौच करने लगे। उसने घर का दरबाजा बंद कर लिया तो, गाली-गलौच कर रहे लोग घर का दरबाजा तोड़कर अंदर घुस आए और मारपीट की। चीखपुखार मचने पर आसपास के लोग बचाने आए तो, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव निवासी इमरान, सरफराज, सलमान व सुलेमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं गांव मंडनपुर निवासी महिला मीना ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि वह 8 अक्तूबर को दोपहर गांव के ही लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। इसके बाद वह पड़ौस के घर में घुस गई तो, आरोपियों ने पड़ौसी के घर में भी घुसकर उसके साथ मारपीट की। इससे उसके चोटें आईं हैं। सीओ ने बताया कि महिला की तहरीर पर गांव मंडनपुर निवासी खेमचंद, लालाराम, नन्ही व पूनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# माता सीता का पता लगाने पहुंचे हनुमान जी ने रावण की लंका जलाकर कर दी खाक

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। रामबाग धाम के मंच पर श्रीरामलीला नाट्य परिषद द्वारा रामलीला का आयोजन स्व0 रुक्मणी देवी एवं स्व0 सेठ महेंद्र पाल पंसारी की पावन स्मृति में उनके पुत्र सुरेश चंद्र गुप्ता, प्रकाश चंद्र गुप्ता के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। रामलीला में श्री राम (प्रतीक) और लक्ष्मण (दीपक) माता जानकी (शिवानी) को ढूंढते हुए किष्किंधा पर्वत की ओर बढ़ते हैं जहाँ सुग्रीव (उमंग) उन्हें शत्रु मानकर हनुमानजी (हीरालाल) को भेष बदलकर भेद लेने के लिए भेजते हैं। हनुमानजी उनसे आने का कारण जान लेते हैं और उन्हें अपने साथ सुग्रीव के पास ले जाते हैं। सुग्रीव भी अपनी व्यथा सुनाते हैं



और राम जी अपनी । दोनों एक दूसरे की सहायता करने का संकल्प लेते हैं। बाली (राज बिहारी) और सुग्रीव का युद्ध होता है जहाँ राम बाली का अंत कर देते हैं और सुग्रीव को राजा बना देते हैं। सुग्रीव अपने दल को सीता जी की खोज में चारों दिशाओं में भेज देते हैं। जहां सागर किनारे उन्हें जटायु मरणासन्न अवस्था में मिलता है और उन्हें बताता है कि सीता को रावण अपनी नगरी लंका ले गया है। हनुमानजी सागर पार करके लंका पहुचते हैं और वहाँ उनकी भेंट विभीषण (हर्षित) से होती है वो हनुमानजी को सीता तक पहुंचने का रास्ता बतलाते हैं। हनुमानजी की मुलाकात सीता जी से होती है रावण (गोविंद किशोर) के पुत्र मेघनाथ (गौरव) उनको दरबार में बांध कर ले आता है। जहाँ हनुमानजी की पूंछ में आग लगा दी जाती है। और हनुमानजी कूद कूद कर सारी लंका को आग लगा देते हैं और सारी सोने की लंका जलकर खाक हो जाती है। श्रीरामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी यजमानों का माला, पटका, पगड़ी, पहना कर सम्मान किया गया। और एक श्री राम जी की प्रतिमा उपहार स्वरूप भेट की गई। इस दौरान प्रधान गिरराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, धीरेन्द्र कुमार, अमित श्याम, संजीव वार्ष्णेय, कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, किशनपाल, प्रियंक, कृष्णा, सुरेंद्र, प्रवर, आर्यन, रीतिक, उमंग, सुरेंद, कृतिका, दिव्या, पारुल, सोनू, शिवानी, मुकुल शर्मा और दिव्यांशु नारायण आदि कलाकार और पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच का संचालन अमित अप्पू ने किया।

14-4-2024:Layout 1 10/11/2024 5:03 AM Page 14



# जेएस विश्वविद्यालय में फैकल्टी नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम हुआ संपन्न

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**




शिकोहाबाद। जेएस विश्वविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को फैकल्टी नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर राजेश मिश्रा फैकल्टी आईबीएस गुरुग्राम ने डाटा एनालेसिस यूजिंग एक्सल के बारे में जानकारी दी। प्रोफेसर ने अपने अनुभव से विश्वविद्यालय के आचार्यगणों के लिए शोध में प्रयोग होने वाले एक्सल और एसपीएसएस टूल के बारे में अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक जानकारी दी। विश्वविद्यालय के लगभग 260 छात्र.छात्राओं एवं 110 आचार्यगणों ने इसमें सहभागिता की। व्याख्यान के समय पर विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉक्टर गौरव यादव ने डॉक्टर राजेश मिश्रा का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक के तौर पर डॉ.गौरव कुमार गुप्ता अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय ,डॉ अखिलेश उपाध्याय अधिष्ठाता अकादमिक, डॉ.नितेश सक्सेना, डॉ.नवीन यादव,डॉ. इश्तियाक खान,डॉ.प्रवेंद्र यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉक्टर सुकेश कुमार,प्रतिकुलाधिपति डॉ.पीएस यादव,कुलपति डॉ.बीपी अग्रवाल एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ.गीता यादव,मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक कुमार,मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.हिमांशु यादव और डॉ. शुभम यादव आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**



शिकोहाबाद। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में भी मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें छात्राओं को विभिन्न हैल्पलाइन नंबरों के साथ ही अन्य सुरक्षा से संबंधित विन्दुओं के बारे में जानकारी दी।

विद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीता यादवेन्दु के संरक्षण में रेंजर्स प्रभारी जिला गाइड कमिश्नर असि. प्रो.दर्शना कुमारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.नम्रता प्रसाद के निर्देशन में महिला मिशन शक्ति कार्यक्रम हुआ। जिसमें सबइंस्पेक्टर मोहित कुमार ने वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बूलेन्स सेवा 108 के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर क्राइम, डिजिटल क्राइम से छात्राओं को अवगत कराया। जो उनके जीवन के लिए अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्रो. शशिप्रभा तोमर, प्रो. सीमारानी जैन, डॉ.सीमारानी, डॉ.नीलम,ब्यूटी सिंह, पूजा राजपूत, पल्लवी पांडेय, डॉ.मोनिका सिंह, डॉ. ममता भारद्वाज, पिंकी एवं थाना शिकोहाबाद टीम में एएसआई मधुबाला, एकता, प्रीति सिंह और कोन्सटेबिल अमन अवस्थी उपस्थित रहे।

# विस्फोटक की सूचना पर टूंडला में तीन घंटे रोकी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस

**दैनिक समाज जागरण**

टूंडला। टूंडला रेलवे स्टेशन पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में विस्फोटक के साथ आतंकियों की सूचना से रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। रेलवे अधिकारी




सूचना पर अलर्ट हो गए। इस गाड़ी को टूंडला रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को रोकने के बाद विस्फोटक और आतंकियों को लेकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तीन घंटे तक ट्रेन के पहिये थमे रहे। जांच में हाथ कुछ भी नहीं लगा। जांच में पता चला कि एक्स से मिली जानकारी झूठी थी।

बताते चलें जांच के लिए ट्रेन को गुरुवार की आधी रात 2.30 बजे टूंडला में रोका गया था। इसके बाद गातार जांच के बाद गुरुवार की सुबह 6 बजे रवाना कर दिया। प्रयागराज रेल डिवीजन के रेलवे अधिकारी की मानें तो कोच के सभी यात्रियों को जगाने के बाद जांच की गई थी। यात्रियों के साथ साथ उनके सामान की भी मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड से जांच कराई गई थी। सूचना यह भी थी कि इस विस्फोटक को आतंकवादी एयर इंडिया की दिल्ली-लेह फ्लाइट में रखने जा रहे हैं।

# प्रसव के उपरांत महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा: प्राइवेट अस्पताल में तीन दिन पहले कराया गया था भर्ती

## सिटी हॉस्पिटल में प्राइवेट में महिला की हुई मौत परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**






फिरोजाबाद। गुरुवार को गर्भवती महिला की प्रसव के उपरांत मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। हंगामा होते देख डाक्टर मौके से फरार हो गए। वहीं, पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी।

मैनपुरी के बरनाहल निवासी 20 वर्षीय वंदना की शादी डेढ़ साल पहले फिरोजाबाद के प्रताप नगर सेलई निवासी रूपेश के साथ हुई थी। शादी के बाद पहली बार गर्भवती हुई वंदना को प्रसव के लिए परिजन तीन दिन पहले थाना रसूलपुर क्षेत्र के सिटी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसे भर्ती कराया गया। प्रसव होने के बाद महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया लेकिन उसके बाद से ही उसकी तबियत बिगड़ गई। गुरुवार को अधिक खून बह जाने के कारण महिला की मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होता देख पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन जब तक डाक्टर मौके से फरार हो गए। हंगामा कर रहे परिजनों को पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों का कहना है कि डाक्टरों की लापरवाही की वजह से वंदना की जान गई है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्वस्थ खुशहाल समाज की दिशा में जरूरी कदम: डॉ0 रविन्द्र यादव।

## बृहद मानसिक शिविर में 672 मरीजों का हुआ इलाज।

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पीएचसी हरहुआ पर बृहद मानसिक रोग शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें मरीजों की जांच व इलाज किया गया।

शिविर का शुभारंभ करते हुए नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ0 रविन्द्र कुमार यादव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्वस्थ खुशहाल समाज की दिशा में एक जरुरी कदम है।

ज्वाइंट बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन सोच,भावना और व्यवहार को प्रभावित कर कार्य क्षमता,रिश्तों ,जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने अतिथियों का सम्मान के पश्चात कहा कि 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' एक मौलिक मानव अधिकार पर जोर देती है हर किसी को हर जगह स्वास्थ्य सेवा का समय से लाभ दिया जाना हमारी प्राथमिकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान हरहुआ अनवर उर्फ 'अन्नू' ने सभी लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भागदौड़ की जिंदगी में मानसिक बीमारी दिन प्रतिदिन पाँव पसार रही है।स्वस्थ समाज निर्माण मे चिकित्सक सेवा की भावना से दायित्व पूरा करते हुए सबके प्रिय बनें।

पीएचसी प्रभारी के अनुसार कुल 672 मरीजों को देखा गया जिसमें 25 मरीजो को मेंटल हॉस्पिटल रेफर ,52 मरीजों की काउंसिलिंग शेष 595 सामान्य मरीजों की जाँच कर निःशुल्क दवाएं दी गई।

बृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से डॉ0 रविंद्र कुमार यादव नैदानिक मनोवैज्ञानिक , ईरा त्रिपाठी काउंसलर, डॉ0 सौरभ प्रताप सिंह, पीएचसी हरहुआ के नोडल डॉ0 पीयूष राय, डॉ0 नंदआसरे, डॉ0मनु चतुर्वेदी, डॉ0 मनीष श्रीवास्तव, डॉ0 राजकुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता, एआरओ श्रीनाथ यादव, बीपीएम बसंत लाल श्रीवास्तव, बीसीपीएम संगीता, मुख्य फार्मासिस्ट इम्तियाज अहमद सिद्दीकी, फार्मासिस्ट राकेश कुमार, कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह,विद्या प्रकाश दुबे स्टाफ नर्स अंजना सिंह ,रोजमेरी बोथा, संजू यादव, ईदू मौर्या, तथा क्षेत्रीय समस्त एएनएम तथा क्षेत्रीय आशा व आशा संगिनी सहित प्रशिक्षु एएनएम ने सहयोग प्रदान किया।

धन्यवाद तथा आभार प्रकट प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने किया।

# दबंग दरोगा का फुटेज वायरल होने पर पुलिस कमिश्नर ने दिया जांच का आदेश

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । पुलिस कमिश्नर ने फूलपुर बाजार में थाने पर तैनात दरोगा अनिल यादव के खिलाफ दो व्यक्तियो को थप्पड़ मारने की घटना को संज्ञान में लेते हुए जांच का आदेश दे दिया है ।

बताते चले कि गत दिनों फूलपुर थाने पर तैनात दरोगा अनिल यादव के कार को फुलपुर तिराहे एक पिकअप से खरोच लगने पर चालक व वाहन स्वामी को थप्पड़ मारने की घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने पर व सपा नेता गुड्डू राजभर द्वारा उच्चाधिकारियों को ट्वीट करने पर पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान में लेते हुए डीसीपी गोमती जोन को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। बताते है कि उक्त घटना की फुटेज देने वाले व्यापारी व ट्वीट करने वाले नेता को भी दरोगा ने नही बक्शा। जिसको लेकर व्यापार मंडल फूलपुर के व्यापारियों ने फुलपुर थाने पर हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की थी

# स्वास्थ्य टीम हरहुआ ने अतिकुपोषित दो बच्चों को एनआरसी में कराया भर्ती।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय विकास खंड के पीएचसी हरहुआ अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की स्वास्थ्य टीम नोडल मेडिकल ऑफिसर डॉ0 अब्दुल जावेद के पिसौर गाँव का भ्रमण किया।जहाँ एक ही परिवार के दो बच्चे अति कुपोषित मिले। बच्चों के परिजनों को विश्वास में लेकर उन्हें




केंद्र पं0 दीनदयाल हॉस्पिटल पोषण पुनर्वास केंद्र मे भर्ती कराया।

डॉ0 जावेद के अनुसार एक बच्चा अनुज जो 8 महीने का है जिसका वजन मात्र 2किलो 700 ग्राम मिला। जबकि अनुज का वजन 8 किलो 200 ग्राम से उपर होना चाहिए। वहीं दूसरा बच्चा अनुज का भाई अनुराग है। अनुराग की उम्र, 2 साल और वजन 6 किलो 800 ग्राम है जबकि अनुराग का वजन 12किलो 200 ग्राम से उपर होना चाहिए। बच्चे के माँ का नाम पूनम है। बच्चों को भर्ती कराने मे नोडल अधिकारी डॉ0 ए0 जावेद के साथ डॉ0 अरविंद कुमार और विनोद कुमार मौर्य शामिल रहे।

# बालिकाओं को निर्भीक, निडर बनाकर सशक्तिकरण का दायित्व पूरा किया जाएगा।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना व मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत 02 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 10 दिवसीय समारोह के माध्यम से विशेष गतिविधि का आयोजन आज 09अक्टूबर को हरहुआ ब्लाक के बेलवरिया ग्राम पंचायत में प्रधान अशोक कुमार पटेल के नेतृत्व व एक्शन एड एसोसियेशन के बैनर तले पंचायत भवन पर बालिका जागरूकता व सशक्तिकरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

पॉक्सो अधिनियम , महिला हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओ के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ हरहुआ दीनदयाल व विशिष्ट अतिथि ज्वाइंट बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा रहे। मुख्य वक्ता वन स्टॉप सेंटर की प्रबन्धक रश्मि दुबे रही। जिन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर के कार्य व महिलाओ को मिलने वाली सुविधाओं से महिलाओ को अवगत कराया।

चाईल्ड लाइन 1098, वीमेन पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नम्बर पर विस्तार से चर्चा किया। एस.आई.शिल्पी पाण्डेय ने पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हिंसा , महिलाओ के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 , शक्ति मोबाइल,महिला हेल्प डेस्क , महिला साईबर सेल, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र और महिला अपराधो पर त्वरित कार्यवाई पर चर्चा किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ हरहुआ दीनदयाल ने कहा कि आजकी बालिका कल की भविष्य महिला होगी जिससे समाज के उत्थान की जिम्मेदारी निभानी है। विशिष्ट अतिथि वी0पी0 वर्मा ने कहा कि आज बदलते परिवेश में जागरूकता जरूरी है ताकि अपनीसुरक्षा ,अधिकार ,दायित्वबोध की समझ महिला समाज में बढ़े।

संचालन एक्शन एड एसोसियेशन के जिला समन्वयक सुनील कुमार ने किया। ग्राम प्रधान अशोक कुमार पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिलाओ को और सशक्त करने की योजना बनी है। हम नारी शक्ति की ताकत , साहस और दृणता की सराहना करते है और महिलाओ को पहले से भी ज्यादा सशक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में बालिकाओं /महिलाओ को योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मिशन शक्ति, राष्ट्रीय पोषण मिशन , रानी लक्ष्मीबाई बाल एव महिला सम्मान कोष की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का समापन निम्न नारे के साथ किया गया - 'बेटियां है देश की शान' उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य का रखे पूरा ध्यान।' , 'चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो।'के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पत्नी सुनीता पटेल, ग्राम सचिव संजय यादव, केस वर्कर प्रियंका तिवारी, चंचला सिंह, महिला कांस्टेबल किरण यादव , पंचायत सहायक रागिनी यादव,ओ एस सी की क्लर्क श्वेता राय , आरती पटेल,इंदोश,अंजली पटेल, कविता, हासिया बेगम, नंदनी,मालती सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किसानों को बताये गये पराली प्रबंधन के उपाय

## कृषि विशेषज्ञो की सलाह- खेतों में फसल अवशेष न जलाएं किसान

**समाज जागरण अतुल सोनी**

वाराणसी - फसलों की कटाई के उपरांत खेतों में फसल अवशेष जलाना घातक हो सकता है। खेतों में फसल अवशेषों को जलाने से उनके जड़,तना,पत्तियों में संचित लाभदायक पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं।इतना ही नहीं बल्कि मिट्टी में मौजूद लाभदायक व मित्र कीट भी आग में जलकर नष्ट हो जाते हैं जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।उक्त जानकारी बृहस्पतिवार को क्षेत्र के ढाका स्थित गौरी शंकर महादेव मंदिर परिसर में पराली प्रबंधन पर कृषि विभाग द्वारा आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय जागरूकता गोष्ठी में बीटीएम देवमणि त्रिपाठी ने किसानों को दी। उन्होंने किसानों को खेतों में फसल अवशेषों को न जलाने की सलाह देते हुए डिकम्पोजर का प्रयोग करके फसल अवशेषों को सड़ाकर कम्पोस्ट खाद बनाने की सलाह दी।

- जागरूकता रैली में लिया खेतों में पराली न जलाने का संकल्प- - उप कृषि निदेशक अखिलेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार "प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत" पराली प्रबंधन पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व ढाका गांव में पराली प्रबंधन पर आधारित जागरूकता रैली निकाली गयी जिसमें गांव के किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए खेतों में फसल अवशेष न जलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुमन देवी ने की।इस दौरान विनोद निषाद, शिवशंकर, बबिता, साधूराम, बुधना,अजगुत राम सहित भारी किसान उपस्थित रहे।

# बीएचयू में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




वाराणसी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के मनोरोग विभाग ने आज "कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय है" थीम के साथ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया।

कार्यक्रम की शुरूआत बीएचयू के जनक पं मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ जिसमें सतीश मिश्रा के टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।

इस कार्यक्रम का आयोजन मनोरोग विभाग के प्रोफेसर अच्युत कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और संतुलित पेशेवर जीवन की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर आई एम एस, बी एच यू के निदेशक प्रो. एस. एन. शंखवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए एक प्रभावशाली भाषण दिया। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध कर्मचारियों की उत्पादकता और संतुष्टि से है। कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य क्षेत्रों के निवासी और संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

आई एम एस के डीन, प्रो. अशोक कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का जीवन के हर पहलू पर गहरा प्रभाव पड़ता है उन्होंने यह भी जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि संस्थानों और संगठनों के लिए भी प्राथमिकता होनी चाहिए।ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी, प्रो. सौरभ सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य पर आघात के गहरे प्रभाव और कार्यस्थल के तनाव से आघात की गंभीरता में वृद्धि के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सहायक कार्यस्थल वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में मनोरोग के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के वक्तव्य भी शामिल थे जिन्होंने कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।मनोरोग विभाग के प्रो. अच्युत कुमार पांडेय ने निवासियों पर कार्यस्थल के तनाव के बोझ पर बात की जिसमें उन्होंने चिकित्सा पेशेवरों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों और तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए संस्थागत समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. मोना श्रीवास्तव ने काम और निजी जीवन के संतुलन के महत्व पर चर्चा की और इसे प्राप्त करने की रणनीतियाँ दीं। उन्होंने कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए डब्लू एच ओ के दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया।

मनोरोग विभाग के प्रमुख, प्रो. जे. एस. यादव ने तनाव प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच स्पष्ट सीमाओं को बनाए रखने की वकालत की। उन्होंने व्यक्तिगत समय के दौरान काम से संबंधित कार्यों और बातचीत से बचने पर जोर दिया ताकि मानसिक संतुलन बनाए रखा जा सके।

प्रो. संजय गुप्ता ने सकारात्मक कर्मचारी संबंधों और बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि ये भावनात्मक स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कार्यस्थल की गतिशीलता की मानसिक स्वास्थ्य में भूमिका पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ राजेश मीना, डॉ कविता मीना,प्रो. अमित द्विवेदी, प्रो. टी वी सिंह,डॉ पंकज सुरेका,डॉ पंकज गुप्ता, डॉ प्रभाकर,डॉ अजीत परिहार,डॉ अक्षय कदम, विनीता, आकांक्षा,विकास तिवारी सहित विभाग के अन्य डॉक्टर एवं सहयोगी मौजूद रहे।

पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रो. अच्युत कुमार पांडेय ने किया।

# सपा संस्थापक की मनाई पुण्यतिथि, लिया संकल्प

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**



कठिराव में सपा संस्थापक की पुण्यतिथि मनाते कार्यकर्ता।

बाबतपुर,वाराणसी । समाजवादी पार्टी के पार्टी पदाधिकारियों ने सपा सुप्रीमो रहे व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के द्वितीय पुण्यतिथि पर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए।

कठिराव स्थित कैम्प कार्यालय में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की पूर्व ।मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव नंदलाल जायसवाल ने कहाकि नेताजी सचमुच में गरीबों के मसीहा थे ।उनकी सोच बहुत ही उच्च स्तर की थी उस पर हम लोग चलेंगे। अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम यादव व संचालन भुवाल चन्द्र प्रजापति ने किया। इस दौरान पूर्व विस अध्यक्ष उदल सिंह पटेल, अब्दुल रशीद , लक्ष्मी शंकर पटेल ,चंद्रबली गुप्ता ,प्रदीप यादव ,बुद्धू शर्मा, जितेंद्र जायसवाल, मनीष जायसवाल , लाल बहादुर यादव व अयोध्या प्रसाद पटेल ने किया।

दूसरी तरह पिंडरा में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के द्वितीय पुण्यतिथि पर प्रदेश के सचिव कमलेश पटेल ने उनके राजनीतिक सामाजिक योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि नेताजी ने समाजवाद को एक नई ऊंचाई दिया जिससे कि समाज के वंचित लोगों को सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में अधिकार मिला।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 18 अक्टूबर को सावित्री लान पिंडरा में बूथ व सेक्टर समीक्षा के साथ नवनिर्वाचित सांसद प्रिया सरोज का स्वागत किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव व संचालन विधानसभा महासचिव अवधेश पटेल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर बंसलाल पटेल, राजेंद्र पटेल ,फूलचंद यादव, डॉक्टर विनोद भास्कर, प्रेम कुमारी , कुर्बान अली , सुरेंद्र पटेल , मालती पटेल, छेदी मौर्य देबी मौर्य मोहम्मद जियाउल्लाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# फास्ट फूड की दुकान में उतरा करंट, झुलसकर युवक की मौत

**समाज जागरणसंवाददाता ओंकार**




दानगंज /दानगंज चौकी क्षेत्र के स्थानीय बाजार में फास्ट फूड पर काम करने वाले कर्मचारी की गुरुवार दोपहर विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोलापुर क्षेत्र के रसड़ा ग्राम निवासी सतीश बेनबंसी उर्फ आकाश (25) पुत्र राजनाथ दानगंज बाजार निवासी गोपाल गुप्ता नामक युवक द्वारा संचालित गोपाल फास्ट फूड नामक दुकान पर लंबे समय से कार्यरत था। उक्त दुकान के बाहरी हिस्से में पाइप लोहे की जाली का उपयोग करके फास्ट फूड सामान निर्माण हेतु सिलेंडर चूल्हा आदि रखा हुआ था। गुरुवार दोपहर उक्त लोहे की जाल से गुजरे हुए विद्युत तार के कटे होने के कारण उसमें करंट उतर गया। करंट की चपेट में आने के कारण आकाश झुलस गया। आनन फानन में स्थानीय लोग उसे चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाईयों में बड़ा था तथा दो बहनें है। घटना से मृतक सतीश के माता सरिता देवी व भाई आशीष कुमार समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फर्जी चेक देने वाले के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई

**समाज जागरण संवाददाता ओंकार**

दानगंज/दानगंज चौकी क्षेत्र के ढेरही (लखनपुर) ग्राम निवासी फर्जी चेक देने के आरोपी के विरुद्ध दानगंज चौकी प्रभारी आदित्य सेन सिंह ने गुरुवार को कुर्की की कार्रवाई की। चौकी प्रभारी दानगंज आदित्य सेन ने बताया कि धारा 138 के अभियुक्त ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र लालजी गुप्ता ने रूपक चौबे नामक व्यक्ति को फर्जी चेक दिया था, चेक बाउंस होने बात भुक्तभोगी ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया, मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी



घर छोड़कर फरार हो गया। न्यायालय द्वारा प्रदत्त धारा 82 की नोटिस गुरुवार को आरोपी के ढेरही स्थित घर पर चस्पा की गई तथा परिवार में मौजूद अन्य लोगों को चेतावनी दी गई कि यदि न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करेंगे तो न्यायालय के आदेश पर अग्रिम 83 (कुर्की) की कार्रवाई भी की जाएगी।